1) पर्यावरण प्रदुषण – विज्ञान की देने ।
2) प्रदुषण – गभी चुनौती ।
3) पर्यावरण संरक्षण – प्रदूषण नियन्त्रण
4) इंटरनेट – ज्ञान भण्डार का द्वार
5) इंटरनेट – लाभ और हानि

पत्र लेखन

प्रश्न–1 जिला शिक्षा अधिकारी बीकानेर की ओर से सचिव,माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर की राजकीय उ,मा,विद्यालय,लालगढा, में बोर्ड परीक्षा केन्द्र की स्वीकृती हेतु कार्यालयी पत्र लिखिए।

प्रश्न–2 कार्यालय शिक्षा निदेशक राजस्थान की ओर से राज्य के समस्त जिला शिक्षा

अधिकारियों के नाम एक परिपत्र का प्रारूप बनाए जिसमें योगासन और प्रणायाम को विद्यालयों में दिनिकचर्या का अंग बनाए जाने का उल्लेख हो।

प्रश्न–3 निम्न प्रश्नों के उत्तर 40–50 शब्दों में दीजिए ।

अ) "पराधीन सपने हूँ, सुख नाहि। "
ब) संतोषी सदा सुखी ।

अंतराल भाग–2

पाठ–1 : सूरदास की झोंपड़ी (प्रेमचन्द)

पाठ सारांशः

सूरदास की झोपड़ी प्रेमचंद के उपन्यास रंगभूमि का एक अंश है । एक दृष्टिहीन व्यक्ति जितना बेबस और लाचार जीवन जीने का अभिशप्त होता है सुरदास का चरित्र ठीक इसके विपरीत है। सुरदास अपनी परिस्थितियों से जितना दुखी व आहत है उससे कहीं अधिक आहत है भैरों और जगधर द्वारा किए जा रहे अपमान से, उनकी ईर्ष्या से ।

प्रश्न–1 सुरदास की झोंपड़ी में आग लगाई थी।

अ) जगधर ने ब) भैरो ने स) मिठुआ ने द) सुभागी ने ( )

प्रश्न–2 भैरों ने सूरदास की झौंपड़ी क्यों जलाई?

प्रश्न–3 जगधर के मन में किस तरह का ईर्ष्या–भाव जगा और क्यों?

प्रश्न–4 सुरदास जगधर से अपनी आर्थक हानि को गुप्त क्यों रखना चाहता था?

प्रश्न–1 ”चूल्हा ठंडा किया होता, तो दुश्मनों का कलेजा कैसे ठंडा होता ? इस कथन के आधार पर सूरदास की मनःस्थिति का वर्णन कीजिए ।

प्रश्न–2 सूरदास की झोंपड़ी में आग लगाने से भैंरो के मन की कौनसी आग ठंडी हो गई थी ?

प्रश्न–3 ’तो हम सौ लाख बार मनाऐंगे‘–इस कथन के सन्दर्भ में सूरदास के चरित्र का विवेचन कीजिए ।

प्रश्न–4 सूरदास जगधर से अपनी आर्थिक हानि को गुप्त क्यों रखना चाहते थे?

प्रश्न–5 भैंरों ने सूरदास की झोपड़ी को क्यों जलाया?

प्रश्न–6 ‘सूरदास की झोपड़ी‘ पाठ का क्या संदेश है?

प्रश्न–7 प्रेमचन्द ने ”झोंपड़ी की आग” की तुलना किससे की है?

अध्याय –2
बिस्कोहर की माटी (विश्वनाथ त्रिपाठी)
पाठ सारांशः

गाँव शहर की तरह सुविधायुक्त नहीं होते, बल्कि प्रकृति पर अधिक निर्भर रहते है। इस निर्भरता का दुसरा पक्ष प्राकृति सौंदर्य भी है जिसे लेखक ने बड़े मनोयोग से जिया और प्रस्तुत किया है।

प्रश्न–1 ”मिस्कोहर की माटी” पाठ के लेखक है–
अ) संजीव बालियान ब) जैनेन्द्र स) राकेश मोहन द) विश्वनाथ त्रिपाठी ( )

प्रश्न–2 कोईयाँ किसे कहते है? उसकी विशेषताएँ बताइये।

प्रश्न–3 बिसनाथ पर क्या अत्याचार हो गया?

प्रश्न–4 हरसिंगार के बारें में लेखक ने क्या बताया है?

प्रश्न–1 “जड़ चेतन में रूपांतरित होकर क्या–क्या अन्तब्राह्‌ गढ़ता है लीलाचारी होता है”। आशय स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न–2 ‘पशु माताएँ भी यह सुख देती–पाती होगी और पक्षी ‘अंडज‘ लेखक ने यहाँ किस सुख का उल्लेख किया है?

प्रश्न–3 ‘भसीण‘ क्या है? इसका क्या उपयोग हैं?

प्रश्न–4 ”फूल केवल हीं नहीं देते, दवा भी करते हैं? कैसे

प्रश्न–5 ”प्रकृति सजीव नारी बन गई है।” इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

पाठ–3 :

अपना मालवा खाऊ उजांडू सभ्यता में (प्रभाष जोशी)

पाठ सारांशः

इस पाठ में लेखक ने मालवा प्रदेश की मिट्टी, वर्षा, नदियों की स्थिति, उद्गम एवं विस्तार तथा वहाँ के जनजीवन एवं संस्कृति को चित्रित किया है। इस पाठ के माध्यम स`लेखक ने पर्यावरणीय सरोकारों को आम जनता से जोड़ दिया है तथा पर्यावरण के प्रति लोगों को सचेत किया है।

प्रश्न–1 चंचल नदी का उद्गम स्थन है–

अ) केबडेश्वर ब) विंध्या के जनापाव पर्वत

स) शिवालिक की पहाड़िया द) नर्मदेश्वर ( )

प्रश्न–2 अब मालवा में वैसा पानी नहीं गिरता जैसा गिरा करता था। उसके क्या कारण है?

प्रश्न–3 शिप्रा नदी के संबंध में लेखक ने क्या कहा?

प्रश्न–4 नागदा से उज्जेन तक की लेखक की यात्रा कैसी रही?

(1) नदियों की सभ्यता को किस प्रकार जन्म दिया है?

(2) लेखक ने चम्बल के बारें में क्या बताया हैं?

(3) लेखक ने वर्तमान सभ्यता को खाऊ–उजाडू सभ्यता क्यों कहाँ है?

(4) आज विकास की योजना बनाने वाले योजनाकारों तथा इंजीनियरों के कार्यो का क्या दुष्परिणाम हुआ है?

प्रश्न–5 हमारी आज की सभ्यता इन नदियों को अपने गन्दे नाले बना रही हैं। कैसे, समझाइये?

उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर एवं **CWSN** प्रथम वर्ग)

परीक्षा– 2023–24

पाठ्यक्रम, मॉडल प्रश्न पत्र एवं प्रश्न बैंक

कक्षा–12

विषय : हिन्दी (अनिवार्य)

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा अधिकृत प्रश्न बैंक

2023–24

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

पाठ्यक्रम परीक्षा–2023–24
कक्षा–12
विषय– अनिवार्य हिन्दी

इस विषय की परीक्षा योजना निम्नानुसार है–				
प्रश्नपत्र	समय(घंटे)	प्रश्नपत्र के लिए अंक	सत्रांक	पूर्णांक
एक	4:15	80	20	100

अधिगम क्षेत्र	**अंक**
अपठित बोध	**16**
रचनात्मक लेखन /व्याकरण	**16**
पठित बोध	**08**
पाठ्यपुस्तक : आरोह (भाग–2)	**30**
पाठ्यपुस्तक : वितान (भाग–2)	**10**

1.	**अपठित बोधः**	**16**
	(क) अपठित गद्यांश (अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न) (4 प्रश्न x 2 अंक)	08
	(ख) अपठित पद्यांश (अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न) (4 प्रश्न x 2 अंक)	08
2.	**पठित बोध :**	**08**
	(क) पठित गद्यांश (अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न) (4 प्रश्न x1 अंक)	04
	(ख) पठित पद्यांश (अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न) (4 प्रश्न x1 अंक)	04
3.	**रचनात्मक लेखन/व्याकरण**	**16**
	(क) निबंध लेखन (4 विकल्प सहित)	05
	(ख) प्रार्थना पत्र/पत्र (विकल्प सहित)	05
	(ग) प्रतिवेदन (विकल्प सहित)	04
	(घ) पारिभाषिक शब्दावली	02
4.	**पाठ्यपुस्तक : आरोह (भाग–2)**	**30**
	(क) वस्तुनिष्ठ प्रश्न (5 प्रश्न गद्य से 5 प्रश्न पद्य से) (10 प्रश्न x1 अंक)	10
	(ख) अति लघूत्तरात्मक प्रश्न (2 प्रश्न गद्य से 2 प्रश्न पद्य से) (4 प्रश्न x1 अंक)	04
	(ग) लघूत्तरात्मक प्रश्न (1 प्रश्न गद्य से 1 प्रश्न पद्य से विकल्प सहित) (2 प्रश्न x 4 अंक)	08
	(घ) निबंधात्मक प्रश्न (1 प्रश्न विकल्प सहित गद्य/पद्य सहित) (1 प्रश्न x5 अंक)	05
	(ङ) कवि/लेखक परिचय (विकल्प सहित) (1 प्रश्न x3 अंक)	03
5.	**पूरकपाठ्यपुस्तक : वितान (भाग–2)**	**10**
	(क) अति लघूत्तरात्मक प्रश्न (6 प्रश्न x1 अंक)	06
	(ख) लघूत्तरात्मक प्रश्न (विकल्प सहित) (1 प्रश्न x4 अंक)	04

मॉडल प्रश्न पत्र 2023–24

कक्षा–12

विषय– हिन्दी अनिवार्य

समय 4.15 घंटे **पूर्णांक 80**

1. परीक्षार्थी अपने प्रवेशपत्र पर नामांकन अवश्य लिखे।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है उन सभी के उत्तर एक साथ लिखें।

खण्ड–1

दिये गये बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर कॉपी में लिखिए– 10

1. आलोक धन्वा की पहली कविता कौनसी है ?

   (अ) भागी हुई लड़कियाँ (ब) जनता का आदमी

   (स) केदारनाथ अग्रवाल (द) दुनिया रोज बनती है ( )

2. ''बात सीधी थी पर'' कविता कुँवर नारायण के किस काव्य संग्रह से ली गई है ?

   (अ) चक्रव्यूह (ब) कोई दूसरा नहीं

   (स) हम तुम (द) इन दिनों ( )

3. रामचरित मानस कौनसी भाषा में लिखा गया ग्रंथ है?

   (अ) डिंगल (ब) अवधी

   (स) पिंगल (द) संस्कृत ( )

4. 'छोटा मेरा खेत' किस कवि की कविता है?

   (अ) शमशेर बहादुर सिंह (ब) आलोक धन्वा

   (स) उमाशंकर जोशी (द) फिराक ( )

5. भक्तिन पाठ महादेवी वर्मा के किस संग्रह से लिया गया है ?

   (अ) अतीत के चलचित्र (ब) स्मृति की रेखाएं

   (स) पथ के साथी (द) मेरा परिवार ( )

6. जैनेंद्र कुमार की रचना 'पाजेब' किस विधा की है ?

   (अ) कहानी संग्रह (ब) निबंध

   (स) उपन्यास (द) काव्य रचना ( )

7. धर्मवीर भारती द्वारा किस पत्रिका का संपादन किया गया ?

   (अ) मतवाला (ब) समन्वय

   (स) धर्मयुग (द) इनमें से कोई नहीं ( )

8. लुट्टन पहलवान का पालन–पोषण किसके द्वारा किया गया?

(अ) माँ द्वारा (ब) चाँद सिंह

(स) गजसिंह (द) सास द्वारा ( )

9 निम्न में से कौनसी रचना हजारी प्रसाद द्विवेदी की है ?

(अ) चिंतामणि (ब) हिंदी साहित्य की भूमिका

(स) मिश्र बंधु विनोद (द) इनमें से कोई नहीं ( )

10. हरिवंश राय बच्चन की आत्मकथा निम्नलिखित में से कौनसी है?

(अ) क्या भूलूँ क्या याद करूँ (ब) हैमलेट

(स) मैक वैथ (द) मधुशाला ( )

दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में अपनी कॉपी में लिखो– (प्र.सं. 11 से 20 तक प्रत्येक 1 अंक)10

11. उषा कविता में 'नीला जल' उपमान द्वारा कवि किसे चित्रित करता है ?
12. 'बादल राग' कविता में 'पंक और अ्टालिका' किसके प्रतीक है ?
13. भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था ?
14. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी के अनुसार समाज को कैसा होना चाहिए ?
15. 'यशोधर बाबू' की शादी की कौनसी सालगिरह मनाई गई?
16. 'जूझ' पाठ के लेखक की पढ़ाई की समस्या का हल किसने निकाला ?
17. 'मुअनजो–दडो' शहर की जनसंख्या कितनी थी ?
18. आनंद की कक्षा का मॉनिटर कौन था ?
19. 'सिल्वर वेडिंग' कहानी में यशोधर बाबू के आदर्श कौन थे ?
20. मुअनजो–दडो सभ्यता में पत्थर व तांबा कहाँ से प्राप्त होता था ?

खण्ड–2

21. दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़ो तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखो। 8

देश की सर्वांगीण उन्नति एवं विकास के लिए देशवासियों में स्वदेश–प्रेम का होना परमावश्यक हैं। जिस देश के नागरिकों में देशहित एवं राष्ट्र–कल्याण की भावना रहती है, वह देश उन्नतिशील होता है। देश–प्रेम के पूत–भाव से मण्डित व्यक्ति देशवासियों की हित–साधना में, देशोद्धार में तथा राष्ट्रीय प्रगति में अपना जीवन तक न्यौछावर कर देता है। हम अपने देश के इतिहास पर दृष्टिपात करें, तो इस देश–भक्तों की लम्बी परम्परा मिलती है। जिन्होंने अपना सर्वस्व समर्पण करके स्वदेश–प्रेम का अद्भुत परिचय दिया है। महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, सरदार भगतसिंह, महारानी लक्ष्मीबाई, लोकमान्य तिलक, महात्मा गाँधी आदि सहस्त्रों देश–भक्तों

के नाम इस दृष्टि से लिए जाते हैं। हमें अपने देश के इतिहास से देश–प्रेम की एक गौरवपूर्ण परम्परा मिलती है और इससे हम देश–हितार्थ सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

1. लेखक के अनुसार कौनसा देश उन्नतिशील होता है ?
2. देश की सर्वागीण उन्नति एवं विकास के लिए देशवासियों में किसका होना परमावश्यक है?
3. ''स्वेदश'' शब्द में मूल शब्द व उपसर्ग बताइए।
4. अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

दिए गए अपठित पद्यांश को पढ़ो तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखो। 8

शान्ति नहीं तब तक, जब तक
सुख भाग न नर का सम हो,
नहीं किसी को बहुत अधिक हो,
नहीं किसी को कम हो।
ऐसी शान्ति राज्य करती हैं
तन पर नहीं, ह्रदय पर, नर के ऊँचे विश्वासों पर,
श्रद्धा, भक्ति, प्रणय पर।
न्याय शान्ति का प्रथम न्यास है,
जब तक न्याय न आता
जैसा भी हो, महल शान्ति का
सुदृढ़ नहीं रह पाता।
कृत्रिम शान्ति सर्शक आप
अपने से ही डरती है।
खड्ग छोड़ विश्वास किसी का
कभी नहीं करती है।

1. शान्ति का प्रथम न्यास कौनसा है ?
2. न्याय नहीं मिलने पर क्या होगा ?
3. ''कृत्रिम शब्द'' का विलोम शब्द लिखिये।
4. पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

खण्ड–3

22. पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 4

जाति–प्रथा पेशे का दोषपूर्ण पूर्व निर्धारण ही नहीं करती, बल्कि मनुष्य को जीवनभर के लिए एक पेशे से बाँध भी देती है। भले ही पेशा अनुपयुक्त या अपर्याप्त होने के कारण वह भूखा मर जाए। आधुनिक युग में वह स्थिति प्रायः आती है, क्योंकि उद्योग–धंधों की प्रक्रिया व तकनीक में निरंतर विकास और कभी–कभी अकस्मात् परिवर्तन हो जाता है, जिसके कारण मनुष्य को अपना पेशा बदलने की आवश्कयता पड़ सकती है और यदि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मनुष्य को अपना पेश बदलने की स्वतंत्रता न हो, तो इसक लिए भूखा करने के अतिरिक्त क्या चारा रह जाता है? हिंदू धर्म की जाति–प्रथा किसी भी व्यक्ति को ऐसा पेशा चुनने की अनुमति नहीं देती है, जो उसका पैतृक पेशा न हो, भले ही वह उसमें पारंगत हो। इस प्रकार पेशा परिवर्तन की अनुमति न देकर जाति–प्रथा भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख व प्रत्यक्ष कारण बनी हुई है।

(1) गद्यांश के अनुसार जाति–प्रथा में लेखक ने क्या दोष देखा है?

(2) मनुष्य को अपना पेशा बदलने की आवश्यकता किस कारण पड़ती है?

(3) पेशा बदलने की स्वतंत्रता के अभाव का क्या परिणाम होता है?

(4) जाति–प्रथा बेरोजगारी का एक प्रमुख और प्रत्यक्ष कारण कैसे है?

खण्ड–3

23. नीचे दिये गये पठित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 4

सबसे तेज बौछारें गई भादो गया
सवेरा हुआ
खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा
शरद आया पुलों को पार करते हुए
अपनी नई चमकीली साइकिल तेज चलाते हुए
घंटी बजाते हुए जोर–जोर से
चमकीले इशारों से बुलाते हुए
पतंग उड़ाने वाले बच्चों के झुण्ड को
चमकीले इशारों से बुलाते हुए और
आकश को इतना मुलायम बनाते हुए
कि पतंग ऊपर उठ सके–
दुनिया की सबसे हल्की और रंगीन चीज उड़ सके
दुनिया का सबसे पतला कागज उड़ सके–
बाँस की सबसे पतली कमान उड़ सके–

कि शुरू हो सके सीटियों, किलकारियों और

तितलियों की इतनी नाजुक दुनिया

(1) कवि के अनुसार तेज बौछारों के साथ ही कौन–सा महीना चला गया है?

(2) पतंग कविता में चमकीले विशेषण किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(3) काव्यांश में खरगोश की आँखों जैसा लाल किसे कहा गया है?

(4) कौन–सी ऋतु आकाश को मुलायम बना देती है?

खण्ड–4

22. दिये गये पारिभाषिक शब्दों के अर्थ लिखो– 2

(अ) Tax (ब) Urban (स) Permit (द) Regular

23. दिये गये कवि/लेखक का परिचय लिखो (कोई एक) 3

1. हरिवंश राय बच्चन 2. महादेवी वर्मा 3. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

24. अपने प्रधानाचार्य जी को अंग्रेजी की अतिरिक्त कक्षा लगवाने हेतु प्रार्थना पत्र लिखो। 5

अथवा

मित्र का हॉकी टीम में चयन होने पर बधाई पत्र लिखो।

25. दिये गये विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखो। 5

1. स्वच्छता का महत्व
2. हमारे राष्ट्रीय पर्व
3. जल संरक्षण
4. अनुशासन का महत्व

26. दिये गये विषयों में से किसी एक पर प्रतिवेदन लिखो– 4

1. वार्षिकोत्सव
2. गणतंत्र दिवस
3. बाल दिवस

खण्ड–5

27. तुलसीदास द्वारा अपने काव्य में चित्रित तत्कालीन विपरीत आर्थिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए। 4

अथवा

'रस का अक्षय पात्र' से कवि ने रचनाकर्म की किन विशेषताओं की ओर संकेत किया है?

28. बाजार दर्शन के आधार पर पैसे की व्यंग्य शक्ति को उदाहरण सहित समझाइए। 4

अथवा

'काले मेघा पानी दे' में लेखक के वैज्ञानिक तर्क और उसकी जीजी के पारम्परिक तर्क की समीक्षा कीजिए।

29. 'जूझ' कहानी के माध्यम से लेखक ने क्या सीख दी है ? 4

अथवा

मुअनजो–दड़ो के उत्खनन से प्राप्त जानकारियों के आधार पर सिंधु सभ्यता की विशेषताएं लिखिए।

30. कविता के बहाने सब घर एक कर देने के मायने क्या होते है ? स्पष्ट करो। 5

अथवा

लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत (संन्यासी) की तरह क्यों माना है ?

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	पाठ्यपुस्तक / पाठ
	पाठ्य पुस्तक 1 आरोह भाग–2
	पद्य खण्ड
1.	1) आत्मपरिचय 2) दिन जल्दी जल्दी ढ़लता है– हरिवंशराय बच्चन
2.	पतंग– आलोक धन्वा
3.	1) कविता के बहाने 2) बात सीधी थी पर – कुंवर नारायण
4.	कैमरे में बंद अपाहिज– रघुवीर सहाय
5.	उषा–शमशेर बहादुर सिंह
6.	बादल राग – सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
7.	कवितावली (उत्तर कांड से) लक्ष्मण मूर्च्छा व राम का विलाप– गोस्वामी तुलसीदास
8.	रूबाइयाँ, – फिराक गोरखपुरी
9.	1) छोटा मेरा खेत 2) बगुलों के पंख– उमाशंकर जोशी
	गद्य खण्ड
10.	भक्तिन – महादेवी वर्मा
11.	बाजार दर्शन– जैनेन्द्र कुमार
12.	काले मेघा पानी दे– धर्मवीर भारती
13.	पहलवान की ढ़ोलक– फणीश्वर नाथ रेणु
14.	शिरीष के फूल–हजारी प्रसाद द्विवेदी
15.	श्रम विभाजन और जाति प्रथा– बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
	पूरक पाठ्य पुस्तक वितान भाग–2
1.	सिल्वर वेडिंग–मनोहर श्याम जोशी
2.	जूझ– आनंद यादव
3.	अतीत में दबे पाँव– ओम थानवी
	अपठित गद्यांश
	पठित पद्यांश
	निबंध /प्रतिवेदन/**प्रार्थना पत्र/पत्र**
	पारिभाषिक शब्दावली

अध्याय–1

पद्य भाग

1. आत्म परिचय 2. दिन जल्दी जल्दी ढलता है।

लेखक – हरिवंश राय बच्चन

कवि परिचय – हरिवंश राय बच्चन का जन्म 27 नवम्बर 1907 को इलाहाबाद (प्रयाग राज) में हुआ था। 1942–1952 तक ये इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राध्यापक रहे। इन्होंने विदेश मंत्रालय में हिन्दी विशेषज्ञ के रूप में भी कार्य किया। इनका निधन सत्र 2003 में हुआ। इनकी प्रमुख रचनाएँ निम्नलिखित हैं–

1. काव्य संग्रह– 'मधुशाला, मधुबाला, मधुकलश निशा निमंत्रण
2. आत्मकथा– 1. क्या भूलूँ, क्या याद करूँ 2. नीड़ का निर्माण फिर, 3. बसेरे से दूर
3. अनुवाद– हैमलेट, मैकबैथ

पाठ का सारांश–

इस अध्याय में कवि हरिवंशराय बच्चन की दो कविताएँ संकलित है :–

1. आत्मपरिचय :– आत्मपरिचय नामक कविता में कवि ने बताया है कि दुनिया को जानना फिर भी आसान है परन्तु अपने आपको जानना बहुत कठिन है। हमें समाज के बीच ही अपना अस्तित्व नजर आता है। कवि कहता है कि दुनिया का और मेरा संबंध प्रेम और कलह का संबंध है। हम दुनियादारी को छोड़कर जीवनयापन नहीं कर सकते। कवि को सांसारिक कठिनाइयों से तकलीफ तो है परन्तु वह इसी कष्ट में प्रसन्न भी है। संसार से मिलने वाले स्नेह या क्रोध का उन पर कोई असर नहीं होता, वे वही करते है जो उनके मन को स्वीकार्य है।

   कवि के लिए दुःखों का खण्डहर सुखों के महल से कही ज्यादा सुंदर है। वह हर आशा–निराशा में प्रसन्न रहता है। कवि अपनी व्यथा, क्रोध, भावना सब कुछ अपने शब्दों के द्वारा व्यक्त करता है।
2. दिन जल्दी–जल्दी ढलता है :–इस कविता में कवि ने प्रकृति की दैनिक परिवर्तनशीलता के संदर्भ में हमारे मन के विचार व्यक्त किये है। कवि कहता है कि साँझढ़लते ही पथिक लक्ष्य की ओर तेजी से कदम बढ़ाने लगता है, उसे रास्ते में रात होने का डर लगता है।

   इसी प्रकार जीवन–पथ पर चलते हुए व्यक्ति जब अपने लक्ष्य के निकट होता है तो उसकी उत्सुकता बढ़ जाती है। पक्षी भी बच्चों की चिंता करके अपने घोंसले में पहुँचने के लिए तेजी से पंख फड़फड़ाने लगते है।

   आशाएँव्यक्ति के जीवन में नयी चेतना भर देती है। जिनके जीवन में कोई आशा नहीं होती, वे शिथिल हो जाते है, उनका जीवन नीरस हो जाता है। रात हमारे जीवन में निराशा ही नहीं अपितु

आशा का भी संचार करती है। इस प्रकार इस कविता में कवि ने समय के साथ गुजर जाने के साथ–साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए बढ़ते हुए जज्बे को व्यक्त किया है।

2. दिन जल्दी–जल्दी ढलता है।

कठिन शब्द		**अर्थ**
जग–जीवन	–	दुनियादारी
झंकृत	–	तारों के बजने से निकला स्वर
निज	–	अपना
उर	–	हृदय
उदगार	–	भाव
भाता	–	अच्छा लगना
दहा	–	जला
भव–सागर	–	संसार रूपी सागर
यौवन	–	जवानी
अवसाद	–	उदासी
नादान	–	नामसझ
मूढ़	–	मूर्ख
भूप	–	राजा
प्रासाद	–	महल
प्रत्याशा	–	आशा
नीड़	–	घोंसला

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. हरिवंश राय बच्चन का जन्म कब हुआ था ?

   (अ) 27 नवम्बर 1907 (ब) 25 दिसम्बर 1907

   (स) 9 फरवरी 1964 (द) 2 अक्टूबर, 1897

2. हरिवंश राय बच्चन का जन्म कहां हुआ था ?

   (अ) इलाहबाद (प्रयागराज) (ब) हरिद्वार

   (स) मथुरा (द) बनारस

3. हरिवंश राय बच्चन की आत्मकथा निम्नलिखित में से कौनसी है ?

   (अ) क्या भूलूँ क्या याद करूँ (ब) हैमलेट

   (स) मैकवैथ (द) मधुशाला

4. ''जग–जीवन'' का अर्थ क्या है ?

(अ) दुनियादारी (ब) लहरें

(स) संसार (द) इन में से कोई नहीं

5. ''दिन जल्दी–जल्दी ढ़लता है'' काव्यांश किस मुख्य कविता से लिया गया है?

(अ) निशा–निमंत्रण (ब) आत्म परिचय

(स) मधुशाला (द) मधु कलश

2. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

6. हरिवंश राय बच्चन के किन्हीं दो काव्य संग्रहों के नाम लिखो ?

7. ''मैं निज उर के उद्‌गार लिए फिरता हूँ'' का तात्पर्य क्या है ?

8. कवि को संसार क्यों नहीं भाता ?

9. बच्चे नीड़ से किसलिए झांक रहे होंगे ?

10. ''दिन जल्दी–जल्दी ढलता है'' पंक्ति के माध्यम से किसके महत्त्व को बताया गया है?

3. लघूत्तरात्मक प्रश्न–

11. ''जग–जीवन का भार लिए फिरने'' का अशय स्पष्ट कीजिए।

12. कवि अपने मन का गान किस प्रकार गाता है ?

13. कवि सुख–दुःख दोनों स्थितियों में प्रसन्न किस प्रकार रह पाता है?

14. ''दिन जल्दी–जल्दी ढलता है'' में पक्षी तो जल्दी घर लौटने को विकल हैं, पर कवि में उत्साह नहीं है। ऐसा क्यों ?

4. निबंधात्मक प्रश्न–

15. कविता में एक ओर ''जग–जीवन का भार लिए फिरने'' की बात है दूसरी ओर ''मैं न जग का ध्यान किया करता हूँ'' – विपरीत से लगते इन दोनों कथनों का आशय क्या है ?

16. जहाँ पर दाना रहते वहीं नादान भी होते हैं'' कवि ने ऐसा क्यों कहा है ?

17. ''शीतल वाणी में आग'' होने का क्या तात्पर्य है?

18. आशय स्पष्ट कीजिए – ''मैं और जग और, कहां का नाता।''

अध्याय–2

पतंग

लेखक – आलोक धन्वा

कवि परिचय–

आलोक धन्वा जी का जन्म 1948 में मुंगेर (बिहार) में हुआ। इनकी पहली कविता ''जनता का आदमी 1972 में प्रकाशित हुई। इन्हें राहुल सम्मान, पहल सम्मान तथा बिहार राष्ट्रभाषा परिषद के साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया।

प्रमुख रचनाएँ– जनता का आदमी, भागी हुई लड़कियाँ, दुनिया रोज बनती है।

पाठ का सारांश–

बालसुलभ इच्छाओं एवं उमंगों से ओत प्रोत ''पतंग'' कविता कवि आलोक धन्वा की एक सुन्दर कविता है। इसमें कवि ने बताया है कि पतंग बच्चों की उमंगों का रंगीन सपना है। आसमान में ऊंची उड़ती पतंग बालमन को आकर्षित करती है। साथ ही उन्हें ऊंचाईयां छूने के लिए प्रेरित करती है। बच्चे केवल ऊंचाईयां छूना नहीं चाहते वरन उनके पार जाना चाहते हैं। बच्चे गिरते हैं, गिरकर उठते हैं, उठकर संभलते है और फिर नई पतंग और उमंग के साथ मैदान में डटकर खड़े हो जाते है। यहीं जिजीविषा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। इस प्रकार इस कविता मे ं कवि ने बच्चों की भय पर विजय पाने, गिर–गिरकर संभलने, नई–नई पतंगों को सबसे ऊँचा उड़ाने के हौंसले का रेखांकन किया है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. ''पतंग'' कविता किस कवि ने लिखी है ?
   (अ) आलोक धन्वा (ब) रामचन्द्र शुक्ल
   (स) केदारनाथ अग्रवाल (द) मृदुला गर्ग
2. आलोक धन्वा की पहली कविता कौनसी है?
   (अ) भागी हुई लड़कियां (ब) जनता का आदमी
   (स) ब्रूनों की बेटियां (द) दुनिया रोज बनती है।
3. आलोक धन्वा की पहली कविता कब प्रकाशित हुई ?
   (अ) 1970 में (ब) 1978 में
   (स) 1972 में (द) 1975 में

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

4. दुनिया की सबसे हल्की और रंगीन चीज किसे कहा गया है?

5. कवि के अनुसार तेज बौछारों के साथ कौनसा महीना चला गया है?
6. कवि को बच्चों का दौड़ना किसकी तरह लगता है ?
7. काव्यांश में कपास किसका प्रतीक है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

8. शरद ऋतु की तुलना किससे की गई है व क्यों ?
9. ''पतंगों के साथ–साथ वे भी उड़ रहे हैं।'' वे शब्द किसके लिए कहा गया है, बच्चों का उड़ान से कैसा संबंध बनता है?
10. जब पतंग सामने हो तो छतों पर दौड़ते हुए क्या आपको छत कठोर लगती है? स्पष्ट करें।

निबंधात्मक प्रश्न–

11. सोचकर बताए कि पतंग के लिए ''सबसे हल्की और सबसे रंगीन'' विशेषणों का प्रयोग क्यों किया गया है?
12. ''पतंग लूटने के बाद खतरनाक परिस्थितियों का सामना करके बच्चे चुनौतियों का सामना करना सीखते है।'' इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।
13. ''पतंग'' कविता का मूल भाव अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

अध्याय–3

1. कविता के बहाने,

2. बात सीधी थी पर

लेखक – कुँवर नारायण

कवि परिचय–

आधुनिक हिन्दी कविता के प्रमुख कवि कुंवर नारायण का जन्म 19 सितम्बर, 1927 में उत्तर प्रदेश में हुआ। भाषा एवं विषय की विविधता इनकी कविताओं की प्रमुख विशेषता है। इन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार, व्यास सम्मान, ज्ञानपीठ पुरस्कार, कबीर सम्मान आदि से सम्मानित किया गया है।

प्रमुख रचनाएं–

1. काव्य संग्रह –1. हम–तुम 2. इन दिनों
2. प्रबन्ध काव्य– 1. आत्म जयी
3. कहानी संग्रह – 1. आकारों के आसपास

पाठ का सारांश

'कविता के बहाने' काव्यांश काव्य संग्रह (इन दिनों) से लिया गया है। कवि कुँवर नारायण ने इस कविता में कविता की व्यापकता को दर्शाया है। चिड़िया की उड़ान, फूलों की मुस्कान और बच्चों की क्रीड़ा (खेल) कविता का मुख्य विषय है। परन्तु जहां सबकी अपनी सीमा है। वहीं बच्चे के सामर्थ्य की तरह कविता में असीम संभवनाएं है। जहां रचनात्मक ऊर्जा होती है, वहां सीमाओं के बंधन स्वतः खुद टूट जाते है। कविता के बहाने यह एक यात्रा है, चिड़िया, फूल और बच्चे की।

2. बात सीधी थी पर–

इस कविता में कुँवर नारायण ने बात को सीधे सादे तरीके से न कहकर जटिलता उत्पन्न करने वालों पर परोक्ष रूप से व्यंग्य किया है। उनका मानना है कि घूमा–फिराकर बात करने से विषय में जटिलता बढ़ती है। जिससे बात की प्रभावोत्पादकता समाप्त हो जाती है। वास्तव में, अच्छी पंक्तियों का बनना सही बात का, सही शब्द से जुड़ना होता है। यह कविता कुँवर नारायण के ''कोई दूसरा नहीं'' काव्यसंग्रह से ली गई है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. ''कविता के बहाने'' कवितालिखी है ?

   (अ) कुँवर नारायण (ब) बद्रीनारायण चौधरी

   (स) महावीर प्रसाद (द) राधाकृष्ण दास

2. ''बात सीधी थी पर'' कविता कुँवर नारायण के किस काव्य संग्रह से ली गई है ?

(अ) चक्रव्यूह (ब) कोई दूसरा नहीं

(स)हम तुम (द) इन दिनो

3. ''कविता के बहाने'' किस काव्य संग्रह से ली गई कविता है ?

(अ) इन दिनों (ब) चक्रव्यूह

(स) कोई दूसरा नहीं (द)हम तुम

4. कुँवर नारायण का जन्म कब व कहाँ हुआ था ?

(अ) 1927 में उत्तर प्रदेश में (ब) 1927 में मध्य प्रदेश में

(स) 1930 में राजस्थान में (द) 1930 में मध्य प्रदेश में

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

5. कविता कहाँ–कहाँ उड़ सकती है ?
6. कवि ने अपने किस कार्य को करतब कहा है ?
7. कविता की उड़ान व चिड़िया की उड़ान में क्या अंतर है ?
8. कवि ने फूल व कविता के खिलने में क्या अंतर बताया है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

9. बात को बेवजह कसने का परिणाम क्या हुआ ?
10. बात की चूड़ी मरने का तात्पर्य क्या है ?

निबंधात्मक प्रश्न–

11. कवि ने कविता की उड़ान को चिड़िया व फूलों से किस प्रकार अलग बताया है ?
12. कविता के बहाने सब घर एक कर देने के माने क्या होते है? स्पष्ट करें।
13. ''बात सीधी थी पर'' कविता के आधार पर लिखिए कि भाषा के चक्कर में कभी–कभी सीधी बात भी टेढ़ी कैसे हो जाती है?
14. ''भाषा को सहूलियत'' से बरतने का क्या अभिप्राय है ?

अध्याय–4

कैमरे में बंद अपाहिज

लेखक – रघुवीर सहाय

कवि परिचय–

रघुवीर सहाय का जन्म 1929 में लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में हुआ। इन्होंने सड़क, चौराहा, दफ्तर, अखबार, संसद, बस, रेल, बाजार आदि की भाषा में कविता लिखी और घर–मुहल्ले के चरित्रों पर कविता लिखी। इनकी प्रमुख रचनाएं अज्ञेय द्वारा संकलित व संपादित द्वितीय तार सप्तक में प्रकाशित हुई।

इनके मुख्य काव्य संग्रह है– 1. सीढ़ियों पर धूप, 2. हँसो–हँसो, जल्दी हँसों। 3. लोग भूल गए है। इन्होंने कई अखबारों ''कल्पना'', नवभारत टाइम्स'' तथा दिनमान में कार्य किया। इनको साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनका निधन सन् 1990 में हुआ।

पाठ सारांश–

यह काव्यांश काव्य संग्रह– 'लोग भूल गए हैं' से लिया गया है। इस कविता में कवि रघुवीर सहाय ने मीडिया व समाज की संवेदनशीलता पर तीखा कटाक्ष किया है। कवि ने शारीरिक चुनौती को झेलते व्यक्ति से टेलीविजन कैमरे के सामने किस प्रकार सवाल पूछे जाते है और उससे किस प्रकार की भावभंगिमा की अपेक्षा की जाती है, का सपाट वर्णन किया है। अपने कार्यक्रम को आकर्षक व बिकाऊ बनाने के लिए मीडियाकर्मी, दिव्यांगों की दयनीयता को क्रूरता के साथ उभारते हैं। दिव्यांगों को कैमरे के सामने लाकर क्रूरता पूर्वक प्रश्न पूछे जाते है, दिव्यांगों के दर्द को इस तरह झकझोरा जाताहै कि उनकी आँखों से दर्द बहने लगता है। यह दर्द मीडियाकर्मी के कार्यक्रम की सफलता को प्रकट करता है। यह कविता समाज की विद्रूपताओं को पकड़ने व उसके व्यवसायीकरण को दर्शाती है। यह कविता प्रत्येक ऐसे व्यक्ति व संगठन की ओर इशारा करती है, जो दुःख–दर्द व यातना–वेदना को बेचना चाहता है, व्यावसायिक लाभ लेना चाहता है। इस प्रकार करूणा जगाने के उद्देश्य से शुरू हुआ कार्यक्रम क्रूर बन जाता है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. ''कैमरे में बंद अपाहिज'' कविता किस कवि ने लिखी है ?

   (अ) रघुवीर सहाय (ब)दिनकर

   (स)माखन लाल चतुर्वेदी (द) मैथिलीशरण गुप्त

2. ''कैमरे में बंद अपाहिज'' कविता रघुवीर सहाय के किस काव्य संग्रह से ली गई है ?

   (अ) हँसो–हँसो (ब) लोग भूल गए है

   (स) सीढ़ियों पर धूप (द) कल्पना

3. रघुवीर सहाय निम्नलिखित में से किस अखबार से जुड़े रहे ?

(अ) कल्पना (ब) हंस

(स) माधुरी (द) टिंकल

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

4. ''हम दूरदर्शन पर बोलेंगे'' में हम शब्द किसके लिए आया है ?
5. ''कैमरे में बंद अपाहिज'' कविता में किस व्यक्ति की पीड़ा को बताया गया है?
6. कैमरे में बंद अपाहिज कविता में मीडिया के चरित्र की किस विशेषता को रेखांकित किया गया है?
7. दूरदर्शन के संचालक कैमरे वाले को अपंग की तस्वीर बड़ी करके दिखाने का निर्देश क्यों देते हैं ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

8. ''हम पूछ–पूछ कर रूला देंगे'' पंक्ति में कौनसा भाव निहित है ? इसमें मीडियाकर्मी का मुख्य उद्देश्य क्या है ?
9. यदि शारीरिक रूप से चुनौति का सामना कर रहे व्यक्ति और दर्शक दोनों एक साथ रोने लगे तो उससे प्रश्नकर्ता का कौनसा उद्देश्य पूरा होता है ?
10. कविता में अपाहिज को दूरदर्शन पर ले जाने से लोग कैसे है ?

निबंधात्मक प्रश्न–

11. ''कैमरे में बंद अपाहिज'' करूणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है। स्पष्ट करें।

अध्याय–5

"उषा"

लेखक – शमशेर बहादुर सिंह

कवि परिचय– शमशेर बहादुर सिह का जन्म देहरादून (उत्तराखंड) में हुआ था। इन्हें साहित्य अकादमी तथा कबीर सम्मान सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इनका निधन सन् 1993 में हुआ।

प्रमुख रचनाएँ–1. कुछ कविताएँ 2. चुका भी नहीं हूं मैं 3. इतने पास अपने 4. बात बोलेगी आदि।

पाठ सारांश–

इस कविता में शमशेर बहादुर सिंह ने सूर्योदय के पूर्व पल–पल होते परिवर्तनों के साथ भोर की आसमानी गति को धरती की जीवन भरी हलचल से जोड़ने का प्रयास किया है। इस कविता में प्रातःकालीन आकाश में होने वाले परिवर्तनों और सूर्योदय का गतिशील चित्रण है।

कवि ने प्रातःकालीन नभ को नीले शंख जैसा बतातेहुए इसका सुंदर वर्णन किया है। इस कविता में सूर्योदय के समय का सुंदर वर्णन है। गाँव की सुबह में 'राख से लीपा चौका' काल सिल' 'स्लेट पर खड़िया' से लिखते नन्हें बालक का हाथ और प्रकृति का सम्मोहक वातावरण सभी कुछ मौजूद है। यह एक ऐसे दिन की शुरूआत है जहाँ रंग है, गति और भविष्य की उजास है। साथ ही हर कालिमा को चीरकर आने का अहसास कराती उषा है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'उषा' कविता के लेखक कौन हैं?
   (अ) शमशेर बहादुर सिह (ब) जयशंकर प्रसाद
   (स) आलोक धन्वा (द) रामविलास शर्मा ( )
2. शमशेर बहादुर सिह का जन्म कहाँ हुआ था?
   (अ) देहरादून (उत्तराखंड) में (ब) उत्तर प्रदेश में
   (स) मध्यप्रदेश में (द) राजस्थान में ( )
3. शमशेर बहादुर सिह की पहचान किस रूप में है?
   (अ) बिम्बधर्मी कवि के रूप में (ब) रूढ़ीवादी कवि
   (स) रोमानी कवि (द) सुकुमार कवि ( )

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

4. उषा कविता में किस समय का वर्णन किया गया है ?

5. उषा कविता में गोरी देह के झिलमिलाने की तुलना किससे की गई है?

6. उषा कविता मे 'नीला जल' उपमान द्वारा कवि किसे चित्रित करता है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

7. सूर्योदय से पहले आकाश में क्या–क्या परिवर्तन होते हैं? 'उषा' कविता के आधार पर बताइये।

निबन्धात्मक प्रश्न

8. 'उषा' कविता के किन उपमानों को देखकर यह कहा जा सकता कि 'उषा' कविता गांव की सुबह का गतिशील शब्द चित्र है?

अध्याय–6

बादल राग

लेखक –सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

कवि परिचय– 'छायावाद' के प्रमुख आधार स्तंभ सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का जन्म बंगाल के महिषादल में सन 1899 में हुआ। 'निराला' जी की शिक्षा घर पर ही हुई। उन्होंने संस्कृत, बांग्ला, अंग्रेजी आदि भाषाओ ंका अध्ययन घर पर ही किया। इनका निधन सन् 1961 में इलाहबाद में हुआ।

प्रमुख रचनाएँ

1. काव्य रचनाएँ– 1. अनामिका 2. परिमल 3. गीतिका
2. गद्य– 1. चतुरीचमार 2. प्रभावति 3. चोटी की पकड़
3. कहानी संग्रह – 1. लिली सखी 2. चतुरी चमार

   इन्होंने समन्वय, मतवाला पत्रिका का संपादन किया।

पाठ सारांश–

बादल राग कविता अनामिका में 6 खंडों में प्रकाशित है। यहाँ उसका छठा खंड लिया गया है। कवि बादल के भीतर सृजन व ध्वंस की ताकत एक साथ समाहित देखतेहै। इस कविता में बादल के प्रतीक द्वारा उन्होंने सर्वहारा वर्ग और पूंजीपति वर्ग के क्रियाकलापों और मानसिकता को दर्शाया है।

वस्तुतः यह कविता एक क्रांतिगीत है। आम आदमी के दुख से त्रस्त कवि यहाँ बादल का आह्वान क्रांति के रूप में कर रहा है। किसान मजदूर की आकांक्षाएँ बादल को नव–निर्माण के राग के रूप में पुकार रही है। गर्मी से तपी–झुलसी धरती पर क्राँति के संदेश की तरह बादल आए है। हर तरफ सब कुछ रूखा–सूखा और मुरझाया सा है। अकाल की चिंता से व्याकुल किसान बहुत कमजोर हो गए है। पूरी धरती तपी हुई है, ऐसे में बादल का प्रकट होना प्रकृति में और जगत में परिवर्तन ला रहा है। इस कविता में यही सब बताया गया है।

इस तरह यह कविता आम आदमी की खुशहाली का राग बन गई है। बादल राग एक ओर जीवन निर्माण के नये राग का सूचक है तो दूसरी ओर नव–निर्माण का कारण भी है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'बादल राग' कविता किस कवि ने लिखी है?

   (अ) जयशंकर प्रसाद (ब) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

   (स) पंत (द) महादेवी वर्मा ( )

2. 'बादल राग' कविता किस काव्य संग्रह से ली गई है?

(अ) अनामिका (ब) परिमल

(स) गीतिका (द) नए पत्ते ( )

3. 'बादल राग' कविता अनामिका काव्य संग्रह में कुल कितने खंडों में प्रकाशित है?

(अ) 6 (ब) 2

(स) 3 (द) 4 ( )

4. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने निम्नलिखित में से कौनसे अखबार का संपादन किया?

(अ) जागरण (ब) हंस

(स) मतवाला (द) माधुरी ( )

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

5. 'बादल राग' कविता में कवि किसका आह्वान करता है?
6. बादल राग कविता में 'पंक और अट्टालिका' किसे प्रतीक है?
7. बादल राग कविता में कवि ने किसकी दुर्दशा का वर्णन किया है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

8. बादलों के आगमन से प्रकृति में होने वाले किन–किन परिवर्तनों को कविता रेखांकित करती है?
9. कवि ने बादल को कहाँ तैरते हुए चित्रित किया है?
10. बादल किस प्रकार धरती पर बरस रहे है?
11. कवि ने बादल की किस विशेषता की ओर संकेत किया है?

निबन्धात्मक प्रश्न

12. कवि बादलों को किस रूप में देखता है?

अध्याय–7

कवितावली (उत्तर कांड से)लक्ष्मण मूर्च्छा और राम का विलाप

लेखक –गोस्वामी तुलसीदास

कवि परिचय– गोस्वामी तुलसीदास का जन्म 1532 ई. में उत्तर प्रदेश के बाँदा जिले के राजापुर गाँव में हुआ था। तुलसीदास जी मानव मूल्यों के उपासक कवि थे। अपने गुरू की कृपा से इन्हें रामभक्ति का मार्ग मिला। तुलसीदास ने अपनी लेखनी द्वारा अपने आराध्य देव मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के माध्यम से नीति, स्नेह, शील, विनम्रता, त्याग जैसे उदात्त आदर्शों को समाज में प्रतिष्ठित किया। रामभक्ति पर आधारित 'रामचरित मानस' इनकी सर्वश्रेष्ठ रचना है।

अन्य रचनाएँ–रामचरितमानस कवितावली, दोहावली, गीतावली, विनयपत्रिका

पाठ सारांश–

कवितावली (उत्तराखण्ड) प्रथम छंद में उन्होंने दिखलाया है कि संसार के अच्छे बुरे लीला प्रपंचों का आधार 'पेट की आग' है, जिसका समाधान वे राम रूपी घनश्याम (मेघ) के कृपा–जल में देखते है। उनकी रामभक्ति पेट की आग बुझाने वाली यानीजीवन के समस्त संकटों का समाधान करने वाली है। उनकामाननाहै कि लौकिक संसार के सभी कष्ट श्री राम का नाम लेने से दूर हो जाते है।

दूसरे छंद में प्रकृति और शासन की विषमता से उपजी बेकारी व गरीबी की पीड़ा का यथार्थपरक चित्रण किया गया है तथा इसकी दशानन (रावण) से तुलना की गई है।

तीसरे छंद में भक्ति की गहनता और सघनता में उपजे भक्त हृदय के आत्मविश्वास का सजीव चित्रण है, जिसमें समाज में व्याप्त जात–पाँत और धर्म के विभेदक विचारों के तिरस्कार का साहस पैदा होता है।

लक्ष्मण–मूर्च्छा व राम का विलाप :– इस प्रसंग में तुलसीदास ने राम–रावण युद्ध के समय मेघनाद द्वारा लक्ष्मण को तीर द्वारा घायल करे देने, लक्ष्मण के मूर्च्छित होने पर राम द्वारा विलाप करने और हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी लाने और लक्ष्मण के ठीक होने का वर्णन है। इसमें भगवान श्री राम के ईश्वरीय रूप का पूर्ण रूप से मानवीकरण किया गया है।

भगवान श्रीराम अपने भाई के पति स्नेह व शोक में विलाप का प्रसंग मार्मिक है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. रामभक्ति पर आधारित तुलसीदास की सर्वश्रेष्ठ रचना कौनसी है?

   (अ) रामचरितमानस (ब) कृष्णगीतावली

   (स) श्रीमद् भगवद् गीता (द) दोहावली ( )

2. गोस्वामी तुलसीदास का जन्म कब व कहा हुआ था?

(अ) 1532 ई मं उत्तरप्रदेश के बाँदा जिले (ब) उत्तराखंड में

(स) मध्यप्रदेश में (द) नैनीताल में ( )

3. रामचरित मानस कौनसी भाषा में लिखा गया ग्रंथ है?

(अ) अवधी (ब) डिंगल

(स) पिंगल (द) संस्कृत ( )

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

4. पाठ अनुसार राम विलाप क्यों कर रहें है?
5. राम दुःख में किस प्रकार व्यवहार कर रहें है?
6. राम लक्ष्मण के किस गुण को याद करके विलाप कर रहे हैं?
7. राम के भाई लक्ष्मण के प्राण बचाने हेतु संजीवनी कौन लेकर आया?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

8. भाई के बिना जीवन की तुलना किससे की गई है?
9. कवितावली के अनुसार कौन लोग भूख से परेशान है?
10. भूख से उत्पन्न मार्मिक स्थितियों में सबसे अधिक मार्मिक स्थिति क्या है?

निबंधात्मक प्रश्न–

11. तुलसीदास की संकलित चौपाईयों के आधार पर लक्ष्मण के प्रति राम के स्नेह–संबंधों पर प्रकाश डालिए।
12. तुलसीदास द्वारा अपने काव्य में चित्रित तत्कालीन विपरीत आर्थिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए।

अध्याय–8

रूबाइयाँ, गज़ल

लेखक –फिराकगोरखपुरी

कवि परिचय– फिराक गोरखपुरी का मूल नाम रघुपति सहाय फिराक था। इनका जन्म 28 अगस्त 1896 को गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) में हुआ था। इनकी शिक्षा, अरबी, फारसी व अंग्रेजी में हुई। ये वर्ष 1917 में डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित हुए। ये इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में अध्यापक भी रहे। इनका निधन सन् 1983 में हुआ।

प्रमुख रचनाएँ– 1. गुले–नग्मा 2. बज़्में–जिन्दगी 3. रंगे–शायरी 4. उर्दू–गज़लगोई

'गुले नग्मा' के लिए इनको 1. साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2. ज्ञानपीठ पुरस्कार, 3. सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पाठ सारांश–

रूबाइयाँ– फिराक गोरखपुरी ने इस पठ में वात्सल्य चित्र प्रस्तुत किया है। बच्चे की इच्छा, माँ की ममता, और त्योंहारों के बीच हिंदी, उर्दू, लोकभाषा के शब्दों का मिश्रण काव्य में अद्‌भुत सौंदर्य दर्शाता है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'फिराक गोरखपुरी' का मूल नाम क्या था?

   (अ) रघुपति सहाय फिराक (ब) वैद्यनाथ

   (स) नागार्जुन (द) रामकुमार ( )

2. प्रस्तुत पाठ में संकलित 'रूबाइयाँ' फिराक गोरखपुरी की किस रचना से ली गई है?

   (अ) गुले–नग्मा (ब) रंगे शायरी

   (स) बज्में–जिन्दगी (द) उर्दू–गज़लगोई ( )

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

3. 'चाँद के टुकड़े' उपमान का प्रयोग किसके लिए किया गया है?
4. बहन द्वारा भाई की कलाई पर कैसी राखी बाँधी जा रही है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

5. 'दीवाली' पर लोग क्या करते है?
6. 'रूबाइयाँ' के आधार पर बताइये माँ द्वारा बच्चे को प्रसन्न करने के लिए क्या–क्या किया जा रहा है?
7. बालक द्वारा चाँद मांगने की जिद पर माँ क्या करती है?
8. रक्षाबंधन की तैयारी का वर्णन कवि ने किस प्रकार किया है?

निबन्धात्मक प्रश्न

9. शायर राखी के लच्छे को बिजली की चमक की तरह कहकर क्या भाव प्रकट करना चाहता है?
10. फिराक की रूबाइयों में उभरे घरेलू जीवन के प्रतीकों का सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

अध्याय–9

छोटा मेरा खेत

बगुलों के पंख

लेखक –उमाशंकर जोशी

कवि परिचय– उमांशकर जोशी का जन्म सन् 1911 में गुजरात में हुआ। गुजराती कविता एवं साहित्य को नया स्वरूप देने वाले उमाशंकर जोशी का भारतीय साहित्य में महम्वपूर्ण स्थान है। इन्होंने संस्कृति नामक पत्रिका का संपादन किया।

प्रमुख रचनाएँ– 1. विश्व शांति 2. गंगोत्री 3. निशीथ 4. आतिथ्य 5. वसंतवर्षा

पाठ सारांश–

इस अध्याय में उमाशंकर जोशी की दोकविताएँ संकलित की गई है :–

1. **छोटा मेरा खेत :** प्रस्तुत कविता में कवि ने खेती के कार्य को कवि के कार्य के साथ जोड़ा है। कविता व कृषि कार्य में समानता बताते हुए वे कहते है कि कागज का पन्ना चौकोर खेत के समान होता है। इसमें भावात्मक आँधी के प्रभाव से किसी क्षण एक बीज बोया जाता है, जिसमें शब्द रूपी अंकुर फूटते है और कविता की फसल तैयार हो जाती है।

   कविता की फसल कभी समाप्त नहीं होती। सहृदय लोग सदैव इसका आनंद प्राप्त कर सकते है। साहित्य रस इस कभी नहीं मरता अर्थात् यह चिरकाल तक रहता है।

2. **बगुलों के पंख :**

   इस कविता में कवि ने संध्या के समय का सौंदर्य का चित्रात्मक रूप में वर्णन किया है। प्राकृतिक सौंदर्य को प्रतीकों के द्वारा प्रकट किया है, जिसका मन पर सुंदर प्रभाव पड़ता है। कवि काले बादलों से भरे आकाश में पंक्ति बनाकर उड़ते सफेद बगुलों को देखता है। वे कजरारे बादलों के ऊपर तैरती साँझ की श्वेत काया के समान दिखाई देते हैं। यह दृश्य इतना सुंदर है कि कवि और सब कुछ भूलकर उसी में अटका रह जाता है तथा इस माया से अपने को बचाने की गुहार लगाता है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'छोटा मेरा खेत' व 'बगुलों के पंख' किस कवि की कविता है।

   (अ) उमाशंकर जोशी (ब) शमशेर बहादुर सिंह

   (स) आलोक धन्वा (द) फिराक ( )

2. कवि उमाशंकर जोशी का संबंध किस साहित्य से है?

(अ) तेलुगू साहित्य (ब) गुजराती साहित्य

(स) पंजाबी साहित्य (द) कन्नड़ साहित्य ( )

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

3. कवि ने कवि–कर्म की तुलना किससे की है?
4. रस का अक्षय–पात्र किसे कहा गया है?
5. बगुलों के पंख कविता में कवि किस दृश्य पर मुग्ध है?
6. प्रस्तुत कविता में कवि किसको रोक कर रखने की बात कह रहा है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

7. 'बगुलों' के पंख' कविता पढ़ने से आपके मन में कैसे चित्र उभरते है?
8. 'छोटा मेरा खेत'कविता में 'अंधड़' व 'बीज' क्या है?

निबन्धात्मक प्रश्न

9. छोटे चौकोने खेत को 'कागज का पन्ना' क्यों क्यों कहा गया है?
10. रस का अक्षय पात्र से कवि ने रचनाकर्म की किन विशेषताओं की ओर इशारा किया है?

अध्याय 10

''भक्तिन''(गद्य भाग)

आरोह भाग–2

महादेवी वर्मा

लेखिका परिचय

जन्म सन् 1907 में उत्तर प्रदेश के फर्रूखाबाद जिले में हुआ था। महादेवी जी ने देश में नारी शिक्षा के प्रसार के लिए बहुत योगदान दिया तथा स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया था। सितम्बर, 1987 ई. इलाहबाद में लेखिका जी का निधन हुआ था।

प्रमुख रचनाएँ :–

'श्रृंखला की कडियाँ, आपदा' प्रमुख निबंध संग्रह है। नीहार, रश्मि, नीरजा सांध्यगीत, दीपशिखा आदि यामा' लेखिका जी की प्रमुख रचनाएँ है। यामा के लिए सन 1983 में महादेवी जी को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया। 'भक्तिन' पाठ प्रसिद्ध रेखाचित्र 'स्मृति की रेखाएं' में से लिया गया है!

पाठ का सार–

भक्तिन पाठ प्रसिद्ध रेखाचित्र 'स्मृति की रेखाएँ' में से लिया गया है। भक्तिन छोटे कद व दुबले शरीर की झूँसी गांव में रहने वाली एक स्त्री थी। भक्तिन का असली नाम लक्ष्मी था। लेकिन वह अपने नाम के ठीक विपरीत थी। उसकी कंठीमाला को देखकर ही लेखिका ने उसका नाम 'भक्तिन' रखा होगा। लक्ष्मी (भक्तिन) का पालन–पोषण उसकी सौतेली माँ ने किया था। उसकी शादी 5 वर्ष की आयु में तथा गौना 9 वर्ष की आयु में ही हँडिया गाँव के गोपालक के छोटे पुत्र के साथ करा दिया गया था। सौतेली माँ को यह डर हमेशा सताता रहताथा कि लक्ष्मी के पिता कही सारी जायदाद उसके नाम ही ना कर दे, इसलिए पिता की मृत्यु की सूचना लक्ष्मी को नहीं दी गई। यह दुखद समाचार उसे मायके आकर मिला। लक्ष्मी के तीन बेटियां थी। बड़ी बेटी के विवाह के उपरान्त भक्तिन के पति का देहांत हो गया। अपनी बेटियों का विवाह भी कम उम्र में ही कर दिया । जायदाद को लेकर लड़ाई झगड़ा चलता ही रहता था। इसलिए बड़े दामाद को घर जमाई बना लिया था परन्तु भाग्य ने यहां भी साथ नहीं दिया,बड़े जवाई का कुछ दिनों बाद ही निधन हो गया। भक्तिन की संपति पाने के उद्देश्य से बड़े जेठ का लड़का अपने साले से उसकी बड़ी बेटी का विवाह करवाना चाहता था। परन्तु लड़की ने विवाह करने से मना कर दिया। इसलिए भक्तिन व बेटी को अनेक शारीरिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ा था। उसने भक्तिन की बेटी के साथ जबरदस्ती करनी चाही परन्तु भक्तिन ने उसे पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। मामला पंचायत तक पहुँचा। पंचायत ने पति–पत्नी की तरह साथ रहने का निर्णय सुना दिया। मजबूरी में मानना पड़ा किन्तु अब घर में गरीबी रहने लगी, जमींदार ने भक्तिन को लगान ना

चुका पाने के कारण दिनभर धूप में खड़ा रखा यह अपमान भक्तिन सहन ना कर सकी और कमाने के उद्देश्य से शहर आ गई। शहर में भक्तिन लेखिका के पास रहकर उसके घर का काम आदि करने लगी। सुबह भक्तिन नहाकर लेखिका की धुली धोती पहनकर सूर्य एवं पीपल को अर्ध्य देती, फिर खाना बनाती। भक्तिन दूसरों को तो अपने जैसा बनाने को तैयार रहती परन्तु स्वयं को बदलने के लिए तैयार नहीं थी। वह गाँव की भांति लेखिका को 'ओए' कहकर ही बुलाती थी। लेखिका जब रूपये इधर–उधर रख देती थी, तब भक्ति उन्हें इकट्ठा कर मटकी में डाल देती थी। सिर मुंडवाने की बात पर लेखिका से कहा कि सिद्ध, सिर मुडवाकर तीर्थ जाते है। लेखिका के हस्ताक्षर करने वाले नियम पर भक्तिन ने यह कहकर टाल दिया कि वह पढ़ने लगी तो घर गृहस्थी कौन देखेगा ? इन दोनों के बीच स्वामी और सेविका का संबंध न रहकर आत्मिक संबंध विकसित होगए थे। लेखिका के साथ भक्तिन हर समय उपस्थित रहती थी ताकि लेखिका को आवश्यकता पड़ने पर वह उसकी मदद कर सकें। भक्तिन की बेटी और दामाद जब उसे बुलाने आए तो भक्तिन ने जाने से मना कर दिया । लेखिका के सामने भक्तिन ने धन के महत्त्व को भी कम कर दिया। भक्तिन लेखिका पर सब कुछ लुटाने को तैयार थी।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. भक्तिन पाठ की लेखिका कौन है ?

   (अ) कृष्णा सोबती (ब) महादेवी वर्मा

   (स) मीरा बाई (द) सुभद्र देवी

2. भक्तिन पाठ लेखिका महादेवी वर्मा के किस संग्रह से लिया गया है ?

   (अ) अतीत के चलचित्र (ब) स्मृति की रेखाएं

   (स) पथ के साथी (द) मेरा परिवार

3. महादेवी वर्मा का निबंध संग्रह कौनसा है ?

   (अ) नीहार (ब) दीपशिखा

   (स) आपदा (द) रश्मि

4. महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना के लिए मिला ?

   (अ) नीरजा (ब) यामा

   (स) नीहार (द) रश्मि

2. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

5. भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था ?
6. भक्तिन को यह नाम किसने और क्यों दिया ?
7. महादेवी वर्मा की किन्हीं तीन रचनाओं के नाम लिखो ?
8. भक्तिन के जीवन का परम कर्तव्य क्या था ?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

9. भक्तिन अपना नाम लोगों से क्यों छिपाती थी ?

10. भक्तिन ने हस्ताक्षर करने के नियम को क्या कहकर टाल दिया ?

11. भक्तिन का विवाह किस आयु वर्ष में किसके साथ हुआ था ?

4. **निबंधात्मक प्रश्न–**

12. लेखिका महादेवी वर्मा का जीवन परिचय संक्षिप्त रूप में लिखिए ?

13. भक्तिन व लेखिका का सम्बन्ध सेविका व मालिक का ना होकर आत्मिक था कैसे सिद्ध कीजिए ?

अध्याय 11

बाजार दर्शन

लेखक जैनेन्द्र कुमार का जीवन परिचय

लेखक जी जैनेन्द्र कुमार का जन्म वर्ष 1905 में अलीगढ़ उत्तर प्रदेश में हुआ था। हिन्दी साहित्य में प्रेमचन्द केबाद सबसे महत्त्वपूर्ण कथाकार के रूप में जाने जाते है। जैनेन्द्र जी ने अपने उपन्यासों और कहानियों के माध्यम से एक महत्त्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक कथा धारा की शुरूआत की। जैनेन्द्र जी को भारत सरकार द्वारा पदमभूषण से सम्मानित किया जा चुका है तथा साथ में साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया । सन् 1990 में इनका निधन हो गया।

प्रमुख रचनाएं–

उपन्यास परख अनाम स्वामी, सुनीता त्याग पत्र, कल्याणी

कहानी संग्रह– फाँसी, नीलम देश की राजकन्या, पाजेब आदि

निबंध संग्रह पूर्वोदय सोच–विचार आदि।

पाठ का सारांश –

लेखक ने इस अध्याय में 'बाजारवाद' पर व्यंग्य किया है। इन्होंने बताा कि पैसे के प्रभाव से हम बिना आवश्यकता के भी वस्तुएँ खरीदते जाते है। लेखक के एक मित्र बाजार में मामूली सी चीज लेने गए थे, किन्तु बाजार की जगमगाहट देखकर वे अनेक चीजें ले आए और सारा दोष अपनी पत्नी पर लगा दिया। लेखक के अनुसार यह सारा दोष केवल पैसों की ताकत का है। लेखक ने अपने दूसरे मित्र के बारे में यही अनुमान लगाया, जो बाजार से कुछ भी ना ला सके और वे अपनी पर्चेजिंग पावर के हिसाब से ही खुश है। इस प्रकार वह भी उपभोक्तावाद के शिकार है। बाजारवाद अपने आप में महत्त्वपूर्ण है। लेखक के मित्र ने भी बाजार की जगमगाहट को ही दोषी माना है। जो लोग इस जादू के शिकार हो जाते है वह अपना ही नुकसान कर बैठते है। इसका दूसरा उदाहरण यह है कि लेखक का एक मित्र बाजार की जगमगाहट में इस प्रकार फंसा कि दिनभर घूमने के बाद भी बाजार से कोई वस्तु खरीद ही नहीं पाया। लेखक के अनुसार बाजार का जादू खाली और भरी जेब दोनों पर चलता है। यदि जेब खाली है और मन भरा हुआ नहीं है तब भी बाजार अपनी ओर खींचता है औरयदि जेब भरी है तो खरीददारी तो आप खूब करेंगे। परन्तु व्यर्थ की। व्यर्थ की चीजों की खरीददारी से बाजार का जादू और ज्यादा प्रभावी होता है।

लेखक के अनुसार बाजार जाने सेपूर्व ही मन में यह दृढ़ निश्चय कर लेना चाहिए कि हमें क्या खरीदना है ? इससे व्यक्ति बाजार के जादू से अपने आपको बचा पाएगा और उसके द्वारा खरीदी गई वस्तु उसे आनन्द प्रदान करेगी।

लेखक के अनुसार व्यक्ति को अपने मनको नियंत्रित कर जीवन के सभी महत्त्वपूर्ण निर्णय सोच–विचारकर लेने चाहिए। चूर्ण बेचने वाले भगत जी का जीवन एक आदर्श जीवन है। इनका चूर्ण इतना प्रसिद्ध है कि अगर व्यापार की दृष्टि से बेचते तो वह एक धनवान व्यक्ति होता किन्तु वह निश्चित समय परघर से निकलते थे और चूर्ण की बिक्री से छः आने की कमाई हो जाती थी तभी तक चूर्ण बेचते थे बाकी का चूर्ण फ्री में बच्चों में बांट देते थे। बाजार का जादू भगत जी को अपनी ओर आकर्षित नहीं कर पाता था। क्योंकि वह एक विवेकपूर्ण निर्णय लेने वाले व्यक्ति थे। कई बार बाजार में दौडती कार को देखकर हम सोचते है कि काश हम भी किसी अमीर व्यक्ति के यहां पैदा होते है। किन्तु यहां सोच भगतजी को अपनी ओर नहीं खींचती है। भगतजी के पास ऐसा कौनसा बल है जिससे उनके सामने तमाम व्यंग्य–शक्ति असफल हो जाती है। ऐसे व्यक्तियों में आध्यात्मिक, आत्मिक, धार्मिक या नैतिक बल होता है। लेखक जी के अनुसार बाजार की सार्थकता वहीं व्यक्ति दे पाता है, जिसे यह पता होता है कि उसे कब क्या और कितना खरीदना है ? अनावश्यक वस्तुएं खरीदने वाले व्यक्ति 'पर्चेजिंग पावर' के गर्व में बाजार की शैतानी शक्ति और व्यंग्य शक्ति को ही बढ़ावा देताहै। लेखक ने अपने दो मित्रों के उदाहरण दिए और बताते है कि अर्थशास्त्र केवल बाजार का पोषण करता है। वह अनीतिशास्त्र है। यह उपभोक्ता को दुःख, गरीबी तथा ईष्या देता है। ऐसे बाजारवाद को लेखक गलत मानते है। इस प्रकार इस अध्याय में लेखक ने आज के बढ़ते हुए उपभोक्तावाद पर व्यंग्य किया है तथा संदेश दियाहै कि हमें अपनी जरूरतों के अनुसार ही बाजार से सामान खरीदना चाहिए।

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

1. 'बाजार दर्शन' पाठ के लेखक हैं ?

   (अ) जैनेन्द्रकुमार (ब)महादेवीवर्मा

   (स)रामचन्द्रशुक्ल (द)धर्मवीरभारती

2. लेखक जैनेन्द्र कुमार का जन्म कहाँ हुआ था ?

   (अ)लखनऊ में (ब) बिलासपुर में

   (स) अलीगढ़ में (द) बनारस में

3. लेखक के अनुसार भगत जी क्या बेचते थे ?

   (अ) नमकीन (ब) मिठाई

   (स) चूरन (द) दवाईयां

4. जैनेंद्र कुमार की रचना 'पाजेब' किस विद्या की है ?

   (अ) कहानी संग्रह (ब) निबंध

   (स) उपन्यास (द) काव्य रचना

2. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

5. लेखक ने बाजार का पोषण करने वाले अर्थशास्त्र का क्या नाम दिया ?
6. बाजार को सार्थकता कौनसे लोग देते है ?
7. बाजार का जादू भगतजी को अपनी ओर आकर्षित क्यों नहीं कर पाया ?
8. भगत जी के पास ऐसा कौनसा बल है, जिसके सामने व्यंग्यशक्ति भी असफल हो जाती है, लिखिए ?

3. **लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

9. 'पर्चेजिंग पॉवर' से आप क्या समझते है। स्पष्ट कीजिए।
10. लोगों से बाजार क्या कहता है ?
11. लेखक जैनेन्द्र कुमार ने बाजार के जादू के प्रभाव से बचने का क्या उपाय बताया है ?
12. 'बाजार दर्शन' के आधार पर पैसे की व्यंग्य शक्ति' को उदाहरण सहित समझाइए।

4. **निबंधात्मक प्रश्न–**

13. बाजार में भगत जी के व्यक्तित्व का कौनःसा सशक्त पहलू उभरकर आता है ?
14. बाजार का जादू चढ़ने और उतरने पर क्या–क्या असर पड़ता है ?

अध्याय 12

काले मेघा पानी दे

(धर्मवीर भारती)

धर्मवीर भारती (लेखक) का जीवन परिचय–

धर्मवीर भारती का जन्म सन् 1926 में इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) में हुआ था। इन्हें पद्मश्री पुरसकार, व्यास सम्मान एवं साहित्य के अनेक सम्मानों से सम्मानित किया गया। भारती जी का सन् 1997 में निधन हो गया। इन्होंने धर्मयुग पत्रिका का संपादन किया।

प्रमुख रचना–

काव्य रचना– कनुप्रिया, सात गीत वर्ष, ठंडा लोहा कहानी–बंद गली का आखिरी मकान। उपन्यास– सूरज का सातवां थोड़ा, गुनाहों का देवता।

निबंध– ठेले पर हिमालय।

पाठ का सारांश–

'काले मेघा पानी दे' धर्मवीर भारती द्वारा लिखित संस्मरण विधा की एक रचना है। आषाढ़ के महीने में जब 15 दिनों तक भी बारिश नहीं होती, तो किशोरावस्था वाले लड़कों की 'इंदर सेना' घर–घर जाकर पानी मांगती है। 'बोल गंगा मैया की जय' का जयकारा लगाते ये लड़के गाते हुए

'काले मेघा पानी दे
गगरी फूटी बैल पियासा
पानी दें, गुडधानी दे,
काले मेघा पानी दे।

पानी की कमी होते हुए भी महिलाएं बचाकर रखा हुआ पानी भी उन पर डाल देती है। पानी डालने के बाद फिर कीचड में लेटने से इन बालकों के हाथ–पैर, पेट, बदन मुख मिट्टी में लिपट जाते हैं। इनको देखकर लोगों ने मेढ़क–मंडली का नाम दे दिया। बारिश ना होने के कारण तालाब सूख जाते है, घरों के कुओं में भी पानी नहीं रहता। ऐसे में गांव–गांव में पानी की परेशानी हो जाती है। पशु–पक्षी प्यासे मरने लगते है और यदि इतने पर भी वर्षा नहीं होती तो इंदर सेना बादलों से पानी मांगने के लिए निकल पड़ती है। ऐसे में लेखक सोचता है कि जब पानी की इतनी कमी है तो महिलाएं इंदर सेना पर पानी डालकर अपना अंधविश्वास ही क्यों देखती है।

लेखक आर्य समाजी होने के साथ ही कुमार–सुधार सभा का उपमंत्री भी था। इसलिए उसमें समाज को सुधारने का जोश है। अंधविश्वासों के विरूद्ध उसके पास सबल तर्क है। वह सभी पूजा–अनुष्ठानों को बुरा मानता है। इसलिए लेखक जी समाज में फैली सभी बुराईयों को वह जड़ से समाप्त करना चाहता है। लेखक की एक जीजी (दीदी) जिनकी लेखक जी इज्जत करते थे। वह लेखक को बहुत लाड–प्यार करती थी। जिन बातों को जीजी मान सम्मान देती थी, लेखक उनकी बातों को समाज में फैली बुराई बताते है। लेखक भी सभी त्योहारों तथा पूजा–अनुष्ठानों में उनकी मदद करता था। लेखक जीजी के बातों के सामने निरूत्तर हो जाता था। लेखक ने जीजी के कहने पर भी इंदर सेना पर पानी नहीं फेंका। जीजी के आग्रह के बाद भी लेखक ने न तो पानी फेंका और नही जीजी के लड्डू मठरी खाए। जीजी कहती है यह पानी की बर्बादी नहीं यह पानी का अर्ध्य है। कुछ पाना है तो पहले कुछ देना होता है। दान को सबसे महान कहा गया है। दान के लिए त्याग करना अनिवार्य है। अभाव की स्थिति में किया गया दान ही सच्चा त्याग होता है। पानी देकर बीज बोते है, काले बादलों से पानी मांगते है। पहले खुद दो, तो देवता तुम्हे चौगुना करके लौटाएंगे। पचास साल के बाद लेखक यह सोचता है कि हम देश के लिए क्या कर रहे है ? राजनीतिक स्वतंत्रता मिलने के बाद भी हमें अपने देश के संस्कारों की समझ अभी तक नहीं आई है। हमारी स्थिति मांगने की तो हर समय बनी रहती है, किन्तु त्याग करने में हम पीछे हट जाते है कि आज का आदमी अत्यधिक स्वार्थी हो गया है। ये बातें लेखक के मन को दुख देती है। हम चारों ओर फैल रहे भ्रष्टाचार को लेकर बातें करते है लेकिन यह नहीं है कि कहीं हम भी तो भ्रष्टाचार के शिकार नहीं बन रहे है। काले मेघ दल–बल सहित उमड़ते है पानी झमाझम बरसता है। गगरी फूटी की फूटी रह जाती है। आखिर कब बदलेगी यह स्थिति ? लेखक इन्हीं प्रश्नों से अपने आपको घिरा पाता है। इस प्रकार लेखक ने इस संस्मरण में विज्ञान और विश्वास के द्वंद्व का सुंदर चित्रण किया है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. 'काले मेघा पानी दें' पाठ के लेखक है–

   (अ) कृष्णा सोबती (ब) धर्मवीर भारती

   (स) रामचरण शर्मा (द) इनमें से कोई नहीं

2. धर्मवीर भारती का उपन्यास निम्न में से कौनसा है ?

   (अ) ग्राम देवता (ब) मैला आँचल

   (स) गुनाहों का देवता (द) इनमें से कोई नहीं

3. धर्मवीर भारती द्वारा किस पत्रिका का संपादन किया गया ?

   (अ) मतवाला (ब) समन्वय

   (स) धर्मयुग (द) इनमें से कोई नहीं

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

4. गाँव वाले बारिश के लिए किस देवता से प्रार्थना करते थे ?
5. मेंढ़क मण्डली में किस आयु (अवस्था) के लड़के होते थे ?
6. लेखक ने किस कार्य से इनकार किया और क्यों ?
7. इन्दर सेना घर–घर पानी माँगते हुए कौनसा नारा लगाती है ?
8. लेखक धर्मवीर भारती आर्य समाजी होने के साथ–साथ कौनसी सभा के उपमंत्री थे ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

9. लेखक अपनी बुद्धि के अनुसार किस बात को मानने से मना करता है ?
10. 'काले मेघा पानी दें' में लेखक के वैज्ञानिक तर्क और उसकी जीजी के पारम्परिक तर्क की समीक्षा कीजिए ?
11. बचपन की घटनाओं के पचास वर्ष बाद लेखक क्या विचार कर रहा है ?

4. निबन्धात्मक प्रश्न–

12. लोगों ने लड़कों की टोली को मेढ़क–मण्डली नाम किस आधार पर दिया ? यह टोली अपने आपको इन्दर सेना कहकर क्यों बुलाती थी ?
13. 'पानी दे गुडधानी दे' मेघों से पानी के साथ–साथ गुड़धानी की माँग क्यों की जा रही है ?

अध्याय 13

पहलवान की ढ़ोलक

(फणीश्वर नाथ 'रेणु')

लेखक फणीश्वर नाथ 'रेणु' का जीवन परिचय–

फणीश्वर नाथ का जन्म सन् 1921 पूर्णिया(बिहार) में हुआ था। इनका निधन 11 अप्रैल सन 1977 को पटना में हुआ।

प्रमुख रचनाएं–

उपन्यास– मैला आँचल, परती परिकथा, दीर्घतपा

कहानी संग्रह– ठुमरी, अग्निखोर आदिम रात्रि की महक।

संस्मरण– ऋण जल धनजल, वन तुलसी की गंध ।

प्रसिद्ध फणीश्वर नाथ 'रेणु' का निधन 1977 में पटना में हुआ।

पाठ का सार–

इस अध्याय में व्यवस्था के बादलने के साथ लोक कला और इसके कलाकार के अप्रासंगिक होने की कहानी है। राजा साहब की जगह नये राजकुमार का आना पूरी व्यवस्था को पलट देता है। यह भारत पर इंडिया के छा जाने की समस्या है।

1. किसान और कृषि उत्पादन, 2. ग्रामीण समुदाय, 3. कृषि समाज में महिलाएँ, 4 जंगल और कबीले, 5. जमींदार, 6. भू–राजस्व प्रणाली, 7. चाँदी का बहाव, 8. अबुल फजल की आइन–ए–अकबरी

भारतीय इतिहास के कुछ विषय भाग–III

खण्ड–ग इकाई 9–12

विषय–नौ : उपनिवेशवाद और देहात–सरकारी अभिलेखों का अध्ययन **6**

1. बंगाल और वहाँ के जमींदार, 2. कुदाल और हल, 3. देहात में विद्रोह बम्बई दक्कन, 4. दक्कन दंगा आयोग

विषय–दस : विद्रोही और राज –1857 का आंदोलन और उसके व्याख्यान **6**

1. विद्रोह का ढर्रा, 2. अवध में विद्रोह, 3. विद्रोही क्या चाहते थे ?, 4. दमन, 5. विद्रोह की छवियाँ

विषय–ग्यारह : महात्मा गाँधी और राष्ट्रीय आंदोलन–सविनय अवज्ञा और उससे आगे **7**

1. स्वयं की उद्घोषणा करता एक नेता, 2. असहयोग की शुरुआत और अंत, 3. नमक सत्याग्रह नजदीक से एक नजर, 4. भारत छोड़ो, 5. आखिरी, बहादुराना दिन, 6. गाँधी को समझना

विषय–बारह : संविधान का निर्माण–एक नए युग की शुरुआत **6**

1. उथल–पुथल का दौर, 2. संविधान की दृष्टि, 3. अधिकारों का निर्धारण, 4. राज्य की शक्तियाँ, 5. राष्ट्र की भाषा

इकाई 13 मानचित्र कार्य **6**

मॉडल पेपर 2023–24

कक्षा–12

विषयः इतिहास

समयः 4.15 घंटे | पूर्णांकः 80 अंक

खण्ड –'अ'

प्रश्न सं. 1 के (i) से (XV) तक प्रत्येक 1 अंक का है। (1x15=15 अंक)

निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिये।

(i) हड़प्पा सभ्यता के अंतर्गत विशाल स्नानागार स्थित है–

(अ) मोहनजोदड़ो (ब) कालीबंगा

(स) रंगपुर (द) चन्हूदड़ो ( )

(ii) भारतीय अभिलेख विज्ञान में ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपियों को पढ़ने वाला था–

(अ) जॉन मार्शल (ब) कनिंघम

(स) व्हीलर (द) जेम्स प्रिंसिप ( )

(iii) अशोक ने धम्म के प्रचार के लिए किस अधिकारी की नियुक्ति की ?

(अ) धर्माध्यक्ष (ब) दानाध्यक्ष

(स) सैन्य महामात्त (द) धर्ममहामात्त ( )

(iv) किस सातवाहन शासक ने स्वंय को अनूठा ब्राह्मण एवं क्षत्रियों के दर्प का हनन करने वाला बताया था–

(अ) शातकर्णी प्रथम (ब) गौतमी पुत्र शातकर्णी

(स) वसिपठी पुत्र शातकर्णी (द) पुलुमावि शातकर्णी ( )

(v) एकलव्य किस वर्ग से जुड़ा हुआ था ?

(अ) कृषक (ब) पशुपालन

(स) व्यवसायी वर्ग (द) निषाद वर्ग ( )

(vi) बौद्ध संघ में सम्मिलित होने वाली प्रथम भिक्षुणी थी–

(अ) महामाया (ब) पुन्ना

(स) महाप्रजापति गौतमी (द) सुलक्षणी ( )

(vii) 'रिहला' का लेखक कौन था ?

(अ) अल–बिरूनी (ब) हसन निजामी

(स) फिरदौसी (द) इब्नबतूता ( )

(viii) कर्नाटक की वीर शैव परम्परा के प्रवर्तक थे–

(अ) शंकराचार्य (ब) रामानुज

(स) बासवन्ना (द) सुन्दरम ( )

(ix) सोलहवीं तथा सत्रहवीं शताब्दियों के कृषि इतिहास की जानकारी देने वाला प्रमुख ऐतिहासिक ग्रंथ था–

(अ) अकबरनामा (ब) आइन–ए–अकबरी

(स) बादशाहनामा (द) बाबरनामा ( )

(x) किस मुगल सम्राट ने तम्बाकू के धूम्रपान पर प्रतिबंध लगा दिया था–

(अ) अकबर (ब) बाबर

(स) जहाँगीर (द) शाहजहाँ ( )

(xi) गाँव की पंचायत का मुखिया कहलाता था ?

(अ) फौजदार (ब) ग्राम प्रधान

(स) चौकीदार (द) मुकद्म (मंडल) ( )

(xii) बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त कब लागू हुआ?

(अ) 1791 में (ब) 1793 में

(स) 1795 में (द) 1797 में ( )

(xiii) निम्न में से कौन 34वीं रेजीमेंट का सिपाही था ?

(अ) मंगल पाण्डे (ब) अजीमुल्ला

(स) कुंवर सिंह (द) बख्त खाँ ( )

(xiv) 10 मई 1857 को सैनिकों ने कहाँ विद्रोह शुरू किया ?

(अ) मेरठ (ब) बनारस

(स) इलाहबाद (द) बिहार ( )

(xv) 'हिन्द स्वराज' नामक पुस्तक किसने लिखी ?

(अ) पं. जवाहर लाल नेहरू (ब) राजेन्द्र प्रसाद

(स) महात्मा गांधी (द) इनमें से कोई नहीं ( )

प्रश्न संख्या 2 के (i) से (v) तक प्रत्येक 1 अंक का है।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (1x5=5 अंक)

(i) हड़पाई मुहर ..... से बनाई गयी थी। (सेलखडी पत्थर/कठोर पत्थर)

(ii) किताब–उल–हिन्द ग्रंथ ..... भाषा में लिखा गया। (प्राकृत/अरबी)

(iii) आमुक्तमालयद्म की रचना ..... ने की। (सदाशिव/कृष्णदेवराय)

(iv) संथालों की शक्ति का प्रतीक ..... था। (हल/फावडा)

(v) देशी रियासतों का एकीकरण ..... के नेतृत्व में हुआ। (सरदार वल्लभ भाई पटेल / महात्मा गांधी)

प्रश्न 3 से 12 तक प्रत्येक 1 अंक का है। **(1x10=10 अंक)**

(निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक पंक्ति में दीजिए)

3. 'आद्य शिव मुहर' किस पुरास्थल से प्राप्त हुई ?
4. अभिलेखों में अशोक को किन दो नामों से सम्बोधित किया गया है ?
5. महाभारत का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्यात्मक अंश कौनसा है ?
6. लोगों को गोत्रों में वर्गीकृत करने की ब्राह्मणीय पद्धति कब प्रचलन में आई ?
7. महावीर स्वामी जैन धर्म के कौनसे तीर्थंकर थे ?
8. कैलाशनाथ का मंदिर कहाँ स्थित है ?
9. इब्नबतूता के अनुसार भारत का सबसे बड़ा शहर कौनसा था ?
10. 'ट्रैवल्स इन द मुगल एम्पायर' नामक ग्रंथ का रचयिता था ?
11. अकबर के समय में वह जमीन क्या कहलाती थी, जिसे कभी खाली नहीं छोड़ा जाता था ?
12. 'खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी' यह कविता किसने लिखी ?

खण्ड– 'ब'

प्रश्न संख्या 13 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। **(2x7=14 अंक)**

13 ऋग्वेद के 'पुरूषसुक्त' के अनुसार चार वर्णों की उत्पत्ति कैसे हुई ?

14. अल–बिरूनी के अनुसार फारस में समाज किन चार वर्गों में विभाजित था ?
15. विजयनगर किन बाजारों के लिए प्रसिद्ध था ?
16. आइन–ए–अकबरी के अनुसार भू–राजस्व वसूल करने के लिए कौनसी प्रणालियां अपनाई जाती थी?
17. जोतदार किन्हें कहा जाता था ?
18. 1857 के गदर में बंगाल के किस राजा ने अंग्रेजों की मदद की थी ?
19. संविधान के मसविदे में विषयों के आवंटन हेतु कितनी सूचियां बनाई गई थी ? नाम लिखिए।

खण्ड–'स'

प्रश्न संख्या 20 से 25 तक प्रत्येक 3 अंक का है। **(3x6=18 अंक)**

20. हड़प्पा सभ्यता के गृह–स्थापत्य की दो विशेषताएँ लिखिये।
21. अशोक के 'धम्म' से आप क्या समझते है ?
22. हीनयान और महायान बौद्ध सम्प्रदायों में अंतर स्पष्ट कीजिये।
23. विजय नगर की स्थापत्य कब व किसन की ? तथा गोपुरम किसे कहते है ?
24. 1857 के विद्रोह के समय भारतीय सैनिकों में असंतोष के क्या कारण थे ? किन्हीं दो को लिखिए।
25. हमारा संविधान 26 जनवरी 1950 को क्यों लागू किया गया? स्पष्ट कीजिए।

खण्ड–'द'

प्रश्न सं. 26 से 28 तक प्रत्येक 6 अंक का है। **(6 x 3 =18 अंक)**

26. सूफी मत के मुख्य धार्मिक विश्वासों और आचारों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

कबीर के मुख्य उपदेशों का वर्णन कीजिए।

27. असहयोग आन्दोलन एक तरह का प्रतिरोध था ? विवेचना कीजिये।

अथवा

निम्न पर टिप्पणी लिखिये–

1. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड
2. गोलमेज सम्मेलन

28. भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को अंकित कीजिये–

(1) कालीबंगा (2) पाटलीपुत्र (3) कश्मीर

(4) सारनाथ (5) हम्पी (6) झाँसी

अनुक्रमणिका

विषय–इतिहास

कक्षा–12

भाग–1	
अध्याय 1	ईटें, मनके तथा अस्थियाँ (हड़प्पा सभ्यता)
अध्याय 2	राजा, किसान और नगर–आरम्भिक राज्य और अर्थव्यवस्थाएँ (लगभग 600 ई.पू. से 600 ईसवी)
अध्याय 3	बंधुत्व, जाति तथा वर्ग – आरम्भिक समाज (लगभग 600 ई.पू. से 600 ईसवी)
अध्याय 4	विचारक, विश्वास और इमारतें–सांस्कृतिक विकास (लगभग 600 ई.पू. से 600 ईसवी)
भाग–2	
अध्याय 5	यात्रियों के नजरिए – समाज के बारे में उनकी समझ (लगभग दसवीं से सत्रहवीं सदी तक)
अध्याय 6	भक्ति–सूफी परम्पराएँ – धार्मिक विश्वासों में बदलाव और श्रद्धा ग्रंथ (लगभग आठवीं से अठारहवीं सदी तक)
अध्याय 7	एक साम्राज्य की राजधनी : विजय नगर (लगभग चौदहवीं से सोलहवीं सदी तक)
अध्याय 8	किसान, जमींदार और राज्य कृषि समाज और मुगल साम्राज्य (लगभग सोलहवीं और सत्रहवीं सदी)
भाग–3	
अध्याय 9	उपनिवेशवाद और देहात – सरकारी अभिलेखों का अध्ययन
अध्याय 10	विद्रोही और राज – 1857 का आंदोलन और उसके व्याख्यान
अध्याय 11	महात्मा गांधी और राष्ट्रीय आंदोलन– सविनय अवज्ञा और उससे आगे
अध्याय 12	संविधान का निर्माण– एक नये युग की शुरूआत

अध्याय–1

ईंटें, मनके तथा अस्थियाँ

(हड़प्पा सभ्यता)

पाठ का सार–

प्रस्तुत अध्याय में हम आरम्भिक हड़प्पा, विकसित हड़प्पा तथा पतनशील (उतरोत्तर) हड़प्पा सभ्यता के बारे में अध्ययन करेगें। हड़प्पा सभ्यता का काल निर्धारण 2600 ई. पूर्व से 1900 ई. पूर्व के बीच किया गया है। 1920 के दशक में हड़प्पा सभ्यता की खोज हुई। 1921 में दयाराम साहनी ने हड़प्पा की खुदाई तथा 1922 में श्री राखालदास बनर्जी ने मोहनजोदड़ों की खोज की। हड़प्पा सभ्यता की सबसे विशिष्ट पुरावस्तु मुहर हैं जो कि सेलखड़ी नामक मुलायम पत्थर से बनाई गई है। इस सभ्यता को सिंधु घाटी सभ्यता भी कहा जाता है।

हड़प्पा सभ्यता के लोग गेंहूँ, जौ, दाल, सफेद चना, तिल, बाजरा, चावल इत्यादि की खेती करते थे। हड़प्पा स्थलों से मिली जानवरों की हड्डियों में भेड़, बकरी, भैंस, सुअर, हिरण तथा घड़ियाल की हड्डियाँ शामिल है। इतिहासकारों को थार रेगिस्तान से लगा हुआ पाकिस्तान का रेगिस्तानी क्षेत्र चोलिस्तान और बनावली (हरियाणा) से मिट्टी के बने हल के प्रतिरूप मिले है। खेत जोतने के लिए बैलों का प्रयोग होता था। कालीबंगा (राजस्थान) से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिले है। खेती में सिंचाई के लिए नदी, नहरें, कुओं, जलाशयों का पानी लिया जाता होगा।

अफगानिस्तान में शोर्तुधई नामक हड़प्पा स्थल से नहरों के कुछ अवशेष मिले है तथा शोर्तुधई से ही नीले रंग के कीमती पत्थर लाजवर्द मणि को प्राप्त किया गया।

हड़प्पा सभ्यता का एक नियोजित शहरी केन्द्र मोहनजोदड़ों था। मोहनजोदडों नगर दुर्ग और निचला शहर दो भागों में विभाजित था। दुर्ग पर स्थित दो प्रमुख संरचनाओं 1. मालगोदाम और 2. विशाल स्नानागार के साक्ष्य मिले है। अवतल चक्कियाँ भी बड़ी संख्या में मिली है। लगभग 700 के आसपास कुएँ मिले है।

भवन निर्माण, नालों का निर्माण, दुर्ग, विशाल स्नानागार में पक्की ईंटों का प्रयोग किया गया है। जो 4 : 2 : 1 आकार की होती थी।

शिल्प कार्यो में मनके बनाना, शंख की कटाई, धातुकर्म, मुहर निर्माण तथा बाट बनाना था। मनके बनाने के लिए चन्हूदड़ों और लोथल प्रसिद्ध था। बालाकोट तथा नागेश्वर में शंख की वस्तुओं का निर्माण होता था। बाट चर्ट नामक पत्थर से बनाये जाते थे। ओमान और मेसोपोटामिया से हड़प्पावासियों के व्यापारिक संबंध थे। हड़प्पाई मर्तबान ओमान स्थल से प्राप्त हुआ है तथा मेसोपोटामिया के लेख मेलुहा को नाविकों का देश कहते है। राजस्थान के खेतड़ी अंचल से हड़प्पा सभ्यता के लोग ताँबा मंगाते थे। सामाजिक भिन्नताओं का पता लगाने के लिए दो विधियों का प्रयोग किया गया– 1. शवधानों का

अध्ययन 2. उपयोगी तथा विलासिता की वस्तुओं की खोज। चक्कियाँ, मृदभाण्ड, सूइयाँ, झाँवा उपयोगी वस्तुएँ है।

व्यापार जलमार्ग और थल मार्ग दोनों रूपों में प्रचलित था। इस सभ्यता में तीन वर्ग– (1) पुरोहित या शासक वर्ग– (2) योद्धा या क्षत्रिय वर्ग (3) जनसाधारण वर्ग के अस्तित्व चिन्ह दिखाई देते है। हड़प्पा सभ्यता का क्रमिक पतन लगभग 1800 ई.पू. के आसपास शुरू हुआ। पतन के संदर्भ में विभिन्न विद्वानों के विभिन्न मत है जैसे जलवायु परिवर्तन, भीषण बाढ़, वनों की कटाई, नदियों का सूख जाना प्रशासनिक शिथिलता, जल प्लावन और महामारी।

हड़प्पाई लिपि को अभी तक पूर्णतया नहीं पढ़ा जा सका है। इस सभ्यता से प्राप्त भौतिक साक्ष्य ही पुरातत्वविद्वों का हड़प्पाई जीवन को ठीक प्रकार से पुननिर्मित करने में सहायक हुए है।

हड़प्पाई मुहरों के साथ रहस्यमय लिपि व अभिलेखों की खोज की गई। सबसे लम्बे अभिलेख में लगभग 26 चिन्ह है तथा हडप्पाई लिपि में चिन्हों की कुल संख्या लगभग 375 से 400 के बीच है। हड़प्पावासी मातृदेवी, आधशिव, पशु–पक्षियों, वृक्षों तथा लिंग पूजा करते थे। सबसे आरम्भिक ग्रंथ ऋग्वेद है जो लगभग 1500 से 1000 ईसा पूर्व के बीच संकलित किया गया है। अंग्रेजी में B.C. (बिफोर क्राइस्ट) ईसापूर्व तथा A.D. (एनी डामिनी) ईसा मसीह के जन्म के वर्ष से है। इन सब खोजों के आधार पर सन 1924 में भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के डायरेक्टर जनरल जॉन मार्शल ने पूरे विश्व के सामने एक नई सभ्यता की खोज की घोषणा की तथा भारतीय पुरातत्व का जनक अलेक्जैण्डर कनिंघम को कहा गया तथा एस.एन. राव ने 'द स्टोरी ऑफ इण्डियन आर्क्रियालोजी की रचना की।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. पुरातत्वविदों को हड़प्पा सभ्यता के किस स्थल से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिले है–
   (अ) धौलावीरा (ब) रंगपुर
   (स) राखीगढ़ी (द) कालीबंगा ( )
2. थार रेगिस्तान से लगा हुआ पाकिस्तान का रेगिस्तान क्षेत्र क्या कहलाता है ?
   (अ) नखलिस्तान (ब) पाकिस्तान
   (स) चोलिस्तान (द) अफगानिस्तान ( )
3. भारतीय पुरातत्व का जनक किसे कहा जाता है ?
   (अ) जॉन मार्शल (ब) मैके
   (स) दयाराम साहनी (द) अलेक्जैण्डर कनिंघम ( )
4. हड़प्पा सभ्यता के अंतर्गत विशाल स्नानागार स्थित है–
   (अ) मोहनजोदड़ो (ब) कालीबंगा
   (स) रंगपुर (द) चन्हूदड़ो ( )

5. मनके बनाने के लिए कौनसी बस्ती प्रसिद्ध थी ?

(अ) मोहनजोदड़ो (ब) बणावली

(स) धौलावीरा (द) चन्हूदड़ो ( )

6. बालाकोट तथा नागेश्वर किस वस्तु के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है ?

(अ) अस्त्र–शस्त्र (ब) जहाज

(स) शंख की वस्तुएं (द) मृदभाण्ड ( )

7. नीले रंग के कीमती पत्थर लाजवर्द को प्राप्त किया जाता था।

(अ) मोहनजोदडो (ब) भडौंच

(स) हडप्पा (द) शोंर्तुघई ( )

8. राजस्थान के खेतड़ी अंचल से हड़प्पा सभ्यता के लोग मंगाते थे ?

(अ) सोना (ब) ताँबा

(स) चांदी (द) लोहा ( )

9. हड़प्पा सभ्यता की सबसे विशिष्ट पुरावस्तु है–

(अ) सड़क (ब) मृदभाण्ड

(स) आभूषण (द) मुहर ( )

10. मिट्टी से बने हल के प्रतिरूप मिले है–

(अ) मोहनजोदड़ो (ब) बनावली

(स) मिताथल (द) चन्हूदड़ो

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–

11. हड़प्पाई मुहर ..... से बनाई गई थी ? (सेलखड़ी पत्थर / कठोर पत्थर)

12. मोहनजोदड़ों में कुओं की कुल संख्या ..... थी । (लगभग 700/1000)

13. सेलखड़ी जो एक बहुत ..... पत्थर है। (कठोर/मुलायम)

14. हड़प्पाई मर्तबान ..... स्थल से प्राप्त हुआ है। (ओमान/श्रीलंका)

15. भारत का सबसे आरम्भिक धार्मिक ग्रंथ ..... है। (सामवेद/ऋग्वेद)

16. सिंधु घाटी सभ्यता को ..... संस्कृति भी कहा जाता है। (हड़प्पा/लोथल)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

17. हड़प्पा के किस स्थल से नहरों के अवशेष मिले है ?

18. अवतल चक्कियाँ हड़प्पाई सभ्यता के किस स्थल से प्राप्त हुई है ?

19. हड़प्पा सभ्यता के नगरों के भवन किससे बने होते थे ?
20. हड़प्पा सभ्यता में सिंचाई के साधनों के नाम लिखिए।
21. मोहनजोदड़ों के दुर्ग पर स्थित दो प्रमुख संरचनाओं के नाम लिखिए।
22. पुरातत्वविदों द्वारा खोजी गई उपयोगी वस्तुओं के नाम लिखिए।
23. हड़प्पा सभ्यता में मनके बनाने के दो प्रमुख स्थानों के नाम लिखिए।
24. हड़प्पा सभ्यता में कौन–कौन से शिल्प कार्य प्रचलित थे ? कोई दो लिखिए।
25. किन्हीं दो देशों के नाम लिखिए जिनसे हड़प्पावासियों के व्यापारिक सम्बन्ध थे ?
26. नाविकों का देश किसे कहते है ?
27. हड़प्पा सभ्यता के सबसे लम्बे अभिलेख में कितने चिन्ह है ?
28. हड़प्पाई लिपि में चिन्हों की संख्या कुल कितनी है ?
29. बाट सामान्यतः किस पत्थर से बनाए जाते थे ?
30. 'द स्टोरी ऑफ इण्डियन आर्कियोलॉजी' के रचयिता कौन थे ?
31. अंग्रेजी में बी.सी. का क्या तात्पर्य है ?
32. ए.डी. (A.D.) का क्या तात्पर्य है ?
33. हड़प्पा सभ्यता का काल निर्धारण कीजिये ?
34. 'आद्य शिव मुहर' किस पुरास्थल से प्राप्त हुई है ?
35. ऋग्वेद कब संकलित किया गया था ?
36. जॉन मार्शल ने 1924 में सिन्धुघाटी में उत्खनन के संदर्भ में क्या घोषणा की ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

37. हड़प्पा पूर्व की बस्तियों की क्या विशेषताएं थी ?
38. हड़प्पा स्थलों से मिले अनाज के दानों के नाम लिखिए।
39. हड़प्पा स्थलों से किन जानवरों की हड्डियाँ मिली है ?
40. मोहनजोदड़ों नगर किन दो भागों में विभाजित था ?
41. हड़प्पा सभ्यता के नगरों के भवनों के निर्माण में अधिकतर किस आकार की ईंटों का प्रयोग होता था ?
42. पुरातत्वविदों द्वारा हड़प्पा सभ्यता में पाई जाने वाली सामाजिक भिन्नताओं का पता लगाने के लिए किन दो विधियों का प्रयोग किया ?
43. पुरावस्तुओं के आधार पर बताइये कि हड़प्पावासी किनकी पूजा करते थे ?
44. हड़प्पा सभ्यता के गृह स्थापत्य की दो विशेषताएं बताइये ?
45. हड़प्पा की खुदाई का कार्य कब और किसके नेतृत्व में किया गया।

46. हड़प्पा सभ्यता के पतन के चार कारणों का उल्लेख कीजिए।

निबन्धात्मक प्रश्न–

47. मनकों के निर्माण में किन पदार्थों को प्रयुक्त किया जाता था? तथा मनके बनाने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिये।
48. हड़प्पा सभ्यता के नगरों की जल निकास प्रणाली का वर्णन कीजिये।
49. मोहनजोदड़ों की कुछ विशिष्टताओं का वर्णन कीजिये।

अध्याय–2

राजा, किसान और नगर

आरम्भिक राज्य और अर्थव्यवस्थाएँ

(लगभग 600 ई. पूर्व से 600 ई.)

पाठ का सार–

हड़प्पा सभ्यता के पश्चात 1500 वर्षों के दौरान उपमहाद्वीप के विभिन्न भागों में कई प्रकार के विकास हुए। इस अवधि में ऋग्वेद की रचना हुई। उत्तर भारत, दक्कन पठार क्षेत्र, कर्नाटक आदि में कृषक बस्तियां बसी। इस युग में शवों के अंतिम संस्कार के नये तरीके सामने आए।

ईसा पूर्व छठी शताब्दी से नए परिवर्तनों के प्रमाण मिलते है। इस युग में आरम्भिक राज्यों, साम्राज्यों और रजवाड़ों का विकास हुआ। संपूर्ण महाद्वीपों में नये नगरों का उदय हुआ। अभिलेखों, ग्रंथों, सिक्कों तथा चित्रों से इस युग में हुए विकास की जानकारी मिलती है। भारत में सोलह महाजनपदों का उदय हुआ। छठी से चौथी शताब्दी ई.पूर्व में मगध (आधुनिक बिहार) सबसे शक्तिशाली महाजनपद बन गया। मगध के विकास के साथ–साथ मौर्य साम्राज्य का उदय हुआ। मौर्य साम्राज्य का संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य (लगभग 321 ई.पूर्व) था। इन्होंने चाणक्य की सहायता से मौर्य साम्राज्य की स्थापना की।

बौद्ध ग्रंथों के अनुसार अशोक सर्वाधिक प्रसिद्ध शासकों में से एक था। अशोक पहला सम्राट था जिसने अपने अधिकारियों और प्रजा के लिए संदेश पत्थरों एवं स्तम्भों पर लिखवाये। अशोक ने अपने अभिलेखों के माध्यम से 'धम्म' का प्रचार किया। मौर्य साम्राजय का प्रशासन और महत्व के बारे में बतलाया गया है। मौर्य शासकों की राजधानी पाटलिपुत्र थी। दक्षिण के क्षेत्र में स्थित तमिलकम में चोल, चेर और पाण्ड्य जैसी सरदारियों का उदय हुआ। ये राज्य बहुत ही समृद्ध और स्थायी सिद्ध हुए।

कुषाण शासकों तथा गुप्त शासकों के बारे में बताया गया। गुप्त शासकों का इतिहास साहित्य, सिक्कों और अभिलेखों की सहायता से लिखा गया है। इलाहाबाद स्तम्भ अभिलेख के नाम से प्रसिद्ध 'प्रयाग प्रशस्ति' की रचना हरिषेण जो स्वंय गुप्त सम्राटों के सबसे शक्तिशाली सम्राट समुद्रगुप्त के राज कवि थे। कुषाण शासकों ने अपने नाम के आगे (देवपुत्र) की उपाधि लगाई। वाकाटक वंश की शासिका प्रभावती गुप्त ने भूमिदान किया।

अशोक ने 'धम्म' के प्रचार के लिए धर्ममहामात्त की नियुक्ति की। अशोक के अधिकांश अभिलेख प्राकृत भाषा में लिखे गये। अशोक को अभिलेखों में देवानामप्रिय तथा देवानाप्रियदस्सी के नाम से सम्बोधित किया गया है। चाणक्य ने अर्थशास्त्र तथा मेगस्थनीज द्वारा लिखित 'इण्डिका' मौर्य साम्राज्य के इतिहास की जानकारी के प्रमुख स्रोत है। मौर्य साम्राजय को अंतिम शासक वृहद्रथ।

प्रथम शताब्दी ईस्वी में कुषाण राजाओं ने सोने के सिक्के जारी किये। सिक्कों का अध्ययन 'मुद्रा शास्त्र' है। पश्चिमोत्तर के अभिलेखों में प्रयुक्त ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपि को पढ़ने वाला जेम्स प्रिंसेप था। बाणभट्ट ने हर्षचरित की रचना की।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. भारतीय अभिलेख विज्ञान में ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपियों को पढ़ने वाला था ?

   (अ) जॉन मार्शल (ब) कनिंघम

   (स) व्हीलर (द) जेम्स प्रिंसेप ( )

2. 'अर्थशास्त्र' का रचयिता कौन था ?

   (अ) बाणभट्ट (ब) चाणक्य

   (स) कल्हण (द) मेगस्थनीज ( )

3. अशोक ने धम्म के प्रचार के लिए किस अधिकारी की नियुक्ति की ?

   (अ) धर्माध्यक्ष (ब) दानाध्यक्ष

   (स) सैन्य महामात्त (द) धर्ममहामात्त ( )

4. कौनसे शासक अपने नाम से आगे 'देवपुत्र' की उपाधि लगाते थे ?

   (अ) मौर्य शासक (ब) शुंग शासक

   (स) सातवाहन शासक (द) कुषाण शासक ( )

5. मौर्य साम्राज्य का अंतिम शासक था ?

   (अ) देववर्मन (ब) वृहद्थ

   (स) कृणाल (द) शालिशुक ( )

6. बौद्ध और जैन धर्म के आरम्भिक ग्रंथों में कितने महाजनपदों का उल्लेख मिलता है ?

   (अ) 8 (ब) 18

   (स) 16 (द) 14 ( )

7. चन्द्रगुप्त मौर्य ने किसकी सहायता से मौर्य साम्राज्य की स्थापना की ?

   (अ) चाणक्य (ब) धनानंद

   (स) मेगस्थनीज (द) सेल्युकस ( )

8. अशोक के अधिकांश अभिलेख किस भाषा में है ?

   (अ) संस्कृत (ब) पालि

   (स) हिन्दी (द) प्राकृत ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–

9. छठी शताब्दी ई.पू. में सर्वाधिक शक्तिशाली जनपद ..... था। (मगध/पांचाल)
10. 'इण्डिका' की रचना ..... ने की थी ? (मेगस्थीज/कर्टियस)
11. धम्म का सिद्धान्त .....ने प्रतिपादित किया। (बिन्दुसार/अशोक)
12. प्रयाग प्रशस्ति की रचना ..... ने की थी ? (हरिषेण/कालिदास)

13. अशोक ने ..... धर्म को राज्याश्रय दिया। (जैन/बौद्ध)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

14. मौर्य शासकों की राजधानी पाटलिपुत्र का वर्तमान नाम क्या है?
15. गण और संघ नामक राज्यों में कौन शासन करता था ?
16. 'राजगाह' का शाब्दिक अर्थ बताइये ?
17. हर्षचरित्र की रचना किसने की थी ?
18. अभिलेखों में अशोक को किन दो नामों से सम्बोधित किया गया है ?
19. 'जनपद' का अर्थ स्पष्ट कीजिये ?
20. मुद्राशास्त्र किसे कहते है ?
21. गहपति कौन था ?
22. किस महिला शासिका द्वारा किया गया भूमिदान का उदाहरण विरला उदाहरण माना जाता है?
23. अशोक के अधिकांश अभिलेखों और सिक्कों पर उसका क्या नाम लिखा है ?
24. अभिलेख किसे कहते है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

25. मगध महाजनपद के सबसे शक्तिशाली होने के दो कारण बताइये ?
26. ऐसे पांच महाजनपदों के नाम लिखिए जिनके नाम जैन और बौद्ध ग्रंथों में मिलते है ?
27. अशोक के 'धम्म' से आप क्या समझते है ?
28. भारत में सोने के सिक्के सबसे पहले कब और किस वंश के राजाओं ने जारी किए थे ?
29. सुदर्शन झील का निर्माण किसने करवाया था तथा किस शक राजा ने इसकी मरम्मत करवाई थी।
30. अशोक के धम्म के मुख्य सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए ?

निबन्धात्मक प्रश्न–

31. महाजनपदों के विशिष्ट अभिलक्षणों का वर्णन कीजिये ?
32. अभिलेख आज भी इतिहास की जानकारी के महत्वपूर्ण साधन है। स्पष्ट कीजिए।
33. मौर्य प्रशासन की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिये ?
34. भारत के मानचित्र में निम्न स्थानों को दर्शाइये–

1. लोथल	2. पाटलीपुत्र
3. मथुरा	4. कलिंग
5. झांसी	6. मगध
7. कश्मीर	

अध्याय 3

बंधुत्व, जाति तथा वर्ग

आरम्भिक समाज (लगभग 600 ई.पू. से 600 ईसवी)

पाठ का सार–

पिछले अध्याय में हमने पढ़ा कि लगभग 600 ई.पू. से 600 ईस्वी तक के मध्य आर्थिक और राजनीतिक जीवन में अनेक परिवर्तन हुए। इनमें से कुछ परिवर्तनों ने समकालीन समाज पर अपना प्रभाव छोड़ा। इस अध्याय में इतिहासकार इन सब प्रक्रियाओं को समझने के लिए प्राय साहित्यिक परम्पराओं का उपयोग करते है। कुछ ग्रंथ सामाजिक व्यवहार, समाज का चित्रण, समाज में मौजूद विभिन्न रिवाजों के बारे में बतलाते है। उप महाद्वीप के सबसे बड़े समृद्ध ग्रंथों में से महाभारत एक है। यह एक विशाल महाकाव्य है। इस अध्याय में हम बंधुता एवं विवाह, पितृवंशिकता, मातृवंशिकता, विवाह के नियम, स्त्री का गोत्र तथा माताओं का महत्वपूर्ण होना का अध्ययन करेगें साथ ही सामाजिक विषमताएं, वर्ण व्यवस्था के दायरे, जाति तथा संपत्ति पर स्त्री और पुरूष के भिन्न अधिकार, सामाजिक विषमताओं की व्याख्या, भाषा एवं विषय वस्तु ये सब इस महाकाव्य में समाहित कर ली गई है। जिसका हम यहां अध्ययन कर रहे है। कौरव और पांडव कुरू वंश से सम्बन्धित थे। महाभारत संस्कृत भाषा में रचित ग्रंथ है। प्रारम्भ में महाभारत में लगभग 10,000 श्लोक थे। बाद में बढ़कर 1 लाख श्लोकों वाला ग्रन्थ हो गया है। महाभारत की रचना ऋषि वेद व्यास ने की। भगवद्गीता महाभारत का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्यात्मक अंश है। वह वंश परम्परा जो माता से जुड़ी होती है मातृवशिंकता है। पितृवशिंकता में पिता का महत्वपूर्ण धार्मिक कर्तव्य कन्यादान माना गया है।

महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण 1919 में प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान वी.एस. सुकथाकर के नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ।

विवाह के नियम अनुसार अन्तर्विवाह समूह (गोत्र, कुल या जाति) के बीच होते हैं। और बहिर्विवाह गोत्र से बाहर विवाह करने को कहते हैं। ब्राह्मणों ने समाज के लिए विस्तृत जो आचार संहिताएं तैयार की, वे 'धर्मसूत्र' एवं 'धर्मशास्त्र' कहलाते हैं। इनमें विवाह के आठ प्रकारों की स्वीकृति दी गई है। धर्म सूत्र तथा धर्मशास्त्रों में सबसे महत्वपूर्ण मनुस्मृति है। पुरूषों के लिए मनुस्मृति कहती है कि धन अर्जित करने के सात तरीके हैः विरासत, खोज, खरीद, विजित करके, निवेश, कार्य द्वारा तथा सज्जनों द्वारा दी गई भेंट को स्वीकार करके। विवाह के समय मिले उपहारों पर स्त्रियों का स्वामित्व माना जाता था इसे स्त्रीधन कहा गया।

लोगों को गोत्रों में वर्गीकृत करने की ब्राह्मणीय पद्धति लगभग 1000 ई. पूर्व के बाद से प्रचलन में आई। सात वाहन राजाओं को उनके मातृनाम से चिन्हित किया जाता था, बृहदारण्यक उपनिषद में कई लोगों को उनके मातृनामों से निर्दिष्ट किया गया था। सातवाहन राजाओं से विवाह करने वाली रानियों के नाम गोतम तथा वशिष्ठ गोत्रों से उद्भूत थे। जो अपने पिता के गोत्र थे। सात वाहन कुल के सबसे प्रसिद्ध

शासक गोतमी पुत्र शातकर्णी ने स्वयं को अनूठा ब्राह्मण एवं क्षत्रियों के दर्प का हनन करने वाला बताया था।

ऋग्वेद के 'पुरूषसुक्त' में चार वर्णों की उत्पत्ति का उल्लेख मिलता है। बाह्मण की उत्पत्ति परमात्मा के मुख से, क्षत्रिय की भुजाओं से, वैश्य की जंघा से तथा शूद्र (हरिजन) की पैरों से हुई। शवों की अंत्येष्टि और मृत पशुओं को छूने वालों को चाण्डाल कहा जाता था। उन्हें समाज में सबसे निम्न कोटि में रखा जाता था। एकलव्य निषाद (शिकारी समुदाय) वर्ग से जुड़ा हुआ था।

लगभग पॉचवीं शताब्दी ईसवीं में मन्दसौर (मध्यप्रदेश) से प्राप्त अभिलेख में रेशम के बुनकरों की एक श्रेणी का उल्लेख मिलता है। महाभारत की विषय वस्तु को आख्यान और उपदेशात्मक दो मुख्य भागों में बाँटा गया है। आरम्भिक संस्कृत परम्परा में महाभारत को 'इतिहास' की श्रेणी में रखा गया है। इस शब्द का अर्थ है 'ऐसा ही था'

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. वर्तमान महाभारत में श्लोक है–

   (अ) दस हजार से अधिक (ब) एक लाख से अधिक

   (स) दो लाख से अधिक (द) पचास हजार से अधिक ( )

2. पितृवंशिकता में पिता का महत्वपूर्ण धार्मिक कर्तव्य माना गया था–

   (अ) कन्या को शिक्षा दिलाना (ब) कन्यादान

   (स) पुत्र की देखभा (द) पुत्र का विवाह ( )

3. किस उपनिषद में कई लोगों को उनके मातृनामों से निर्दिष्ट किया गया था ?

   (अ) वृहदारण्यक (ब) प्रश्न

   (स) कठ (द) छान्दोग्य ( )

4. किन शासकों को उनके मातृनाम से चिन्हित किया जाता है ?

   (अ) कुषाण (ब) शुंग

   (स) मौर्य (द) सातवाहन ( )

5. किस सातवाहन–शासक ने स्वयं को अनूठा ब्राह्ममण एवं क्षत्रियों के दर्प का हनन करने वाला बताया था ?

   (अ) शातकर्णी प्रथम (ब) गौतमीपुत्र शातकर्णी

   (स) वसिष्ठी पुत्र शातकर्णी (द) पुलुमावि शातकर्णी ( )

6. एकलव्य किस वर्ग से जुड़ा हुआ था ?

   (अ) कृषक (ब) पशुपालन

   (स) व्यवसायी वर्ग (द) निषाद वर्ग ( )

7. कौरव और पांडव किस वंश से सम्बन्धित थे ?

(अ) पाचांल (ब) ह्यैक

(स) लिच्छवि (द) कुरू ( )

8. 'धर्मसूत्र' और 'धर्मशास्त्र' विवाह के कितने प्रकारों को अपनी स्वीकृति देते है ?

(अ) 4 (ब) 2

(स) 8 (द) 7 ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–

9. महाभारत ..... भाषा में रचित ग्रन्थ है। (संस्कृत/तमिल)
10. भीम ने ..... राक्षस कन्या से विवाह किया था। (मदोदरी/हिडिम्बा)
11. प्रारम्भ में महाभारत में ..... श्लोक थे। (लगभग 10000 /18000)
12. अधिकांश राजवंश ..... प्रणाली का अनुसरण करते थे। (मातृवंशिकता / पितृवंशिकता)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

13. महाभारत के रचयिता कौन थे ?
14. महाभारत का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्यात्मक अंश कौनसा है ?
15. बहिर्विवाह किसे कहते है ?
16. धृतराष्ट्र हस्तिनापुर के सिंहासन पर क्यों आसीन नहीं हुए ?
17. सातवाहन राजाओं से विवाह करने वाली रानियों के नाम किन गोत्रों से उद्भूत थे ?
18. इतिहास का क्या अर्थ है ?
19. लोगों को गोत्रों में वर्गीकृत करने की ब्राह्मणीय पद्धति कब प्रचलन में आई ?
20. चाण्डाल कौन थे ?
21. मनुस्मृति के आधार पर पुरूषों के लिए संपत्ति अर्जन के कोई चार तरीके बताइये ?
22. चार वर्णों की उत्पत्ति का उल्लेख किस वैदिक ग्रंथ में मिलता है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

23. महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने का कार्य कब व किसके नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ ?
24. मातृवंशिकता का कार्य स्पष्ट कीजिये ?
25. ऋग्वेद के 'पुरूषसूक्त' के अनुसार चार वर्णों की उत्पत्ति कैसे हुई ?
26. 'स्त्री धन' को परिभाषित कीजिए ?
27. महाभारत कालीन स्त्रियों की विभिन्न समस्याएं लिखिये?

28. 'धर्मसूत्र' एवं 'धर्मशास्त्र' ग्रंथों से क्या अभिप्राय है ?

29. मनुस्मृति से आप क्या समझते है ?

30. किस अभिलेख में रेशम बुनकरों की एक श्रेणी का उल्लेख मिलता है? यह अभिलेख कब का है?

31. महाभारत की विषय–वस्तु को किन दो मुख्य भागों में बांटा गया है ?

निबन्धत्मक प्रश्न–

32. स्पष्ट कीजिये की विशिष्ट परिवारों में पितृवंशिकता क्यों महत्वपूर्ण रही होगी ?

33. विभिन्न वर्णो के लिए धर्मसूत्रों और धर्मशास्त्रों में वर्णित आदर्श जीविका लिखिए। क्या वह जीविका आय भी विद्यमान है।

34. क्या प्राचीनकाल के भारत में केवल क्षत्रिय शासक ही शासन कर सकते थे। विवेचना कीजिये।

अध्याय 4

विचारक, विश्वास और इमारतें

सांस्कृतिक विकास (ईसा पूर्व 600 से ईसा संवत 600 तक)

पाठ का सार–

इस अध्याय में हम एक हजार साल लम्बी यात्रा पर जाएंगे। इसमें हम दार्शनिकों के बारे में पढ़ेगे। बौद्ध धर्म का विशेष अध्ययन करेंगे। यह परम्परा अकेली विकसित नहीं हुई। दूसरी कई परम्पराएं थी जो एक दूसरे के साथ लगातार वाद–विवाद और संवाद चला रही थी।

चितन, धार्मिक विश्वास और व्यवहार की कई धाराएँ प्राचीन युग से ही चली आ रही थी। पूर्व वैदिक परम्परा जिसकी जानकारी हमें 1500 से 1000 ईसा पूर्व में संकलित ऋग्वेद से मिलती है। वैसी ही एक प्राचीन परम्परा थी। ऋग्वेद अग्नि, इन्द्र, सोम आदि कई देवताओं की स्तुति का संग्रह है।

ईसा पूर्व 600 से 600 ईस्वी तक के काल के प्रमुख ऐतिहासिक स्त्रोत बौद्ध, जैन और ब्राह्मण ग्रंथों के अतिरिक्त इमारते और अभिलेख आदि है। उस युग की बची हुई इमारतों में सबसे सुरक्षित है सांची का स्तूप। यह स्तूप इस अध्याय के अध्ययन का एक प्रमुख केन्द्र बिन्दु है। यह मध्य प्रदेश में स्थित है। इसमें हम अध्ययन करेगें कि स्तूप क्यों बनाये जाते थे, स्तूप कैसे बनाए गए, स्तूप की संरचना तथा स्तूपों की खोज किसने की। कुछ पवित्र स्थानों पर बुद्ध से जुड़े कुछ अवशेष जैसे उनकी अस्थियाँ गाड़ दी गई थी। ये टीले स्तूप कहलाये। भरहुत, साँची ओर सारनाथ जैसी जगहों पर स्तूप बनाये गये। अमरावती के स्तूप की खोज 1796 में तथा 1818 ई. में साँची की खोज हुई। साँची के स्तूप को आर्थिक अनुदान शाहजहां बेगम और सुल्तान जहां बेगम ने दिया।

जैन धर्म के अनुसार संपूर्ण संसार प्राणवान है। पत्थर, चट्टान और जल में भी जीवन होता है। जैन धर्म के महापुरूष तीर्थकर कहलाते थे। (तीर्थकर) यानी कि वे महापुरूष जो पुरूषों और महिलाओं को जीवन की नदी के पार पहुँचाते है। जैन साधु और साध्वी पाँच व्रत करते थे : हत्या न करना, चोरी नहीं करना, झूठ न बोलना, ब्रह्मचार्य और धन संग्रह न करना। महावीर स्वामी जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर थे। महावीर स्वामी का बचपन का नाम वर्धमान था।

बुद्ध की शिक्षाओं का संकलन त्रिपिटक ग्रंथों में किया गया है बौद्ध भिक्षुओं से सम्बन्धित नियमों का संग्रह विनयपिटक ग्रंथ में किया गया। प्राचीन बौद्ध ग्रंथ पाली भाषा में है। महात्मा बुद्ध का बचपन का नाम सिद्धार्थ था। बौद्धसंघ में सम्मिलित होने वाली प्रथम भिक्षुणी महाप्रजापति गोतमी थी। ऐसी महिलाएं जिन्होंने निर्वाण प्राप्त कर लिया हो उन्हें थेरी कहा गया। ऋग्वेद का संकलन 1500 से 1000 ई पूर्व में किया गया।

बौद्ध साहित्य में बुद्ध के जीवन से जुड़ी जगहों का भी वर्णन है– जहाँ वे जन्मे थे (लुम्बिनी), जहाँ उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया (बोध गया), जहाँ उन्होंने प्रथम उपदेश दिया (सारनाथ) और जहाँ उन्होंने निर्वाण प्राप्त किया (कुशीनगर)।

मन्दिर स्थापत्य कला में मन्दिर का चौकोर कमरा गर्भगृह तथा गर्भगृह के ऊपर का ढाँचा शिखर कहा जाता था। आठवीं सदी का कैलाश मन्दिर (शिव का एक नाम), एलोरा (महाराष्ट्र) में मन्दिर है, जिसमें पूरी पहाड़ी काटकर उसे मंदिर का रूप दे दिया गया था।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. साँची का स्तूप किस राज्य में स्थित है ?

   (अ) उत्तर प्रदेश (ब) बिहार

   (स) मध्य प्रदेश (द) गुजरात ( )

2. ऋग्वेद का संकलन कब किया गया–

   (अ) 2500–2000 ई. पूर्व (ब) 2000–1500 ई. पूर्व

   (स) 1000–500 ई. पूर्व (द) 1500 से 1000 ई. पूर्व ( )

3. महावीर स्वामी से पहले कितने शिक्षक (तीर्थकर) हो चुके थे ?

   (अ) 24 (ब) 20

   (स) 14 (द) 23 ( )

4. बौद्ध संघ में सम्मिलित होने वाली प्रथम भिक्षुणी थी –

   (अ) महामाया (ब) पुन्ना

   (स) महाप्रजापति गौतमी (द) सुलक्षणी ( )

5. जिन ग्रंथों में बुद्ध की शिक्षाओं का संकलन किया गया है, उन्हें कहा जाता है?

   (अ) बौद्ध ग्रंथ (ब) दीपवंश

   (स) महावंश (द) त्रिपिटक ( )

6. किस ग्रंथ में बौद्ध भिक्षुओं और भिक्षुणियों के लिए नियम संकलित किए गए है ?

   (अ) अभिधम्मपिटक (ब) विनय पिटक

   (स) सुत्तपिटक (द) बुद्ध चरित ( )

7. अमरावती के स्तूप की खोज सर्वप्रथम कब हुई ?

   (अ) 1896 (ब) 1796

   (स) 1717 (द) 1817 ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–

8. महात्मा बुद्ध का बचपन का नाम ..... था। (सिद्धार्थ/सौहार्द)
9. प्राचीन बौद्ध ग्रंथ ..... भाषा में है। (प्राकृत /पालि)
10. महावीर स्वामी का बचपन का नाम ..... था। (वर्धमान/पार्श्वनाथ)
11. साँची की खोज ..... में हुई थी। (1820 ई. /1818 ई.)
12. अजन्ता की गुफाएं ..... में स्थित है। (महाराष्ट्र/आसाम)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

13. साँची के स्तूप को आर्थिक अनुदान देने वाले दो शासकों के नाम लिखिए।
14. यदि आप भोपाल की यात्रा करेगें तो वहां किस बौद्धकालीन स्तूप को देखना चाहेगें ?
15. राजसूय एवं अश्वमेघ यज्ञों का अनुष्ठान किनके द्वारा कराया जाता था ?
16. ऋग्वेद में किन सूक्तियों का संग्रह है ?
17. जैन धर्म के महापुरूष क्या कहलाते थे ?
18. बौद्ध भिक्षुओं से सम्बन्धित नियमों का संग्रह किस बौद्ध ग्रंथ में मिलता है ?
19. तीर्थंकर से क्या अभिप्राय है ?
20. जैन धर्म की सबसे महत्वपूर्ण अवधारणा क्या है ?
21. महावीर स्वामी जैन धर्म के कौनसे तीर्थकर थे ?
22. पौराणिक हिन्दू धर्म में किन दो प्रमुख देवताओं की पूजा प्रचलित थी ?
23. कैलाशनाथ का मंदिर कहाँ स्थित है ?
24. ऐसे तीन स्थानों का उल्लेख कीजिये, जहां स्तूप बनाए गए थे?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

25. मंदिर स्थापत्य कला में गर्भगृह एवं शिखर से आप क्या समझते है ?
26. बुद्ध के जीवन से जुड़े बोधगया एवं सारनाथ नामक स्थानों का महत्व बताइये ?
27. हीनयान और महायान बौद्ध सम्प्रदायों में अंतर स्पष्ट कीजिये ?
28. त्रिपिटको पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ?
29. जैन धर्म के पांच व्रतों का उल्लेख कीजिये ?
30. थेरी से क्या अभिप्राय है ?
31. बौद्ध एवं जैन धर्म में कितनी समानता थी ?
32. 'स्तूप' किसे कहते है ?

निबन्धात्मक प्रश्न–

33. जैन धर्म की प्रमुख शिक्षाओं का वर्णन कीजिये।

34. साँची के स्तूप के संरक्षण में भोपाल की बेगमों (शासिकाओं) के योगदान का वर्णन कीजिये ?

35. बौद्ध धर्म की प्रमुख शिक्षाओं का वर्णन कीजिये।

36. भारत के मानचित्रों में निम्न स्थानों को अंकित कीजिये–

1. साँची
2. राजगृह
3. महाराष्ट्र
4. तमिलनाडु
5. बिहार
6. उत्तरप्रदेश
7. सारनाथ

अध्याय–5

यात्रियों के नजरिए

समाज के बारे में उनकी समझ

(लगभग दसवीं से सत्रहवीं सदी तक)

पाठ का सार–

लगभग दसवीं सदी से सत्रहवीं सदी तक के काल में महिलाओं और पुरूषों ने कार्य की तलाश में प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए व्यापारियों, सैनिकों, पुरोहितों और तीर्थ यात्रियों के रूप में या फिर साहस की भावना से प्रेरित होकर यात्राएं की है।

इस अध्याय में हम पढ़ेगें कि उपमहाद्वीप से आए यात्रियों द्वारा दिए गए सामाजिक जीवन के विवरणों के अध्ययन से किस प्रकार हम अपने अतीत के विषय में ज्ञान बढ़ा सकते है?

इसके लिए हम तीन व्यक्तियों के वृतान्तों पर ध्यान देगें– 1. अल–बिरूनी, जो ग्यारवीं शताब्दी में उज्बेकिस्तान के ख्वारिज्म से आया था। 2. इब्नबतूता (चौदहवीं शताब्दी) मोरक्को से तथा 3. फ्रांसीसी यात्री फ्रांस्वा बर्नियर (सत्रहवीं शताब्दी)

अलबिरूनी ने अरबी भाषा में किताब उल–हिन्द नाम पुस्तक की रचना की। इसमें धर्म दर्शन, त्यौहारों, खगोल विज्ञान, रीति रिवाजों, प्रथाओं, सामाजिक जीवन, कानून, मापतंत्र विज्ञान आदि विषयों का वर्णन है।

इब्नबतूता का जन्म मोरक्को के तैंजियर नामक नगर में हुआ। वह 1333 ई. में सिंध पहुंचा। उसने अपना यात्रा– वृतांत अरबी भाषा में लिखा जिसे 'रिहला' कहा जाता है। उसने अपने यात्रा वृतांत में नवीन संस्कृतियों लोगों, आस्थाओं, मान्यताओं आदि के बारे में लिखा।

फ्रांस का निवासी फ्रांस्बा बर्नियर एक चिकित्सक राजनीतिक, दार्शनिक तथा इतिहासकार था। वह 1656 से 1968 तक भारत में 12 वर्ष तक रहा और मुगल दरबार से निकटता से जुड़ा रहा। 'ट्रेवल्स इन द मुगल एम्पायर' नामक ग्रन्थ बर्नियर ने लिखा। तथा मुगल कालीन नगरों को 'शिविर नगर' कहा। तथा सतीप्रथा के बारे में भी लिखा कि कुछ महिलाएँ प्रसन्नतापूर्वक मृत्यु को गले लगा लेती थी।

अल–बिरूनी का जन्म ख्वारिज्म में सन 973 में हुआ था। अल–बिरूनी द्वारा 1. पंतजलि का व्याकरण तथा 2. यूक्लिड़ के कार्य ग्रन्थों का संस्कृत में अनुवाद किया गया।

अल–बिरूनी के अनुसार प्राचीन फारस में चार सामाजिक वर्गों को मान्यता प्राप्त थी।

(1) घुड़सवार और शासक वर्ग, (2) भिक्षु, आनुष्ठानिक पुरोहित तथा चिकित्सक, (3) खगोलशास्त्री तथा अन्य वैज्ञानिक, (4) कृषक तथा शिल्पकार।

इब्नबतूता का परिवार सम्मानित तथा शिक्षित परिवारों में से एक, जो इस्लामी कानून अथवा शरिया पर अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध था। यह भारत की डाक प्रणाली की कार्यकुशलता देखकर आश्चर्य चकित हो गया था। इब्नबतूता ने नारियल और पान दो वानस्पितिक उपजों का रोचक वर्णन किया है।

जिनसे पाठक पूरी तरह से अपरिचित थे। तथा दिल्ली को भारत का सबसे बड़ा शहर बताया। दौलताबाद (महाराष्ट्र) में पुरूष और महिला गायकों के लिए एक बाजार था जिसे 'ताराबदाद' कहते है। 15वीं सदी मं भारत की यात्रा करने वाले फारस क दूत अब्दुर रज्जाक था उसने कालीकट बन्दरगाह पर बसे हुए लोगों को 'विचित्र देश' बताया था।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. अल–बिरूनी का जन्म हुआ था ?

   (अ) भारत (ब) ओमान

   (स) ख्वारिज्म (द) श्रीलंका ( )

2. किताब–उल–हिन्द का रचयिता कौन था ?

   (अ) अल बिरूनी (ब) इब्नबतूता

   (स) अब्दुर रज्जाक (द) शेख अली ( )

3. इब्नबतूता का जन्म हुआ था ?

   (अ) भारत (ब) तैंजियर

   (स) तुर्की (द) ओमान ( )

4. 'रिहला' का लेखक कौन था ?

   (अ) अल–बिरूनी (ब) हसन निजामी

   (स) फिरदौसी (द) इब्नबतूता ( )

5. इब्नबतूता के पाठक किससे पूरी तरह से अपरिचित थे ?

   (अ) खजूर (ब) नारियल

   (स) केला (द) अंगूर ( )

6. फ्रांस्वा बर्नियर भारत आया था ?

   (अ) सोलहवीं सदी (ब) पन्द्रहवी सदी

   (स) सत्रहवीं सदी (द) अठारहवीं सदी ( )

7. इब्नबतूता भारत की कौनसी प्रणाली की कार्यकुशलता देखकर आश्चर्यचकित हो गया था–

   (अ) जल–निकास प्रणाली (ब) डाक प्रणाली

   (स) गुप्तचर प्रणाली (द) सुरक्षा प्रणाली ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–

8. फ्रांस्वा बर्नियर ..... का निवासी था ? (फ्रांस/जर्मनी)

9. अल–बिरूनी का जन्म ..... में हुआ था । (सन् 1073/सन 973)

10. इब्नबतूता ..... का निवासी था। (मोरक्को / तुर्की)

11. किताब–उल–हिन्द ग्रंथ ..... भाषा में लिखा गया। (प्राकृत / अरबी)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

12. 15वीं सदी में भारत की यात्रा करने वाले फारस के दूत का क्या नाम था ?

13. 10वीं शताब्दी से 17वीं सदी तक भारत की यात्रा करने वाले तीन विदेशी यात्रियों के नाम लिखिए।

14. अल–बिरूनी द्वारा जिन दो ग्रंथों का संस्कृत में अनुवाद किया गया, उनके नाम लिखिये।

15. फ्रांस्वा बर्नियर भारत में कितने वर्ष रहा था ?

16. इब्नबतूता के अनुसार भारत का सबसे बड़ा शहर कौनसा था ?

17. 'ट्रैवल्स इन द मुगल एम्पायर' नामक ग्रंथ का रचयिता था ?

18. शरिया का क्या अर्थ है ?

19. अब्दुर रज्जाक ने किसे 'विचित्र देश' बताया था।

20. बर्नियर ने मुगलकालीन नगरों को क्या कहा है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

21. 'किताब–उल–हिन्द' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये ?

22. अल–बिरूनी के अनुसार फारस में समाज किन चार वर्गों में विभाजित था ?

23. इब्नबतूता भारत कब और किस मार्ग से पहुँचा ?

24. इब्नबतूता ने कौनसी दो वानस्पतिक उपजों का रोचक वर्णन किया है? जिनके पाठक पूरी तरह से अपरिचित थे ?

25. इब्नबतूता के अनुसार 'ताराबबाद' क्या था ?

26. बर्नियर ने भारत की कृषि की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

27. लगभग 10वीं सदी से 17वीं सदी तक के काल में लोगों के यात्राएं करने के क्या उद्देश्य थे ?

28. बर्नियर ने सतीप्रथा के बारे में क्या लिखा है?

निबन्धात्मक प्रश्न–

29. जाति व्यवस्था के सम्बन्ध में अल–बिरूनी की व्याख्या पर चर्चा कीजिये।

30. सती प्रथा के कौनसे तत्वों ने बर्नियर का ध्यान अपनी और खींचा ?

अध्याय 6

भक्ति–सूफी परम्पराएँ

धार्मिक विश्वासों में बदलाव और श्रद्धा ग्रंथ

(लगभग आठवीं से अठारहवीं सदी तक)

पाठ का सार–

लगभग आठवीं से अठारहवीं सदी तक के काल की संभवतः सबसे प्रभावी विशिष्टता यह है कि साहित्य और मूर्तिकला दोनों में ही अनेक प्रकार के देवी–देवता अधिकाधिक दृष्टिगत होते है। इससे पता चलता है कि विष्णु, शिव और देवी की आराधना की परिपाटी न केवल चलती रही, बल्कि और अधिक विस्तृत हुई।

प्रारम्भिक भक्ति आंदोलन लगभग छठी शताब्दी में अलवारों एवं नयनारों के नेतृत्व में हुआ। अलवार विष्णु के उपासक थे, जबकि नयनार शिव की उपासना करते थे। शक्तिशाली चोल राजाओं ने ब्राह्मणीय और भक्ति परम्परा को समर्थन दिया तथा विष्णु और शिव के मंदिरों के निर्माण के लिए भूमि अनुदान दिए। चिदम्बरम, तंजावुर और गंगैकोण्डचोलपुरम के विशाल शिव मंदिर चोल सम्राटों की मदद से ही निर्मित हुए।

945 ईस्वी के एक अभिलेख से पता चलता है कि चोल सम्राट परांतक प्रथम ने संत कवि अप्पार, सवंदंर और सुंदरार की धातु प्रतिमाएँ एक शिव मंदिर में स्थापित करवाई इन मूर्तियों को उत्सव में एक जुलूस में निकाला जाता था।

12वीं शताब्दी में कर्नाटक की वीरशैव परम्परा के प्रवर्तक बासबन्ना नामक एक ब्राह्मण थे। इनके अनुयायी वीरशैव (शिव के वीर) व लिंगायत (लिंग धारण करने वाले) कहलाए।

वीर शैव अथवा लिंगायत सम्प्रदाय के धार्मिक सिद्धांतों के अनुसार उन्होंने लिंग के रूप में शिव की आराधना की तथा जाति प्रथा का विरोध किया। पुनर्जन्म के सिद्धांत पर प्रश्नवाचक चिन्ह लगाया और विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया।

इस्लामी परम्परा के अंतर्गत बहुत से राज्यों के शासक इस्लाम धर्म को मानने वाले थे। इस्लाम धर्म के पांच सिद्धान्त है। शरिया मुसलमान समुदाय को निदेशित करने वाला कानून है। यह कुरान शरीफ और हदीस पर आधारित है। उलमा इस्लाम धर्म और कानून के विद्वान थे वे धार्मिक, कानूनी और अध्यापन सम्बन्धी जिम्मेदारी निभाते थे। मस्जिदों के कुछ स्थापत्य सम्बन्धी तत्व सार्वभौमिक थे। जैसे इमारत का मक्का की ओर अनुस्थापन जो मेहराब और मिनवार की स्थापना से लक्षित होता था। शाहहमदान मस्जिद 'मुकुट का नगीना' समझी जाती थी। 1598 ईस्वी में मुगल सम्राट अकबर यीशु की इबादत के लिए खम्बात में गिरजाघर का निर्माण करवाया। खिलाफत की बढ़ती विषय शक्ति के विरूद्ध कुछ आध्यात्मिक लोगों का रहस्यवाद और वैराग्य की और झुकाव बढ़ा जिन्हें सूफी कहा जाता था।

बारहवीं शताब्दी के अंत में भारत आने वाले सूफी समुदायों में चिश्ती सबसे अधिक प्रभावशाली रहे। सूफी संतों की दरगाहों पर की गई जियारत संपूर्ण इस्लामी जगत में प्रचलित है। इनमें सबसे अधिक पूजनीय दरगाह ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की है, जिन्हें 'गरीब नवाज' कहा जाता है। यह अजमेर में स्थित है। मुगल सम्राट अकबर ने शेख मुइनुद्दीन की दरगाह की चौदह बार यात्रा की थी कभी नयी जीत के लिए आशीर्वाद लेने अथवा संकल्प की पूर्ति पर या फिर पुत्रों के जन्म पर। शेख निजामुद्दीन औलिया की दरगाह दिल्ली में स्थित है। इनका शिष्य अमीर खुसरो था तथा अकबर की राजधानी फतेहपुर सीकरी में बाबा फरीद के वंशज सूफी संत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह है। मलिक मोहम्मद जायसी ने पद्मावत की रचना की थी। नवीन भक्ति पंथ के अन्तर्गत कबीर, बाबा गुरू नानक देव ने निर्गुण भक्ति का प्रचार किया। गुरू गोविन्द सिंह ने खालसा पंथ की नींव डाली। मीराबाई भक्ति परम्परा की सबसे सुप्रसिद्ध कवयित्री है। वह भगवान कृष्ण की अनन्य उपासिका थी। मीराबाई मारवाड़ के मेड़ता जिले की एक राजपूत राजकुमारी थी। मीरा बाई के गुरू संत रैदास थे। कबीर की वाणी कबीर बीजक और कबीर ग्रंथावली पुस्तकों में संकलित है।

गुरूनानक का जन्म 1469 ई. में पंजाब के ननकाना गांव में हुआ। खालसा पंथ के पांच प्रतीक 1. केश 2. कृपाण 3. कच्छा 4. कंघा 5. कड़ा लोहे का है।

बाबा गुरूनानक का संदेश उनके भजनों और उपदेशों में निहित है। इनसे पता लगता है कि उन्होंने निर्गुण भक्ति का प्रसार किया। धर्म के सभी बाहरी आडम्बरों को उन्होंने अस्वीकार किया जैसे यज्ञ, आनुष्ठानिक स्नान, मूर्तिपूजा व कठोर तप। हिन्दू और मुसलमानों के धर्मग्रंथों को भी उन्होंने नकारा।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. गंगैकोंडचोलपुरम का शिव मंदिर किसने बनवाया था–

   (अ) पाण्डय राजाओं ने (ब) चालुक्य राजाओं ने

   (स) चोल राजाओं ने (द) पल्लव राजाओं ने ( )

2. किस चोल सम्राट ने संत कवि अप्पार, सवंदर और सुंदरार की धातु प्रतिमाएं एक शिव मंदिर में स्थापित करवाई ?

   (अ) राजेन्द्र प्रथम (ब) राजेन्द्र द्वितीय

   (स) राजराज प्रथम (द) परांतक प्रथम ( )

3. कर्नाटक की वीर शैव परम्परा के प्रवर्तक थे ?

   (अ) शंकराचार्य (ब) रामानुज

   (स) बासवन्ना (द) सुन्दरम ( )

4. किस मुगल सम्राट ने खम्भात में गिरजाघर का निर्माण करवाया ?

   (अ) बाबर (ब) हुमायू

(स) जहांगीर (द) अकबर ( )

5. श्रीनगर की कौनसी मस्जिद सभी मस्जिदों में 'मुकुट का नगीना' समझी जाती थी ?

(अ) जामा मस्जिद (ब) सुनहरी मस्जिद

(स) शाह हमदान मस्जिद (द) मोती मस्जिद ( )

6. अमीर खुसरो किसके शिष्य थे ?

(अ) शेख मुइनुद्दीन चिश्ती (ब) शेख निजामुद्दीन औलिया

(स) ख्वाजा कुतुबुद्दीन (द) शेख अब्दुल कादिर ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिय–

7. शेख मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह ..... में स्थित है। (अजमेर/जयपुर)
8. शेख निजामुद्दीन औलिया की दरगाह ..... में स्थित है। (कर्नाटक/दिल्ली)
9. खालसा पंथ की स्थापना ..... ने की थी। (गुरू गोविन्द सिंह/कबीर)
10. 'पद्मावत' की रचना ..... ने की थी। (मुहम्मद–बिन–तुगलक/मलिक मुहम्मद जायसी)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

11. हिन्दू धर्म की एक परम्परा वैष्णव है तो दूसरी कौनसी है ?
12. देवी की आराधना पद्धति को किस नाम से जाना जाता है ?
13. शरिया किस पर आधारित था ?
14. दो संतों के नाम लिखिए जिन्होंने निर्गुण भक्ति का प्रचार किया ?
15. किस मुगल सम्राट ने शेख मुइनुद्दीन की दरगाह की चौदह बार यात्रा की थी ?
16. अलवार और नयनार संत कौन थे ?
17. कुछ परम्पराओं के अनुसार मीरा के गुरू कौन थे ?
18. मीरा बाई कौन थी ?
19. कबीर की वाणी जिन पुस्तकों में संकलित है, उनमें से किन्ही दो के नाम लिखिये।
20. फतेहपुर सीकरी में किस सूफी संत की दरगाह स्थित है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

21. वीर शैव अथवा लिंगायत सम्प्रदाय के धार्मिक सिद्धान्तों का वर्णन कीजिये।
22. सूफियों की दो शिक्षाएं बताइये ?
23. भक्ति आंदोलन की विशेषताएं बताइये।

24. गुरू नानक का जन्म कब और कहां हुआ था।

25. खालसा पंथ के पांच प्रतीकों का उल्लेख कीजिये।

26. उलमा कौन थे ?

निबन्धात्मक प्रश्न–

27. कबीर अथवा बाबा गुरूनानक के मुख्य उपदेशों का वर्णन कीजिये ?

28. सूफी मत के मुख्य धार्मिक विश्वासों और आचारों की व्याख्या कीजिये ?

अध्याय 7

एक साम्राज्य की राजधानी : विजयनगर

(लगभग चौदहवीं से सोलहवीं सदी तक)

पाठ का सार–

प्रस्तुत अध्याय में हम विजयनगर के बारे में अध्ययन करेंगे। विजयनगर की स्थापना चौदहवी शताब्दी में की गई। यह उत्तर में कृष्णा नदी से लेकर प्रायद्वीप के सुदूर दक्षिण तक फैला हुआ था। 1565 में इस पर आक्रमण कर इसे लूटा गया और बाद में यह उजड़ गया।

पुरातात्विक खोजों, स्थापत्य के नमूनों, अभिलेखों तथा अन्य दस्तावेजों ने विजयनगर साम्राज्य को पुनः खोजने में विद्वानों की सहायता की। विजय नगर साम्राज्य की स्थापना दो भाईयों– हरिहर तथा बुक्का द्वारा 1336 ई. में की गई। विजय नगर के सबसे प्रसिद्ध शासक कृष्ण देव राय (शासनकाल 1509–29) थे। इन्होंने शासनकला के विषय में 'आमुक्तमालयदम' नामक तेलूगु भाषा में एक कृति लिखी तथा नगलपुरम उपनगर की स्थापना की। अधिकांश राजधानियों की तरह ही विजयनगर भी एक विशिष्ट भौतिक रूपरेखा तथा स्थापत्य शैली से अभिलक्षित थी। यहां की जल–संपदा, किले बंदियों तथा सड़के शहरी केन्द्र, राजकीय केन्द्र (महानवमी डिब्बा, लोट्स (कमल) महल) तथा धार्मिक केन्द्र थे। 'महानवमी डिब्बा' विजयनगर शहर के सबसे ऊँचे स्थानों में से एक पर स्थित है। यह एक विशालकाय मंच है। इसका आधार लगभग 11000 वर्ग फीट तथा ऊँचाई 40 फीट है। विजय नगर को 'विजय का शहर' कहा जाता है विजय नगर साम्राज्य का प्रथम राजवंश संगम वंश था। हिरिया नहर विजय नगर राज्य की सबसे महत्वपूर्ण जल सम्बन्धी संरचना थी। कृष्णदेवराय के दरबार में आठ सर्वश्रेष्ठ कवि रहते थे। कृष्णदेवराय तुलुव वंश से सम्बन्धित था। कृष्णदेवराय को ही दक्षिण भारतीय मंदिरों में भव्य गोपुरमों को जोड़ने का श्रेय है। विशाल प्रवेश द्वारों को गोपुरम कहते है। कला–इतिहासकारों ने किलेबंद बस्ती में जाने के लिए बने प्रवेशद्वार को इंड़ो–इस्लामिक शैली के नाम से पुकारा। ताली कोटा का युद्ध 1565 में लड़ा गया। विजय नगर राज्य की सेना का सेनापति प्रधानमंत्री रामराय था। कर्नल कॉलिन मैकेन्जी ने हम्पी के भग्नावशेषों की खोज की।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. 'विजय का शहर' कौनसा शहर कहलाता है ?

   (अ) विजय नगर (ब) श्रीनगर

   (स) देव नगर (द) हीरा नगर ( )

2. हम्पी के भग्नावशेषों की खोज किसने की ?

   (अ) कनिंघम (ब) जॉन मार्शल

   (स) मैके (द) कर्नल कॉलिन मैकेन्जी ( )

3. विजयनगर राज्य की स्थापना हुई ?

(अ) 1356 में (ब) 1336 में

(स) 1436 में (द) 1366 में ( )

4. विजय नगर साम्राज्य का प्रथम राजवंश था–

(अ) संगम वंश (ब) सुलुव वंश

(स) तुलुव वंश (द) अराविदु वंश ( )

5. नगलपुरम उपनगर की स्थापना की थी ?

(अ) हरिहर (ब) बुक्का

(स) देवराय प्रथम (द) कृष्णदेवराय ( )

6. तालीकोटा के युद्ध में विजयनगर राज्य की सेना का सेनापति था ?

(अ) सदाशिव (ब) रामराय

(स) कृष्णदेव राय (द) देवराय द्वितीय ( )

7. विजय नगर की सबसे महत्वपूर्ण जल सम्बन्धी संरचनाओं में से एक थी ?

(अ) कृष्णा नदी (ब) हिरिया नहर

(स) कावेरी नदी (द) तुंगभद्रा नदी ( )

8. दक्षिण भारतीय मंदिरों में भव्य गोपुरमों को जोड़ने का श्रेय किसको है ?

(अ) रामराय (ब) सदाशिव

(स) देवराय प्रथम (द) कृष्णदेव राय ( )

9. विजयनगर के किस शासक के दरबार में आठ सर्वश्रेष्ठ कवि रहते थे ?

(अ) कृष्ण देवराय (ब) अच्युत देवराय

(स) देवराय प्रथम (द) देवराय द्वितीय ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–

10. तालीकोटा का युद्ध ..... में लड़ा गया था। (1565 / 1560)

11. आमुक्तमालयदम की रचना ..... ने की। (सदाशिव / कृष्णदेव राय)

12. 'हिन्दू सूरतराणा' का अर्थ ..... है। (हिन्दू सुल्तान / मुस्लिम सुल्तान)

अतिलघूतरात्मक प्रश्न–

13. चौदहवीं से सोलहवीं शताब्दी के मध्य कौन–सा नगर दक्षिण भारत में एक साम्राज्य के रूप में विकसित हुआ ?

14. कृष्ण देव राय का राज्य काल क्या था ?

15. विजयनगर के शासक कृष्णदेव राय ने आमुक्तमालदयकृति किस भाषा में लिखी ?
16. विजयनगर का सबसे महत्वपूर्ण हौज क्या कहलाता है?
17. 'राजा के भवन' के दो सबसे प्रभावशाली मंचों के नाम लिखिए ?
18. कला–इतिहासकारों ने किलेबन्द बस्ती में जाने के लिए बने प्रवेश द्वार को किस शैली के नाम से पुकारा ?
19. विजय नगर किन बाजारों के लिए प्रसिद्ध था ?
20. विजयनगर के राजकीय केन्द्र के सबसे सुन्दर भवनों में एक का नाम लिखिए। इसका नामकरण किन लोगों ने किया था ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

21. विजय नगर की स्थापना कब व किसने की ?
22. गोपुरम किसे कहते है ?
23. 'महानवमी डिब्बा' से आप क्या समझते है?
24. विजयनगर साम्राज्य के विकास में कृष्णदेव राय का क्या योगदान रहा ?

निबन्धात्मक प्रश्न–

25. विजयनगर की स्थापत्य कला की विशेषताओं का वर्णन कीजिये ?
26. विजयनगर के शासक कृष्णदेव राय की उपलब्धियों का विवेचन कीजिये ?
27. भारत के मानचित्र में निम्न स्थानों को अंकित कीजिए–

1. विजय नगर	2. मगध
3. उज्जैन	4. अहमदाबाद
5. दिल्ली	6. बीजापुर
7. हम्पी	

अध्याय 8

किसान, जमींदार और राज्य

कृषि समाज और मुगल साम्राज्य

(लगभग सोलहवीं और सत्रहवी सदी)

पाठ का सार–

इस अध्याय में हम कृषि समाज और मुगल साम्राज्य का अध्ययन करेंगे। सोलहवीं–सत्रहवीं शताब्दी में भारत में लगभग 85 प्रतिशत लोग गांवों में रहते थे। खेतिहर समाज की बुनियादी इकाई गांव थी जिसमें किसान रहते थे। किसान जमीन की जुताई, बीज बोने, फसल की कटाई करने आदि का कार्य करते थे।

सत्रहवीं सदी के स्त्रोत दो किस्म के किसानों की चर्चा करते है– (1) खुद–काश्त– ये वे किसान थे जो उन्हीं गाँवों में रहते थे जिनमें उनकी जमीन थी। (2) पाहि–काश्त– वे खेतिहर थे जो दूसरे गाँवों से ठेके पर खेती करने आते थे।

कृषि इतिहास को समझने के लिए हमारे मुख्य स्त्रोत वे ऐतिहासिक ग्रंथ व दस्तावेज है, जो मुगल दरबार की निगरानी में लिखे गए थे। सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथों में एक था 'आइन–ए–अकबरी' जिसे अकबर के दरबारी इतिहासकार अबुल फजल ने लिखा था। इस ग्रंथ में दरबार, प्रशासन, सेना के संगठन, राजस्व के स्त्रोत, अकबरकालीन प्रान्तों के भूगोल, लोगों के साहित्यिक, सांस्कृतिक व धार्मिक रिवाजों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अकबर के प्रशासन के समस्त विभागों और प्रान्तों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। अकबर के समय में जमीन जिसे कभी खाली नहीं छोड़ा जाता था। पोलज कहलाती थी। आइन–ए–अकबरी पांच भागों में संकलित है तथा इसे 1598 ई. में पूरा किया गया । अकबरनामा की तीन जिल्दों में रचना की गई है। मुगल साम्रज्य की आय का प्रमुख स्रोत भू–राजस्व था। भू–राजस्व के प्रबन्ध के दो चरण 1. कर निर्धारण 2. वास्तविक वसूली थे। जमींदारों की विस्तृत व्यक्तिगत जमीन मिल्कियत कहलाती थी। बाबरनामा का रचयिता बाबर था। दक्षिण भारत भाग में सबसे पहले तम्बाकू की खेती की जाती थी तथा जहांगीर ने तम्बाकू के धूम्रपान पर प्रतिबंध लगा दिया था। गांव की पंचायत का मुखिया मुकद्दम (मंडल) तथा पंचायत में ग्राम के बुजुर्ग लोग होते थे। पंजाब के शाह नहर की मरम्मत शाहजहाँ के शासन काल में करवाई गई। सत्रहवीं शताब्दी में मारवाड़ में राजपूतों की चर्चा किसानों के रूप में की गई। 'जिन्स–ए–कामिल' सर्वोत्तम फसलें थी जैसे कपास और गन्ना। कपास का उत्पादन मध्य भारत तथा दक्कनी पठार में होता था। तिलहन और दलहन नकदी फसलें थी। मौसम के दो मुख्य चक्रों के दौरान खेती की जाती थी– (1) खरीफ (पतझड़ में) तथा (2) रबी (वसन्त में)। मुगलकाल में राजस्व वसूल करने की प्रमुख प्रणालियाँ थी– (1) कणकुत प्रणाली, (2) बटाई प्रणाली, (3) खेत बटाई, (4) लाँग बटाई।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. सोलहवीं तथा सत्रहवीं शताब्दियों के कृषि इतिहास की जानकारी देने वाला प्रमुख ऐतिहासिक ग्रंथ था ?

   (अ) अकबरनामा (ब) आइन–ए–अकबरी

   (स) बादशाह नामा (द) बाबरनामा ( )

2. 'बाबरनामा' का रचयिता था ?

   (अ) हुमायूँ (ब) अकबर

   (स) बाबर (द) जहाँगीर ( )

3. पंजाब में शाह नहर की मरम्मत किसके शासनकाल में करवाई गई ?

   (अ) बाबर (ब) हुमायूँ

   (स) अकबर (द) शाहजहाँ ( )

4. किस मुगल सम्राट ने तम्बाकू के धूम्रपान पर प्रतिबंध लगा दिया था ?

   (अ) अकबर (ब) बाबर

   (स) जहाँगीर (द) शाहजहाँ ( )

5. सत्रहवीं शताब्दी में मारवाड़ में लिखी गई एक पुस्तक में किसकी चर्चा किसानों के रूप में की गई है ?

   (अ) वैश्यो (ब) राजपूतों

   (स) ब्राह्मणों (द) योद्धाओं ( )

6. गांव की पंचायत का मुखिया कहलाता था ?

   (अ) फौजदार (ब) ग्राम प्रधान

   (स) चौकीदार (द) मुकद्दम (मंडल) ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–

7. आइन–ए–अकबरी ..... द्वारा लिखी गई। (अबुल फजल/अमीर खुसरो)
8. आइन–ए–अकबरी को ..... पूरा किया गया। (1590 ई. में / 1598 ई. में)
9. भारत के ..... भाग में सबसे पहले तम्बाकू की खेती की जाती थी। (दक्षिण भारत / उत्तर भारत)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

10. आइन–ए–अकबरी कितने भागों में संकलित है ?
11. 'अकबरनामा' की कितनी जिल्दों में रचना की गई ?

12. 'जिन्स–ए–कामिल' फसल के बारे में बताइये ?
13. भारत में कपास का उत्पादन कहाँ होता था ?
14. ग्राम की पंचायत में कौन लोग होते थे ?
15. जंगल के तीन उत्पादों का उल्लेख कीजिए जिनकी बहुत माँग थी?
16. भू–राजस्व के प्रबन्ध के दो चरण कौन–कौनसे थे ?
17. चीनी के उत्पादन के लिए कौन–सा प्रान्त प्रसिद्ध था ?
18. मुगल साम्राज्य की आय का प्रमुख स्त्रोत क्या था ?
19. अकबर के समय में वह जमीन क्या कहलाती थी, जिसे कभी खाली नहीं छोड़ा जाता था?
20. भारत में नई दुनिया से कौनसी फसलें लाई गई ?
21. गांवों में कौनसी पंचायतें होती थी ?
22 गांव के प्रमुख दस्तकारों का उल्लेख कीजिए ?
23. मौसम के किन दो मुख्य चक्रों के दौरान खेती की जाती थी ?
24. दो नकदी फसलों के नाम बताइये।

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

25. सत्रहवीं शताब्दी के स्त्रोत भारत में कितने प्रकार के किसानों का उल्लेख करते है ?
26. लगभग सोलहवीं –सत्रहवीं शताब्दियों में कृषि के निरन्तर विस्तार होने के तीन कारक लिखिए।
27. 'मिल्कियत' का अर्थ स्पष्ट कीजिये ?
28. आइन–ए–अकबरी के अनुसार भू–राजस्व वसूल करने के लिए कौनसी प्रणालियां अपनाई जाती थी?
29. पंचायत का प्रमुख कार्य क्या था ?

निबन्धात्मक प्रश्न–

30 मुगलकालीन कृषि समाज में महिलाओं की भूमिका की विवेचना कीजिये ?
31. 'आइन–ए–अकबरी' पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिये?

अध्याय 9

उपनिवेशवाद और देहात

(सरकारी अभिलेखों का अध्ययन)

पाठ का सार–

उपनिवेशवाद शब्द का अर्थ सामान्यतः गुलाम बनाने वाली विचारधारा से है, जिसके तहत उपनिवेशों के संसाधनों को मातृदेश के हित में अधिकतम दोहन किया जाता है तथा देहात शब्द ग्रामीण जीवन पद्धति को व्यक्त करता है।

बंगाल और वहां के जमींदार :– ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन की शुरूआत सर्वप्रथम बंगाल में हुई। बंगाल में ग्रामीण समाज को पुर्नव्यवस्थित करने, नई राजस्व प्रणाली तथा भूमि संबंधी अधिकारों की नयी व्यवस्था स्थापित करने के प्रयास किए गए। 1793 में यहां इस्तमरारी बंदोबस्त लागू किया गया, जिसमें कंपनी द्वारा एक निश्चित राजस्व राशि को निर्धारित समय में जमींदार को अदा करना था। इसके उल्लंघन पर जमींदारों की जमीदारियां नीलाम कर दी जाती थी। इस बंदोबस्ती के तहत लगभग 75 प्रतिशत जमीदारियां नीलाम हो गई क्योंकि इस दौरान बंगाल में बार–बार अकाल पड़ा। इसके अलावा कंपनी द्वारा राजस्व की मांग का ऊँचा स्तर, राजस्व दरें असमान होना तथा उपज की कीमतें नीच होना, जमीदारों की शक्ति को कम करना आदि कारणों से जमीदारों द्वारा राजस्व भुगतान में चूक की गई। इस दौरान गाँवों में धनी किसानों का समूह जिन्हें जोतदार के नाम से जाना जाता था, का उदय हुआ। इन जोतदारों, (हवलदार, गौटीदार) का गरीब किसानों, स्थानीय व्यापार तथा साहूकार के कारोबार पर भी नियंत्रण था। ये लोग जमीदार द्वारा लगान बढ़ाने का प्रतिरोध करते थे तथा उन्हें कर्तव्य पालन से रोकते थे। जमींदार की संपदा नीलाम होने पर कई बार जोतदार ही खरीद लेते थे। जमींदार अपनी संपदा को नीलामी से बचाने के लिए कई हथकंडे अपनाते थे, जैसे– फर्जी बिक्री द्वारा जमींदार के एजेंट का ही नीलामी में भाग लेना, स्त्रियों के नाम संपत्ति करना, बाहरी व्यक्ति को मारपीट कर भगा देना आदि। ईस्ट इंडिया कंपनी के भारतीय प्रशासन से संबंधित पांचवी रिपोर्ट जो कंपनी के कुशासन, भ्रष्टाचार, अव्यवस्थित प्रशासन, अधिकारियों–कर्मचारियों के लोभ–लालच आदि से सम्बन्धित थी।

कुदाल और हल :– 19वीं सदी के प्रारम्भिक वर्षों में राजमहल में पहाड़ियां और संथालों के बीच संघर्ष हुआ, जिसमें संथाल विजयी रहे। पहाडिया लोग कुदाल से झूम खेती करते थे और संथाल हल जोतकर स्थायी खेती करते थे। कुदाल और हल इसी के प्रतीक है। पहाड़ी लोगों का जंगल से घनिष्ठ संबंध था, वे इसे अपनी निजी भूमि मानते थे तथा वे बाहरी लोगों के प्रवेश का विरोध करते थे।

1832 में जमीन के एक बड़े भू–भाग को 'दामिन–ए–कोह' के रूप में संथाल–भूमि घोषित किया गया। दामिन–ए–कोह के सीमांकन के बाद संथालों की संख्या बढ़ने लगी। इनके क्षेत्र में ब्रिटिश सरकार द्वारा

हस्तक्षेप करने पर इन्होंने 1855–56 में संथाल–विद्रोह (ब्रिटिश राज के प्रति) के बाद संथाल परगने का निर्माण किया। संथालों का नेतृत्व सिद्धू व कान्हू ने किया था।

देहात में विद्रोह (बंबई दक्कन) :– 19वीं सदी के दौरान भारत के विभिन्न प्रांतों में किसानों द्वारा जमींदारों, साहूकारों व अनाज के व्यापारियों के विरूद्ध अनेक विद्रोह किए गए जिनमें ऐसा ही एक विद्रोह 1875 में दक्कन में हुआ। इस विद्रोह में किसानों ने साहूकारों पर (पूना जिले के सूपा गाँव) हमला कर ऋणबंधों तथा बहीखातों व उनके घरों को जला दिया।

इसके अलावा नई राजस्व प्रणाली रैयतवाड़ी व्यवस्था जिसमें राजस्व का निर्धारण कंपनी व रैयत के मध्य तय किया गया था, जो कि 30 साल के लिए था। इससे भी कृषकों में असंतोष था। इसके अलावा अमेरिका गृहयुद्ध के बाद ब्रिटेन को भारत से निर्यात कम हो गया। साहूकारों ने किसानों को ऋण देना बंद कर दिया। एक तरफ किसानों को ऋण नहीं मिलता वहीं दूसरी तरफ राजस्व की दर 50 से 100 प्रतिशत तक बढ़ी जिसे चुकाना किसानों के वश में नहीं रहा। इनके अलावा साहूकार व महाजन किसानों के साथ अन्याय करते थे। वे संवेदनहीन होकर ब्याज की दरें कई गुना तक बढ़ा देते थे तथा ऋण चुकता होने पर भी रसीद नहीं देते थे। किसानों से खाली बंध पत्रों पर अंगूठा लगवाकर उनमें जाली आंकड़े भरते थे।

बंबई दक्कन में पहला राजस्व बंदोबस्त 1820 के दशक में किया गया। राजस्व की दर अधिक होने, वसूली में कठोरता के कारण किसान गांव छोड़कर भाग गए। 1832 के बाद कीमतों में आई तीव्र गिरावट, अकाल आदि के कारण किसानों की दयनीय स्थिति हो गई। किसानों को साहूकारों से ऋण लेकर अपने दैनिक जीवन की आवश्यकता की पूर्ति करनी पड़ती थी। उन्हें हल–बैल और बीज के लिए साहूकारों से ऋण लेना पड़ता था।

उपरोक्त विषम परिस्थितियों में किसानों के पास विद्रोह के अलावा अन्य कोई उपाय नहीं बचा था।

दक्कन दंगा आयोग :– दक्कन में दंगों के शुरू होने पर भारत सरकार के दबाव में बंबई सरकार ने एक आयोग की स्थापना की, जिसने अपने प्रतिवेदन में दंगों के लिए साहूकारों व ऋणदाताओं को उत्तरदायी ठहराया तथा कहा कि सरकारी राजस्व की बढ़ोतरी दंगा फैलाने का कारण नहीं थी।

ब्रिटिश सरकार इस बात को मानने को तैयार नहीं थी कि जनता में असंताष सरकारी कार्यवाही के कारण उत्पन्न हुआ है।

प्रश्न

बहुविकल्पी प्रश्न–

1. बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त कब लागू हुआ ?

   (अ) 1791 (ब) 1793

   (स) 1795 (द) 1797 ( )

2. स्थायी बंदोबस्त किसके साथ किया गया था ?

(अ) जमीदारों के साथ (ब) मुखिया के साथ

(स) ग्रामीणों के साथ (द) व्यापारियों के साथ ( )

3. कलकत्ता, मुंबई और मद्रास में उच्च न्यायालय कब स्थपित हुआ ?

(अ) 1850 (ब) 1857

(स) 1860 (द) 1865 ( )

4. किस गवर्नर जनरल को भारतीय समाचार पत्रों का मुक्तिदाता कहा जाता है?

(अ) लार्ड डलहौजी (ब) लार्ड मेटकाफ

(स) लार्ड आकलैण्ड (द) लार्ड बैंटिक ( )

5. धन के दोहन का सिद्धान्त सर्वप्रथम किसने प्रतिपादित किया ?

(अ) दादा भाई नौरोजी (ब) रजनी पामदत्त

(स) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (द) राजाराम मोहनराय ( )

6. संथालों का नेतृत्व किसने किया ?

(अ) कान्हू (ब) सिद्धू मांझी

(स) चित्तू पांडे (द) अ व ब दोनों ( )

7. स्थायी बंदोबस्त में सरकार का लगान कितना निर्धारित किया गया था ?

(अ)10/11 भाग (ब) 8/10 भाग

(स) 9/10 भाग (द) 11/10 भाग ( )

8. कार्नवालिस कोड कब प्रचलन में आई ?

(अ) 1790 (ब) 1791

(स) 1792 (द) 1793 ( )

9. भारत में पहली बार रेलवेलाइन कब चालू की गई थी ?

(अ) 1851 (ब) 1852

(स) 1853 (द) 1854 ( )

10. निम्नांकित में से किस भू–राजस्व व्यवस्था ने जनता और शासन के बीच घनिष्ठ संबंधों की स्थापना की ?

(अ) जमींदार व्यवस्था (ब) महालवारी व्यवस्था

(स) रैयतवारी व्यवस्था (द) इनमें से कोई नहीं ( )

11. भारत में औपनिवेशिक शासन सर्वप्रथम कहाँ स्थापित किया गया ?

(अ) बंगाल (ब) बम्बई

(स) मद्रास (द) इलाहबाद

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

12. 1857 में ब्रिटेन में..... आपूर्ति संघ की स्थापना हुई। (कपास/गन्ना)
13. फ्रांसिस बुकानन ..... गवर्नर जनरल का शल्य चिकित्सक रहा था। (लार्ड डलहौजी/लार्ड वेलेजली)
14. संथालों की शक्ति का प्रतीक ..... था। (हल/फावड़ा)
15. जमींदार का राजस्व वसूलने वाला अधिकारी ..... कहलाता था। (अमला/कानूनगो)
16. दक्कन दंगा आयोग की रिपोर्ट ब्रिटिश संसद में ..... में पेश की गई। (1878/1895)

अतिलघूत्तरात्मकप्रश्न–

17. किन वस्तुओं के उत्पादन और विपणन पर यूरोपीयन एकाधिकार था ?
18. नीलामी के बाद भी राजा की संपदाओं पर उसकी जमीदारी क्यों बनी रहती थी ?
19. जोतदार किन्हें कहा जाता था?
20. कार्नवालिस संहिता (कोड) किस सिद्धान्त पर आधारित था ?
21. बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त कब और किसने लागू किया ?
22. 1857 के गदर में बंगाल के किस राजा ने अंग्रेजों की मदद की थी ?
23. बंगाल के किस क्षेत्र में जोतदार सबसे अधिक शक्तिशाली थे ?
24. पाँचवी रिपोर्ट से क्या आशय है ?
25. रेग्युलेटिंग एक्ट क्या था ?
26. सूर्यास्त कानून क्या था ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

27. बटाईदार कौन थे ?
28. हल और कुदाल के बीच की लड़ाई क्या थी ?
29. 'दामिन–ए–कोह' से आप क्या समझते है ?
30. दक्कन के रैयत ऋणदाताओं के प्रति क्रुद्ध क्यों थे ?
31. जमींदारों पर नियंत्रण रखने के लिए कम्पनी सरकार ने क्या नीति अपनायी थी।
32. दक्कन दंगा रिपोर्ट क्या थी? इसके अनुसार रैयत विद्रोह का क्या कारण था?

निबन्धात्मक प्रश्न–

33. इस्तमरारी बंदोबस्त के बाद बहुत सी जमीदारियां क्यों नीलाम कर दी गई ?
34. जमींदार लोग अपनी जमींदारियों पर किस प्रकार नियंत्रण बनाए रखते थे ?

35. संथालों की आजीविका पहाड़ियां लोगों की आजीविका से किस रूप में भिन्न थी ?

36. संथाल विद्रोह के कारण लिखिए।

37. रैय्यतवाडी व्यवस्था इस्तमरारी बंदोबस्त से किस प्रकार भिन्न थी ?

अध्याय 10

विद्रोही और राज

(1857 का आन्दोलन और उसके व्याख्यान)

पाठ का सार–

10 मई 1857 को मेरठ छावनी से शुरू हुआ 1857 का विद्रोह शीघ्र ही अधिकांश भारतीय भू–भाग पर फैल गया। इस व्रिदोह का नेतृत्व मुगल सम्राट बहादुरशाह जफर ने किया।

विद्रोह का ढर्रा :– 1857 के विद्रोह का ढर्रा कमोबेश हर छावनी में एक जैसा ही था। जैसे–जैसे छावनियों में सूचना पहुंचती गई वैसे–वैसे ही सिपाही विद्रोह करते गए। विद्रोह के संकेत के रूप में कहीं बिगुल बजाया तो कहीं तोप का गोला छोड़ा गया। इस दौरान सरकारी खजानों पर अधिकार व शस्त्रागारों को लूटा गया। सरकारी दफ्तर, जेल, रिकार्ड रूम व बंगलों पर हमला किया गया।

इस व्रिदोह में आम जनता के द्वारा साहूकारों व अमीरों पर हमले किए गए क्योंकि जनता उन्हें अंग्रेजी शासन का वफादार और पिट्ठू मानती थी। विद्रोह के दौरान छावनियों में आपसी संचार व समन्वय था तथा सिपाही अपने विद्रोह के कर्ता–धर्त्ता स्वंय थे। सिपाहियों की पंचायतों में सामूहिक रूप से फैसले लिए जाते थे। अलग–अलग प्रांतों में अलग–अलग लोगों ने विद्रोह को नेतृत्व प्रदान किया। जैसे– दिल्ली में बहादुरशाह जफर, कानपुर में नाना साहब, लखनऊ में बेगम हजरत महल, बिहार में जमींदार कुंवरसिंह तथा झांसी में रानी लक्ष्मीबाई। कई स्थानीय नेताओं ने भी अपने–अपने क्षेत्र में विद्रोह का नेतृत्व किया था। विद्रोह के समय कई तरह की अफवाहों जैसे कारतूसों में गाय व सूअर की चर्बी लगी होना, आटे में गाय व सूअर की हड्डियों का चूरा मिला होना, 23 जून 1857 को ब्रिटिशराज समाप्त होने की भविष्यवाणियां आदि ने भी विद्रोह को भड़काने में महती भूमिका अदा की। इस दौरान गांव–गांव में चपातियां बांटी गई जो कि क्रांति का प्रतीक मानी गई।

इसके अलावा ब्रिटिश सरकार द्वारा भारतीयों के सामाजिक धार्मिक, आर्थिक व सैनिक क्षेत्रों में किए गए बदलावों को भारतीयों ने अपने मामलों में हस्तक्षेप के रूप में देखा। जैसे 1829 में बिलियम बैंटिक द्वारा सती प्रथा व 1830 में ठगी प्रथा को गैर कानूनी घोषित किया गया।

विधवा विवाह को कानूनी मान्यता देना, अंग्रेजी माध्यम के स्कूल, कॉलेज खोलना, दत्तक निषेध नियम, नई भूराजस्व व्यवस्था, ईसाई धर्म प्रचारकों को भारत में आने, निवास करने व बस जाने की स्वतंत्रता आदि। इन कारणों से भारतीयों में यह भय व्याप्त हो गया कि अंग्रेज भारत में ईसाई धर्म फैलाना चाहते है।

अवध में विद्रोह – अवध में नवाब की शक्ति को कमजोर करने के लिए 1801 ई. में अवध पर सहायक संधि थोपी गई तथा 1856 में लार्ड डलहौजी द्वारा अवध के नवाब वाजिद अली शाह पर कुशासन और अलोकप्रियता का आरोप लगाकर गद्दी से हटाकर कलकत्ता भेज दिया और अवध का ब्रिटिश साम्राज्य में विलय किया गया। अवध में उत्पन्न विभिन्न प्रकार की समस्याओं से राजकुमार, ताल्लुकदार किसान

और सिपाही एक–दूसरे से जुड़ गए थे। वे सभी मिलकर फिरंगी राज (ब्रिटिशराज) को समाप्त करना चाहते थे। क्योंकि अंग्रेजों ने ताल्लुकदारों की शक्ति तोड़ने के लिए उन्हें जमीन से बेदखल कर दिया, किसानों पर कर का बोझ लाद दिया, दस्तकारों व कारीगरों के सामने जीवनयापन का संकट तथा सिपाहियों को कम वेतन, समय पर छुट्टिया न मिलना आदि कारणों से जन विद्रोह के रूप–रंग पर गहरा असर पड़ा।

विद्रोहियों द्वारा जाति व धर्म के भेद किए बिना आमजन को विद्रोह में शामिल होने हेतु आह्वान किया गया। बहादुरशाह जफर के नाम से जारी घोषणा में मुहम्मद व महावीर दोनों की दुहाई देते हुए आमजन को शामिल होने का आह्वान किया गया। आजमगढ़ घोषणा इसी का उदाहरण है। इसके अलावा उन सभी चीजों की खिलाफत की जा रही थी जो ब्रिटिश राज से संबंधित थी। इससे स्पष्ट है कि विद्रोही तमाम उत्पीड़कों के खिलाफ थे तथा ऊंच–नीच के भेदभाव को समाप्त करना चाहते थे। ब्रिटिश शासन ध्वस्त हो जाने के बाद विद्रोहियों द्वारा दिल्ली, लखनऊ व कानपुर में एक प्रकार की सत्ता और शासन संरचना को स्थापित करने का प्रयास किया गया। अधिकांश शिक्षित व बुद्धिजीवी वर्ग ने विद्रोह में भारतीयों का साथ नहीं दिया। लेकिन ब्रिटिश सरकार द्वारा इस विद्रोह का कठोरतापूर्वक दमन किया गया।

प्रतिशोध और सबक सिखाने के लिए विद्रोहियों को खुले में फांसी पर लटकाया गया। तापों के मुंह पर बांधकर उड़ाया गया। इन चित्रों को पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से दूर–दूर तक पहुंचाया गया, जिससे ब्रिटिश शासन की अपराजेयता में लोगों का विश्वास पैदा हो सके। चित्रों में विद्रोहियों को हिंसक व बर्बर तथा ब्रिटिश टुकड़ियों को रक्षक व वीरता की मूर्ति के रूप में दिखाया गया। गवर्नर जनरल लार्ड केनिंग के द्वारा विद्रोहियों के प्रति नरमी के सुझाव पर उनका मजाक उड़ाया गया तथा चित्रों में उन्हें एक बुजुर्ग के रूप में दिखाया गया है जो कि एक विद्रोही सैनिक के सिर पर हाथ रखे है।

भले ही 1857 का विद्रोह अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में विफल हो गया हो और इसकी विफलता से इसका महत्व कम नहीं हो जाता। 20वीं सदी के राष्ट्रवादी आंदोलन को इससे प्रेरणा मिली। इसको प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रूप में याद किया जाता है। जिसमें देश के हर तबके के लोगों ने साम्राज्यवाद के विरूद्ध लड़ाई लड़ी। कला और साहित्य के क्षेत्र ने भी 1857 के विद्रोह की याद को जीवंत रखा। सुभद्रा कुमारी चौहान रचित 'खूब लड़ी मर्दानी वह तो ..... आज भी जोश भर देती है।

बहुविकल्पीय प्रश्न–

1. तांत्या टोपे को मृत्युदंड कब दिया गया ?

   (अ) 1857 (ब) 1858

   (स) 1859 (द) 1860 ( )

2. 1857 के विद्रोह के दौरान सम्राट बहादुरशाह का सबसे अधिक विश्वसनीय परामर्शदाता कौन था ?

(अ) हकीम अहसानउल्ला (ब) शहजादा बखत खां

(ब) बेगम जीनत महल (द) शहजादा जहांबख्त ( )

3. निम्न में से कौन 34वीं रेजीमेंट का सिपाही था ?

(अ) मंगल पाण्डे (ब) अजीमुल्ला

(स) कुंवर सिंह (द) बख्त खां ( )

4. निम्न में से कौनसा स्वतंत्रता संग्राम की असफलता का कारण था ?

(अ) अधिकांश भारतीय नरेशों ने अंग्रेजों का साथ दिया ।

(ब) स्वतंत्रता सेनानियों के पास आधुनिक हथियारों का अभाव।

(स) संग्राम देशव्यापी नहीं था।

(द) उपरोक्त सभी ( )

5. झाँसी को ब्रिटिश राज्य में कब मिलाया गया था ?

(अ) 1852 (ब) 1853

(स) 1854 (द) 1857 ( )

6. 1857 के शुरू में अशांति के प्रथम संकेत कहां दिखाई दिए ?

(अ) अवध (ब) मेरठ

(स) बंगाल (द) दिल्ली ( )

7. सहायक संधि का जनक माना जाता है ?

(अ) लार्ड डलहौजी (ब) लार्ड वैलेजली

(स) लार्ड वेवेल (द) लार्ड हेस्टिंग्ज ( )

8. ''ये गिलास फल (Cherry) एक दिन हमारे ही मुँह में आकर गिरेगा'' उक्त कथन डलहौजी द्वारा किस रियासत के संदर्भ में कहा गया ?

(अ) अवध (ब) मेरठ

(स) झाँसी (द) कानपुर ( )

9. बिहार में 1857 के विद्रोह का प्रमुख नेता कौन था ?

(अ) कुंवर सिंह (ब) बेगम हजरत महल

(स) पीर अली (द) तांत्या टोपे

10. 10 मई 1857 को सैनिकों ने कहाँ विद्रोह शुरू किया?

(अ) मेरठ (ब) बनारस

(स) इलाहबाद (द) बिहार

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

11. गवर्नर जनरल के प्रतिनिधि को ..... कहा जाता था। (रेजीडेंट / एजेंट)
12. ..... को बंगाल आर्मी की पौधशाला की संज्ञा दी गई थी। (अवध / लखनऊ)
13. सती प्रथा को अवैध घोषित करने वाला कानून ..... में बना। (1828 / 1829)
14. 1857 के विद्रोह को ब्रिटिश अधिकारियों ने ..... विद्रोह के रूप में देखा। (सैनिक / किसान)
15. फिरंगी .....भाषा का शब्द है। (लेटिन / फारसी)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

16. 1857 की क्रांति के समय भिन्न–भिन्न स्थानों पर लोगों ने सिपाहियों का साथ क्यों दिया ?
17. 1857 का विद्रोह कब और कहाँ से शुरू हुआ ?
18. भारत का अंतिम मुगल सम्राट कौन था ?
19. असम में 1857के विद्रोह का नेता कौन थे ?
20. नाना साहिब कौन थे ?
21. भारतीय नरेशों ने विद्रोह का समर्थन क्यों किया ?
22. 1857 के विद्रोह के पश्चात सर्वाधिक महत्वपूर्ण परिणाम क्या रहा ?
23. अवध पर अधिकार में अंग्रेजों की दिलचस्पी क्यों थी ?
24. रेजीडेंट को किस राज्य में तैनात किया जाता था ?
25. ''खूब लड़ी मर्दानी वो तो झाँसीवाली रानी थी'' यह कविता किसने लिखी ?
26. 1857 के व्रिदोह का नेतृत्व करने वाले चार नेताओं के नाम लिखिए।
27. अंग्रेजों ने अवध के नवाब वाजिब अली शाह को गद्दी से हटाकर कहाँ निष्कासित कर दिया था ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

28. सहायक संधि की शर्तें क्या थी ?
29. रेजीडेंट से आप क्या समझते है ?
30. अंग्रेजों ने ब्रिटिश उद्योगों को किस प्रकार बढ़ावा दिया ?
31. बहुत सारे स्थानों पर विद्रोही सिपाहियों ने नेतृत्व संभालने के लिए पुराने शासकों से क्या आग्रह किया ?
32. 1857 के व्रिद्रोह के समय भारतीय सैनिकों में असंतोष के क्या कारण थे ? किन्ही दो को लिखिए।

निबंधात्मक प्रश्न–

33. 1857 के घटनाक्रम को निर्धारित करने में धार्मिक विश्वासों की किस हद तक भूमिका थी ?
34. अंग्रेजों ने 1857 के विद्रोह को कुचलने के लिए क्या कदम उठाए ?
35. आजमगढ़ घोषणा किसके द्वारा किन वर्गों के लिए जारी की गई ? धार्मिक नेताओं के लिए इसमें क्या कहा गया ?
36. 1857 की क्रांति के परिणामों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

अध्याय 11

महात्मा गाँधी और राष्ट्रीय आंदोलन

(सविनय अवज्ञा और उससे आगे)

पाठ सार–

राष्ट्रवाद के इतिहास में प्रायः एक अकेले व्यक्ति को राष्ट्र निर्माण के साथ जोड़कर देखा जाता है। इसी दृष्टि से भारत की स्वतंत्रता के साथ महात्मा गांधी को जोड़कर देखा जाता है और उन्हें राष्ट्रपिता के नाम से सम्बोधित किया जाता है।

मोहनदास करमचंद गांधी विदेश में दो दशक रहने के बाद जनवरी 1915 में भारत लौटे। इस दौरान उनका अधिकांश समय दक्षिण अफ्रीका में बीता, जहां वे इस क्षेत्र के भारतीय समुदाय के नेता बन गए। यहां गांधीजी ने पहली बार सत्याग्रह का प्रयोग किया।

28 दिसम्बर 1885 में स्थापित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उदारवादी नेताओं में प्रमुख गोपाल कृष्ण गोखले थे जो कि गांधीजी के राजनीतिक गुरू भी थे। इनके अलावा फिरोजशाह मेहता, सुरेन्द्रनाथ बनर्जी, बदरूद्दीन तैय्यबजी, व्योमेशचंद्र बनर्जी आदि अन्य उदारवादी नेता थे। दूसरी तरफ लाल–बाल–पाल के नाम से मशहुर लाला लाजपतराय, बाल गंगाधर तिलक तथा विपिन चन्द्र पाल प्रमुख उग्रवादी नेता थे। इन्होंने ब्रिटिश शासन के विरूद्ध लड़ाकू–प्रतिरोध का समर्थन किया।

गांधीजी की पहली सार्वजनिक उपस्थिति फरवरी 1916 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना के समय हुई। दिसम्बर 1916 में कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन में बिहार के चंपारण से आए एक किसान ने उन्हें वहाँ अंग्रेज नील उत्पादकों द्वारा किए जाने वाले अत्याचारों के बारे में बताया। यही से गांधीजी के राजनीतिक जीवन का प्रारम्भ हुआ और चंपारन में प्रथम सत्याग्रह करके किसानों को मुक्ति दिलाई। इसके बाद अहमदाबाद मिल मालिक–मजदूर संघर्ष तथा खेड़ा आंदोलन में भी गांधीजी को सफलता मिली। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार द्वारा पारित रॉलट एक्ट के तहत किसी भी व्यक्ति को संदेह के आधार पर गिरफ्तार कर जेल में डाला गया। इस एक्ट को मोतीलाल नेहरू ने ''बिना वकील बिना अपील बिना दलील'' की संज्ञा दी।

गांधीजी ने रोलेट एक्ट के विरूद्ध सत्याग्रह शुरू कर दिया जिसमें गांधीजी एक राष्ट्रीय नेता बन गए। इससे प्रोत्साहित होकर गांधीजी ने ब्रिटिश आंदोलन के प्रति एक बड़ा आंदोलन चलाने का निर्णय किया, जिसे असहयोग आंदोलन के नाम से जाना गया। यह आंदोलन जलियावाला बाग हत्याकांड (13 अप्रेल 1919) से उत्पन्न आक्रोश की प्रतिक्रिया के रूप में भी देखा जा सकता है। इस दौरान गांधीजी ने हिन्दु–मुस्लिम एकता स्थापित करने तथा दोनों समुदायों द्वारा मिलकर औपनिवेशिक शासन का अंत करने की दृष्टि से असहयोग आंदालन व खिलाफत आंदोलन को एक साथ मिलाया। इस दौरान छात्रों द्वारा सरकारी स्कूलों, कॉलेजों का बहिष्कार, वकीलों ने कोर्ट–कचहरी जाना छोड़ दिया, सरकारी उपाधियों का बहिष्कार इत्यादि कार्य किए गए। फरवरी 1922 में संयुक्त प्रांत (वर्तमान उतरप्रदेश) के

चौरी–चौरा नामक स्थान पर उग्र भीड़ ने एक पुलिस थाने में आग लगा दी जिससे कई पुलिसकर्मी मर गए। अतः आंदोलन को हिंसक होने से रोकने के लिए गांधीजी ने असहयोग आंदोलन को वापसे ले लिया। अंग्रेजों ने मार्च 1922 में गांधीजी पर राजद्रोह का आरोप लगाकर 6 वर्ष तक की सजा सुनाई। दिसम्बर 1929 के कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज की घोषणा की गई तथा 26 जनवरी 1930 को भारत में प्रथम स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की गई।

स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने के बाद गांधीजी द्वारा ब्रिटिश भारत के सबसे घृणित कानून 'नमक कानून' को तोड़ने के लिए दाण्डी यात्रा की जो 12 मार्च 1930 को साबरमती आश्रम से शुरू होकर दाण्डी 6 अप्रैल 1930 को पहुंची। दाण्डी मार्च नमक के उत्पादन व विक्रय पर राज्य के एकाधिकार को हटाने हेतु था। दांडी यात्रा से गांधीजी विश्व पटल पर छा गए। उनकी इस यात्रा को यूरोप व अमरीकी प्रेस ने कवरेज दी। इस आंदोलन में महिलाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस नमक यात्रा से अंग्रेजों को अहसास हुआ कि अब उनका राज बहुत अधिक समय तक नहीं टिक पाएगा।

इसी क्रम में 1930 से 1932 के दौरान लंदन में तीन गोलमेज सम्मेलनों का आयोजन हुआ, जिनमें से गांधीजी ने दूसरे सम्मेलन में कांग्रेस की ओर से भाग लिया। गोलमेज सम्मेलनों की विफलता के बाद गांधीजी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन को शुरू किया। 1935 के भारत शासन अधिनियम, लीग द्वारा पृथक पाकिस्तान की मांग (मार्च 1940) तथा 1939 में द्वितीय विश्वयुद्ध की शुरूआत से उत्पन्न हालातों के बाद अगस्त 1942 में गांधीजी द्वारा 'अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन' की शुरूआत की गइ जो कि गांधीजी का ब्रिटिश शासन के विरूद्ध तीसरा बड़ा जन आंदोलन था। इस दौरान ब्रिटिश सरकार द्वारा गांधीजी गिरफ्तार कर लिए गए, जिससे आंदोलन नेतृत्वविहीन हो गया। जून 1944 में द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद गांधीजी को रिहा कर दिया गया। गांधीजी द्वारा कांग्रेस व लीग के बीच बढ़ती दूरियों को कम करने हेतु जिन्ना से कई बार वार्ता की गई लेकिन विफल रहे और अंततः 3 जून 1947 को माउंटबेटन योजना के आधार पर भारत का भारत व पाकिस्तान नामक दो राज्यों में विभाजन स्वीकार किया गया। 15 अगस्त 1947 को राजधानी में मनाए जा रहे स्वतंत्रता के जश्न में गांधीजी नहीं थे। वे उस समय कलकत्ता में थे। उन्होंने उस दिन उपवास भी किया। उन्होंने जिस स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया वह एक अकल्पनीय कीमत पर उन्हें मिली थी। 30 जनवरी 1948 को नाथुराम गोडसे नामक व्यक्ति द्वारा इस अहिंसा के पूजारी का हिंसक साधनों द्वारा जीवन लील लिया गया।

बहुविकल्पीय प्रश्न–

1. गाँधीजी दक्षिण अफ्रीका से भारत वापिस कब लौटे ?

   (अ) दिसम्बर 1913 (ब) मार्च 1914

   (स) जनवरी 1915 (द) नवम्बर 1916 ( )

2. लाला लाजपतराय पर लाठी चार्ज करवाने वाला अंग्रेज अधिकारी कौन था ?

(अ) रिपन (ब) कर्जन

(स) सॉंडर्स (द) क्लाइव ( )

3. 'हिन्द स्वराज' नामक पुस्तक किसने लिखी ?

(अ) पंडित जवाहर लाल (ब) राजेन्द्र प्रसाद

(स) गाँधीजी (द) मोतीलाल नेहरू ( )

4. साइमन कमिशन भारत कब आया?

(अ) 1927 (ब) 1928

(अ) 1930 (द) 1942 ( )

5. स्वराज पार्टी की स्थापना किसने की ?

(अ) महात्मा गाँधी (ब) मोतीलाल नेहरू

(स) सी.आर.दास (द) ब और स दोनों ने ( )

6. महात्मा गांधी को किसने एक वर्ष तक ब्रिटिश भारत की यात्रा करने की सलाह दी ?

(अ) फिरोजशाह मेहता (ब) बाल गंगाधर तिलक

(स) देशबंधु चितरंजनदास (द) गोपाल कृष्ण गोखले ( )

7. गाँधीजी द्वारा फसल चौपट होने पर लगान माफ करने की मांग कहां की गई?

(अ) बिहार में (ब) अहमदाबाद में

(स) सूरत में (द) खेड़ा में ( )

8. गोलमेज सम्मेलन कहां आयोजित हुये?

(अ) दिल्ली (ब) चीन

(स) लंदन (द) अमेरिका ( )

9. किस वर्ष नया गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट पारित हुआ ?

(अ) सन् 1935 (ब) सन् 1939

(स) सन् 1942 (द) सन् 1943 ( )

10. चौरी–चौरा कांड की घटना के बाद गाँधीजी ने किस आंदोलन को वापस ले लिया?

(अ) असहयोग आंदोलन (ब) भारत छोड़ो आंदोलन

(स) सविनय अवज्ञा आंदोलन (द) खिलाफत आंदोलन ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

11. सितम्बर 1939 में ..... विश्वयुद्ध शुरू हुआ था। (प्रथम/द्वितीय)

12. कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के ..... सिद्धान्त को स्वीकार नहीं किया। (द्वि–राष्ट्र/अखण्ड राष्ट्र)

13. कांग्रेस की ओर से गाँधीजी ने ..... गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। (दूसरे/तीसरे)

14. ..... में लीग ने पाकिस्तान के निर्माण की मांग की। (मार्च 1940/अगस्त 1947)

15. 1937 के आम चुनाव में ..... प्रान्तों में कांग्रेस ने सरकार बनाई। (8/11)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

16. महात्मा गाँधी के राजनीतिक गुरू कौन थे?
17. अली बंधु के नाम से किन्हें जाना जाता था?
18. जलियावाला बाग हत्याकाण्ड कब हुआ था?
19. लाल–बाल–पाल के नाम से किन्हें जाना जाता है?
20. किस अधिवेशन में ''पूर्ण स्वराज'' को कांग्रेस का लक्ष्य घोषित किया गया ?
21. महात्मा गाँधी ने भारत छोड़ो आंदोलन किस वर्ष शुरू किया ?
22. गाँधीजी ने अपने सत्याग्रह के लिए नमक को मुद्दा क्यों बनाया ?
23. किस कानून को 'काला कानून' के नाम से जाना जाता है ?
24. हिन्दू–मुस्लिम एकता के लिए गाँधीजी द्वारा किस आंदोलन का समर्थन किया गया ?
25. भारत में गाँधीजी की पहली महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपस्थिति कब हुई ?
26. 16 अगस्त 1946 को लीग ने पाकिस्तान की स्थापना की मांग के समर्थन में कौनसा दिवस मनाया?
27. गाँधीजी ने दाण्डी मार्च कब व कहाँ से शुरू किया ?
28. किस महिला ने गाँधीजी को सलाह दी थी कि वह अपने आंदोलन को पुरूषों तक ही सीमित न रखें।
29. उन दो स्थानों के नाम लिखिए जहाँ आंदोलनकारियों ने अपनी स्वतंत्र सरकारे स्थापित की थी ?
30. चौरी–चौरा की घटना क्या थी ?
31. साइमन कमीशन भारत क्यों आया ?
32. कांग्रेस के किस नेता ने भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत रहकर सक्रिय भाग लिया ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

33. असहयोग आंदोलन गाँधीजी द्वारा क्यों चलाया गया ? कोई चार कारण लिखो।
34. दलितों के लिए पृथक निर्वाचन क्षेत्र का विरोध गांधीजी द्वारा क्यों किया गया था? स्पष्ट कीजिए।
35. गाँधीजी के रचनात्मक कार्यों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
36. 1939 में कांग्रेस मंत्रिमण्डल ने सरकार से इस्तीफा क्यों दिया ?
37. गाँधी–इरविन समझौता की मुख्य बातें लिखिए।

निबन्धात्मक प्रश्न–

38. ''भारत छोड़ो आंदोलन सही मायने में एक जन आंदोलन था।'' विवेचना कीजिए।

39. दाण्डी यात्रा की प्रमुख घटनाओं की व्याख्या कीजिए और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के इतिहास में इसका क्या महत्व है ?

40. निम्न पर टिप्पणी लिखो–

    1. जलियाँवाला बाग हत्याकांड
    2. गोलमेज सम्मेलन

41. असहयोग आंदोलन एक तरह का प्रतिरोध था। उल्लेख कीजिए।

अध्याय 12

संविधान का निर्माण

(एक नये युग की शुरूआत)

पाठ का सार–

भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ तथा यह दुनिया का सबसे लम्बा संविधान है। इसे दिसम्बर 1946 से दिसम्बर 1949 के दौरान सूत्रबद्ध किया गया। संविधान सभा के कुल 11 सत्र हुए जिनमें 165 दिन बैठकों में गए। सत्रों के दौरान विभिन्न समितियां व उपसमितियां मसविदे को सुधारने एवं संवारने का काम करती थी। संविधान निर्माण के पहले के वर्ष काफी उथल–पुथल वाले थे। यह महान् आशाओं का क्षण भी था और भीषण मोहभंग का भी। 15 अगस्त 1947 को भारत को आजाद तो कर दिया गया किन्तु साथ ही इसे विभाजित भी कर दिया गया। असंख्य लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने लगे इससे शरणार्थियों की समस्या उत्पन्न हुई। देशी रियासतों के भारतीय राज्य में एकीकरण की समस्या भी विकराल रूप धारण किए थी लेकिन सरदार पटेल की सूझ–बूझ व दूरदर्शिता से इन रियासतों को भारत में मिला लिया गया।

संविधान सभा के सदस्यों का चुनाव 1946 के प्रान्तीय चुनावों के आधार पर किया गया था। संविधान सभा में ब्रिटिश भारतीय प्रांत तथा देशी रियासतों के प्रतिनिधि शामिल थे। हालांकि लीग ने इसका बहिष्कार किया तथा एक अन्य संविधान बनाकर पाकिस्तान की मांग जारी रखी। संविधान सभा में चर्चाएं जनमत से प्रभावित होती थी तथा लिए गए प्रस्तावों पर सार्वजनिक रूप से बहस चलती थी। संविधान सभा में 300 सदस्य थे। इनमें से कुछेक सदस्यों द्वारा महत्ती भूमिका अदा की गई यथा– नेहरू ने उद्देश्य प्रस्ताव तथ झंडा प्रस्ताव किया, सरदार पटेल ने विरोधी विचारधाराओं में सामंजस्य स्थापित करते हुए प्रारूपों को लिखने में मदद की। राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष तथा डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को संविधान की प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। के.एम. मुंशी तथा अल्लादी कृष्णास्वामी अय्यर ने भी संविधान के प्रारूप पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। संविधान निर्माण में 3 वर्ष लगे।

13 दिसम्बर 1946 को जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तुत उद्देश्य प्रस्ताव में भारत के मूल संविधान के आदर्शों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। भारत को एक स्वतंत्र संप्रभु गणराज्य घोषित करते हुए इसके नागरिकों को न्याय, समानता व स्वतंत्रता का आश्वास दिया गया। अल्पसंख्यकों, पिछड़े व जनजातीय क्षेत्रों तथा दलित व अन्य पिछड़े वर्गों के लिए पर्याप्त रक्षात्मक प्रावधान किए गए। संविधान सभा उन लोगों की आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का साधन थी, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। संविधान सभा द्वारा निर्मित संविधान भारतीय जनता के प्रतिनिधियों द्वारा निर्मित तथा एक स्वतंत्र संप्रभु भारतीय गणराज्य के संविधान की कल्पना थी। उद्देश्य प्रस्ताव का स्वागत करते हुए समाजवादी विचारक एन.जी. रंगा ने अल्पसंख्यकों के कल्याण (आर्थिक स्तर) की बात पर बल देते हुए कहा कि

असली अल्पसंख्यक तो गरीब व दबे कुचले लोग है। आदिवासियों की सुरक्षा व उन्हें आम आबादी के स्तर पर लाने के प्रयास करते हुए प्रतिनिधित्व देने की वकालत जयपाल सिंह ने की। दलितों के लिए डॉ. अम्बेडकर ने पृथक निर्वाचिकाओं की मांग की जिसका गांधीजी ने इस तर्क के साथ विरोध किया ऐसा करने से यह समुदाय स्थायी रूप से शेष समाज से कट जाएगा। दलितों की सुरक्षा के प्रश्न को लेकर भी संविधान सभा में व्यापक चर्चाए हुई।

संविधान सभा में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के अधिकारों पर चर्चा करते हुए मजबूत (शक्तिशाली) केन्द्र की अवधारणा पर बल दिया गया। क्योंकि दुर्बल केन्द्रीय शासन व्यवस्था देश के लिए हानिकारक होगी।

विषयों की तीन सूचियां (केन्द्रीय सूची, राज्य सूची, समवर्ती सूची) तथा राजकोषीय संघवाद की व्यवस्था बनाई गई। इस प्रकार प्रांतों को अधिक शक्तिशाली बनाने वाले विचारों, तर्कों का खंडन करते हुए शक्तिशाली केन्द्र की विचारधारा को लागू किया गया।

हालांकि 1930 के दशक तक कांग्रेस ने यह मान लिया था कि हिन्दुस्तानी को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिया जाए जो कि हिन्दी व उर्दू के मेल से बनी थी और भारत के बहुत बड़े हिस्से की भाषा थी। लेकिन बढ़ते साम्प्रदायिक टकराव का परिणाम यह हुआ कि भाषा भी धार्मिक पहचान की राजनीति का हिस्सा बन गई।

राष्ट्रभाषा के प्रश्न को लेकर भी संविधान सभा में वाद–विवाद हुआ क्योंकि जहाँ उत्तर भारतीय राज्यों की जनता हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाना चाहती थी वहीं दक्षिण भारत के राज्य अंग्रेजी को। राष्ट्रीय भाषा समिति ने राष्ट्रीय भाषा के सवाल पर हिन्दी के समर्थकों व विरोधियों के बीच पैदा हुए गतिरोध को तोड़ने के लिए हिन्दी को राष्ट्रभाषा की जगह राजभाषा घोषित कर दिया।

इस प्रकार भारतीय संविधान गहन विचार विमर्श तथा परिचर्चाओं से गुजरते हुए बना जिसमें वयस्क मताधिकार, धर्मनिरपेक्षता पर बल, मूल अधिकार (धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति व शैक्षिक अधिकार, समानता का अधिकार, अल्पवयस्कों व दलितों के रक्षार्थ उपाय, आदिवासियों के लिए आरक्षण) आदि अनेकों प्रावधान संविधान में किए गए ताकि उनका सर्वागीण विकास करते हुए समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

बहुविकल्पीय प्रश्न–

1. संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार कौन थे ?

   (अ) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर (ब) बी.एन. राव

   (स)के.एम. मुंशी (द) पंडित जवाहर लाल नेहरू

2. प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे ?

   (अ) वल्लभ भाई पटेल (ब) के.एम. पणिक्कर

(स) अल्लादि कृष्णास्वामी (द)डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

3. संविधान सभा में उद्देश्य प्रस्ताव किसने पेश किया?

(अ) पंडित जवाहर लाल नेहरू (ब) राजेन्द्र प्रसाद

(स) महात्मा गांधी (द) इनमें से कोई नहीं

4. 1935 के अधिनियम के तहत किस वर्ष प्रान्तीय संसदों के चुनाव हुए थे?

(अ) 1935 (ब) 1936

(स) 1937 (द) 1938

5. संविधान सभा की बैठकों के दौरान महिलाओं के लिए न्याय की मांग किसने की ?

(अ) हंसा मेहता (ब) सुचेता कृपलानी

(स) के.एम. मुंशी (द) बी.आर. अम्बेडकर

6. भारत में मताधिकार के लिए न्यूनतम आयु सीमा कितनी है?

(अ) 16 वर्ष (ब) 18 वर्ष

(स) 20 वर्ष (द) 21वर्ष

7. भारतीय संविधान में किस प्रकार के न्याय का वर्णन किया गया है ?

(अ) सामाजिक (ब) आर्थिक

(स) राजनीतिक (द) उक्त सभी

8. भारतीय संविधान को पूर्णरूप से कब लागू किया गया था ?

(अ) 26 नवम्बर 1949 (ब) 26 जनवरी 1950

(स) 15 अगस्त 1947 (द) 26 जनवरी 1930

9. संविधान सभा के प्रथम स्थायी अध्यक्ष कौन थे?

(अ) बी.एन. राव (ब) सच्चिदानंद सिन्हा

(ब) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (द) पंडित जवाहर लाल नेहरू

10. संविधान सभा की प्रथम बैठक कब हुई थी ?

(अ) 9 दिसम्बर 1946 (ब) 15 अगस्त 1947

(स) 26 जनवरी 1950 (द) इनमें से कोई नहीं

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

11. ..... के विषय केवल राज्य सरकार के अंतर्गत आते है। (राज्य सूची/केन्द्रीय सूची)

12. देशी रियासतों का एकीकरण ..... के नेतृत्व में हुआ। (सरदार वल्लभ भाई पटेल/महात्मा गाँधी)

13. ''अंग्रेज तो चले गए, लेकिन जाते–जाते शरारत के बीज बो गए।'' यह कथन ..... का है। (गोविन्द वल्लभ पंत / सरदार वल्लभ भाई पटेल)

14. अनुच्छेद ..... के अनुसार राज्यपाल की सिफारिश पर केन्द्र सरकार को राज्य सरकार के सारे अधिकार अपने हाथ में लेने का अधिकार है। (356 / 360)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

15. भारतीय संविधान सभा किस योजना के तहत गठित हुई थी ?
16. भारतीय संविधान कितने समय में बनकर तैयार हुआ ?
17. पंडित नेहरू द्वारा उद्देश्य प्रस्ताव कब प्रस्तुत किए गए?
18. कांग्रेस के किस अधिवेशन में मौलिक अधिकारों की मांग की गई ?
19. कैबिनेट मिशन योजना के तहत संविधान सभा में कुल कितने सदस्यों का चुनाव होना था ?
20. भारतीय संविधान पर सर्वाधिक प्रभाव किस अधिनियम का दिखाई पड़ता है ?
21. संविधान निर्माण सभा को भारत का लघू रूप क्यों कहा जाता है?
22. ''सरकारे सरकारी कागजों से नहीं बनती। सरकार जनता की इच्छा की अभिव्यक्ति होती है।'' उक्त कथन किसने कहा था ?
23. 1937 में हुए प्रान्तीय चुनावों में कितने प्रांतों में कांग्रेस की सरकार बनी थी ?
24. संविधान के मसविदे में विषयों के आवंटन हेतु कितनी सूचियां बनाई गई थी, नाम लिखिए।
25. संविधान सभा के सदस्यों का चयन कैसे किया गया ?
26. भारत के राष्ट्रीय ध्वज में किन रंगों की पट्टियां है ?
27. प्रांतीय विधायिकाओं में सीमित प्रतिनिधित्व की व्यवस्था किस अधिनियम के तहत की गई थी ?
28. संविधान से आप क्या समझते हैं?
29. महात्मा गांधी किस भाषा को राष्ट्रीय भाषा बनाना चाहते थे ?
30. संविधान की भाषा समिति ने राष्ट्र भाषा के सवाल पर क्या सुझाव दिये?

लघूत्तरात्मक प्रश्न–

30. उद्देश्य प्रस्ताव में किन आदर्शों पर जोर दिया गया था?
31. संविधान में प्रांतों के लिए ज्यादा शक्तियों के पक्ष में क्या तर्क दिए गए ?
32. नवजात राष्ट्र के सामने देशी रजवाड़ों के एकीकरण की समस्या बहुत ही गम्भीर थी। स्पष्ट कीजिए।
33. हमारा संविधान 26 जनवरी 1950 को क्यों लागू किया गया ? स्पष्ट कीजिए।

निबन्धात्मक प्रश्न–

34. संविधान सभा के कुछ सदस्यों ने उस समय की राजनीतिक परिस्थिति और एक मजबूत केन्द्र सरकार की जरूरत के बीच क्या सम्बन्ध देखा ?
35. संविधान में राजकोषीय संघवाद की क्या व्यवस्था की गई।
36. भारतीय संविधान की रूपरेखा की विवेचना कीजिए।

उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर एवं **CWSN** प्रथम वर्ग)

परीक्षा– 2023–24

पाठ्यक्रम, मॉडल प्रश्न पत्र एवं प्रश्न बैंक

कक्षा–12

विषय : गृह विज्ञान

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा अधिकृत प्रश्न बैंक

2023–24

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

पाठ्यक्रम 2023–24

कक्षा–12वीं

विषय –गृहविज्ञान

इस विषय में दो प्रश्नपत्र–सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक की परीक्षा होगी। परीक्षा को दोनों पत्रों में पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। परीक्षा योजना निम्नानुसार हैं–				
प्रश्नपत्र	**समय (घंटे)**	**प्रश्नपत्र के लिए अंक**	**सत्रांक**	**पूर्णांक**
सैद्धान्तिक	4:15	56	14	70
प्रायोगिक	3 घंटे	30	0	30

इकाई **अंक**

भाग–1

इकाई–1	कार्य, आजीविका तथा जीविका	04
इकाई–2	पोषण खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी	12
इकाई–3	मानव विकास और परिवार अध्ययन	12

भाग–2

इकाई–4	वस्त्र और परिधान अध्याय	10
इकाई–5	संसाधन प्रबंधन	10
इकाई–6	सांचार एवं विस्तार	08

भाग–1 (पार्ट–1)

इकाई–1 कार्य, आजीविका तथा जीविका

अध्याय–1 कार्य आजीविका तथा जीविका 4

कार्य और अर्थपूर्ण कार्य, कार्य जीविका और आजीविकाएँ, भारत में पारम्परिक व्यवसाय–कृषि, हस्तशिल्प, भारतीय व्यंजन, दृश्य कला, कार्य, आयु और जेंडर, कार्य के संबंध में टेंडर मुद्दे कार्य के लिए मनोवृत्तियाँ और दृष्टिकोण, जीवन कौशल और कार्य–जीवन की गुणवत्ता, कार्य और कार्य परिवेश, सुकार्यिकी (एर्गोनॉमिक्स)– परिभाषा और आवश्यकता, एर्गोनॉमिक्स के लाभ, उद्यमिता–परिभाषा और विशेषताएं।

इकाई–2 पोषण खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी 3

अध्याय 2 नैदानिक पोषण और आहारिकी

पोषण, नैदानिक पोषण, महत्व, बुनियादी अवधारणाओं, आहार चिकित्सा, आहार के प्रकार : नियमित आहार और संशोधित आहार, तरलता में परिवर्तन, भोजन देने के तरीके, चिरकालिक रोगों की रोकथाम। जीविका की तैयारी, कार्यक्षेत्र।

अध्याय 3 जनपोषण तथा स्वास्थ्य 3

जनस्वास्थ्य पोषण–महत्व मूलभूत संकल्पनाएँ, भारत की पोषण संबंधी समस्याएं, पोषण संबंधी समस्याओं से सामना करने के लिए कार्य नीतियाँ, आहार या भोजन आधारित नीतियाँ, पोषण आधारित दृष्टिकोण, भारत में संचालित पोषण कार्यक्रम, आईसीडीएस, पोषक तत्वों की कमी नियंत्रण कार्यक्रम, खाद्य अनुपूरक कार्यक्रम, खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम, जनपोषण विशेषज्ञ की भूमिका।

अध्याय 4 खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी 3

भोजन विज्ञान परिचय, प्रसंस्करण, खाद्य प्रौद्योगिकी, खाद्य उत्पादन खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी का विकास, खाद्य संसाधन और संरक्षण का महत्व, प्रसंस्करण के प्रकार, भोजन का वर्गीकरण, जीविका के लिए तैयारी कार्य क्षेत्र।

अध्याय 5 खाद्य गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा 3

परिचय, महत्व, मूल संकल्पनाएँ : खाद्य सुरक्षा (अविषालुता और संकट), संकट (भौतिक, रासायनिक और जैविक), खाद्य संक्रमण, खाद्य विषाक्त, खाद्य की गुणवत्ता, खाद्य मानक व भारत में खाद्य मानक नियमन, भारत–एफएसएसए (2006) में खाद्य मानक विनियमन (फल और सब्जी उत्पाद आदेश, मांस खाद्य उत्पाद आदेश और वनस्पति तेल उत्पाद आदेश शामिल नहीं हैं), अंतर्राष्ट्रीय संगठन और खाद्य मानक, गुणवत्ता, अनुसंधान और व्यापार के क्षेत्र में समझौते, कोडेक्स एलेमेंट्रिस आयोग, मानकीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठन, विश्व व्यापार संगठन, खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली, उत्तम विनिर्माण अभ्यास (GMP) अच्छी हैंडलिंग प्रथा (GHP) खतरनाक विश्लेषण क्रिटिकल कंट्रोल पॉइंट्स (HACCP) क्षेत्र।

इकाई–3 मानव विकास और पारिवारिक अध्ययन

अध्याय 6 प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा 6

महत्व, मूल अवधारणा, ई.सी.सी.ई. के मार्गदर्शी सिद्धान्त जीविका के लिए तैयारी, कार्य क्षेत्र, जीविका के अवसर।

अध्याय 7	बच्चों, युवाओं और वृद्धजनों के लिए सहायक सेवाओं, संस्थानों और कार्यक्रम का प्रबंधन।	6
	बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए सहायता सेवाओं, संस्थानों और कार्यक्रमों का प्रबंधन, महत्व, मूल अवधारणा, बच्चे संवेदनशील क्यों हैं ?, संस्थागत कार्यक्रम और बच्चों के लिए पहल : आईसीडीएस, एसओएस बाल गाँव, बच्चों के लिए बालगृह, दत्तक ग्रहण, युवा क्यों संवेदनशील हैं ? भारत में युवा कार्यक्रम, बुजुर्ग क्यों संवेदनशील होते हैं ? बुजुर्गों के लिए कुछ कार्यक्रम, करियर की तैयारी : जनकौशल, प्रशासनिक कौशल कार्य क्षेत्र।	
	भाग–2 (पार्ट–2)	
इकाई–4	**वस्त्र और परिधान**	
अध्याय 8	**वस्त्र एवं परिधान के लिए डिजाइन**	4
	डिजाइन, परिचय, मूलभूत, संकल्पनाएँ, (डिजाइन : संरचनात्मक और अनुप्रयुक्त (एप्लाइड), डिजाइन के तत्व : रंग, रंग सिद्धान्त, रंग योजनाएँ अथवा रंग सुमेल, बुनावट (टेक्सचर), रेखा, डिजाइन के सिद्धांत अनुपात, संतुलन, आवर्तिता, सामंजस्यता, करियर की तैयारी	
अध्याय 9	**फैशन डिजाइन और व्यापार**	3
	परिचय, महत्व, मूलभूत संकल्पनाएँ : फैशन शब्दावली–फैशन, अस्थायी फैशन, शैली, चिरसम्मत (क्लासिक) शैली, फैशन का विकास, फ्रांस–फैशन के केन्द्र फैशन व्यापार, फैशन के खुदरा संगठन, करियर की तैयारी क्षेत्र।	
अध्याय 10	**संस्थाओं में वस्त्रों की देखभाल और रख–रखाव**	3
	परिचय, मूलभूत संकल्पनाएँ, धुलाई के उपकरण, सुखाने के उपकरण, इस्तरी/प्रेस करने के उपकरण, जीविका के लिए तैयारी कार्य क्षेत्र।	
इकाई–5	**संसाधन प्रबंधन**	
अध्याय 11	**आतिथ्य प्रबंधन**	4
	परिचय महत्व मूलभूत संकल्पनाएँ आतिथ्य उद्योग, 'अतिथि चक्र' की संकल्पना–आगमन पूर्व अवस्था, आगमन अवस्था, कमरे पर आधिपत्य, प्रस्थान, संगठन के आतिथ्य प्रबंधन में शामिल विभाग, प्रमुख कार्यालय, गृह व्यवस्था विभाग, सहायक सेवा विभाग, कार्यक्षेत्र, जीविका के अवसर।	

अध्याय 12 उपभोक्ता शिक्षा और संरक्षण 6

मूलभूत संकल्पनाएँः उपभोक्ता उत्पाद, उपभोक्ता व्यवहार, उपभोक्ता फोरम, उपभोक्ताओं की अपेक्षाएँ। उपभोक्ता की प्रमुख समस्याएँ : खराब गुणवत्ता, मिलावट, अधिक कीमतें, जानकारी का अभाव अपूर्ण या त्रुटि पूर्ण जानकारी, गलत तौल और माप, अप्रामाणिक नकली उत्पाद। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (सी.पी.ए.) 1986, उपभोक्ता अधिकार (1) सुरक्षा का अधिकार, (2) सूचित किए जाने का अधिकार, (3) चयन का अधिकार और (4) सुने जाने का अधिकार शिकायत का अधिकार और शिक्षा का अधिकार। उत्पादों का मानकीकरण : आई.एस.आई. मार्क, एगमार्क, एफ.पी. ओ वूलमार्क, सिल्कमार्क, हॉलमार्क। उपभोक्ता के दायित्व जीविका के अवसर जीविका के लिए आवश्यक कौशल।

इकाई–6 संचार एवं विस्तार

अध्याय 13 विकास संचार तथा पत्रकारिता 4

परिचय, महत्व, मूलभूत संकल्पनाएँ, विकास पत्रकारिता, विकास संचार, रेड रिबन एक्सप्रेस (RRE) – अभियान, 2 रेडियो और टेलीविजन, 3. मुद्रण माध्यम, 4. सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) इस क्षेत्र में जीविका के लिए ज्ञान और कौशल–संज्ञानात्मक कौशल, तकनीक कौशल, प्रश्न करने की क्षमता, विधि समूहों के साथ काम करने की क्षमता, विकास संचार में कार्यक्षेत्र और जीविका के अवसर।

अध्याय 14 नियमित संप्रेषण तथा जनसंपर्क 4

महत्व, मूलभूत संकल्पनाएँ, निगमित संप्रेषण, जनसंपर्क, निगमित संप्रेषण के प्रकार्य, जनसंपर्क के प्रकार्य, जनसंपर्क गतिविधियों के प्रमुख क्षेत्र, जनसंपर्क के सात सिद्धांत, आंतरिक संप्रेषण बाह्य संप्रेषण संप्रेषण गतिविधियों के दो प्रमुख क्षेत्र, आवश्यक ज्ञान एवं कौशल, संप्रेषण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग।

परियोजना

1. अपने क्षेत्र में क्रियान्वित किए जा रहे एक एकीकृत समुदाय आधारित, पोषण/स्वास्थ्य कार्यक्रम का अध्ययन–

   (अ) कार्यक्रम के उद्देश्य के संबंध में।

   (ब) फोकल समूह/लाभार्थी।

   (स) क्रियान्वयन के तौर–तरीकें

2. पड़ोस के दो किशोरों और वयस्कों से विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों के बारे में उनकी धारणा जानने के लिए साक्षात्कार करें।

3. किसी भी दो विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्ति (बच्चे/व्यक्ति) से उनके आहार, वस्त्रों, गतिविधियों, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक जरूरत का पता लगाने के लिए प्रोफाइल।

4. विभिन्न फोकल समूहों के लिए संचार के विभिन्न तरीकों का उपयोग करके पोषण, स्वास्थ्य और जीवन कौशल के लिए किसी भी पाँच संदेशों की योजना बनाना।

5. किन्हीं पाँच प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के पैकेजिंग और लेबल जानकारी के लिए बाजार सर्वेक्षण।

प्रायोगिक परीक्षा के लिए योजना– 30 अंक

1. परियोजना 5 अंक

2. बुर्जुग व्यक्ति के लिए नियमित भोजन में संशोधन। संशोधित पकवान में से किसी एक पकवान को तैयार करना। 5 अंक

   या

   प्री स्कूलर (2–6 वर्ष) पोषण कार्यक्रम के लिए किसी एक पूरक भोजन का विकास और तैयारी। स्कूल कैंटीन के लिए एक मीनू की योजना बनाना और किसी एक पौष्टिक व्यंजन को तैयार करना।

3. निम्नलिखित में से किसी एक में रासायनिक परीक्षणों का उपयोग करके मिलावट की पहचान करें– शुद्ध घी, चाय की पत्ती, साबुत काली मिर्च, हल्दी पाउडर, दूध और हींग। 2 अंक

4. वस्त्र डिजाइन तकनीकों (बंधाई, रंगाई, बॉटिक, ब्लॉक छपाई) का उपयोग करके एक नमूना तैयार करे। 4 अंक

5. सफेद सूती कपड़े से किसी भी एक दाग को हटाएँ – बॉल पेन, सब्जी, ग्रीस, स्याही, लिपस्टिक, चाय और कॉफी। 2 अंक

6. निम्नलिखित में से किसी एक पर उपभोक्ता शिक्षा और संरक्षण के लिए एक पर्चा/पेम्पलेट बनाए– 5 अंक

(अ) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम

(ब) उपभोक्ता कर्तव्य

(स) उपभोक्ता संगठन

(द) उपभोक्ता समस्याएँ

7. फाइल / File 5 अंक

8. वाइवा / Viva 2 अंक

मॉडल प्रश्न पत्र– 2023–24

विषय गृह विज्ञान (सैद्धांतिक)

कक्षा – 12

समय 4.15 घंटे | **कुल अंक 56**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश–

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्य रूप से लिखें।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खंड है, उन सभी के उत्तर एक साथ लिखें।

खण्ड	प्रश्नों के प्रकार	प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न
अ	1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न	1	1 x 15 = 15
	2. रिक्त स्थानों की पूर्ति	2	1 x 5 = 5
ब	अतिलघूत्तरात्क प्रश्न	3 से 14	1 x 12 = 12
स	लघूतरात्मक प्रश्न	15–20	2 x 6 = 12
	निबंधात्मक प्रश्न	21 से 23	4x3 = 12

खण्ड–अ

प्रश्न 1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

(i) महिलाओं के किस उद्योग को सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण उद्योग का पुरस्कार मिला है ?

(अ) खादी उद्योग (ब) मसाला उद्योग

(स) बेकरी उद्योग (द) लिज्जत पापड़ उद्योग

(ii) आय का वह न्यूनतम स्तर जो किसी देश में जीवन का उपयुक्त स्तर पाने के लिए आवश्यक होता है, कहलाता है–

(अ) जीवन स्तर (ब) जीवन की गुणवत्ता

(स)गरीबी रेखा (द) विकास

(iii) पोषण का विशिष्ट क्षेत्र, जो बीमारी के समय के पोषण से सम्बन्धित है, कहलाता है–

(अ) नैदानिक पोषण (ब) निम्न पोषण

(स) उच्च पोषण (द)संतुलित पोषण

(iv) एकीकृत बाल विकास सेवाओं में शामिल है –

(अ) गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं

(ब) शिशु

(स) छः साल तक के बच्चे

(द) उपरोक्त सभी

(v) भारत सरकार ने विद्यालय पूर्व के बच्चों की आवश्यकताओं को किस संस्था द्वारा विद्यालय पूर्व शिक्षा देकर पूरा किया है–

(अ)नर्सरी स्कूलों द्वारा (ब) मॉन्टेसरी स्कूलों द्वारा

(स) आंगनबाड़ी द्वारा (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(vi) विश्व का सबसे बड़ा आरम्भिक बाल्यावस्था कार्यक्रम है–

(अ) I.C.D.S (ब) SOS बाल गांव

(स) प्रेक्षण गृह (द) किशोर/बाल गृह

(vii) भारत में पांच वर्ष से कम आयु के कितने बच्चे मध्यम और गंभीर कुपोषण से पीड़ित है ?

(अ) आधे (ब) एक चौथाई

(स) एक तिहाई (द) सभी

(viii)ह्यू किसका सामान्य नाम है–

(अ) डिजाइन (ब) रंग

(स) कागज (द) बनावट

(ix) डिजाइन का तत्व है–

(अ) रंग (ब) अनुपात

(स) संतुलन (द) आवर्तिता

(x) धुलाई मशीन की विधि है–

(अ) आलोड़न (ब) स्पंदन

(स) अपवातन (द) उपर्युकत सभी

(xi) अतिथि चक्र की अंतिम अवस्था है–

(अ) प्रस्थान (ब) आगमन

(स) सत्कार (द) कोई नहीं

(xii) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत किसकी स्थापना की गई है–

(अ) BSI की (ब) ISI की

(स) FSSAI की (द) DMI की

(xiii)ईको मार्क निम्नलिखित में से किसे दर्शाता है ?

(अ) यह उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल है

(ब) इसमें कोई खतरनाक अपशिष्ट नहीं निकलता है

(स) इसका पुर्ननवीकरण किया जा सकता है।

(द) उपरोक्त सभी

(xiv)वह स्थान जहां उपभोक्ता – उपभोक्ता उत्पादों, सेवाओं और उनके लाभ और हानियों के बारे में चर्चा कर सकते है, कहलाता है–

(अ)बाजार (ब) भारतीय मानक ब्यूरो

(स) उपभोक्ता फोरम (द) कोई मॉल

(xv)संदेश बनाते समय निम्न में किसका ध्यान रखना चाहिए ?

(अ) संक्षिप्तता का (ब) मूर्तता का

(स)शिष्टाचार का (द) उपर्युक्त सभी का

प्रश्न2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

(i) ..... की कमी से थायरॉइड ग्रंथि बढ़ती है।(आयोडीन/आयरन)

(ii) विद्यालय पूर्व ..... स्कूल कहलाते है। (मॉन्टेसरी/प्राइमरी)

(iii) ..... के आविष्कार ने हस्तकला को उद्योग में बदल दिया। (सिलाई मशीन/हथकरघा)

(iv) ..... उपभोक्ता के हित में एक महत्वपूर्ण कानून है। (उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम/राइट टू एजूकेशन)

(v) ..... ने संपर्क के क्षेत्र में क्रांति ला दी है।(प्रौद्योगिकी/प्रबन्धन)

खण्ड–ब

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

प्रश्न3. कार्य का महत्व बताइए।

प्रश्न4.नैदानिक पोषण किसे कहते है ?

प्रश्न5. छोटे बच्चों में अंधेपन का मुख्य कारण क्या होता है ?

प्रश्न6. किन्हीं दो संरक्षित खाद्य पदार्थों के उदाहरण लिखिए।

प्रश्न7.एन.टी.टी. का पूरा नाम लिखिए।

प्रश्न8.विश्व का सबसे बड़ा आरंभिक बाल्यावस्था कार्यक्रम कौनसा है ?

प्रश्न9.भारत का पहला एस.ओ.एस. गांव कब स्थापित किया गया ?

प्रश्न10. दो ऐसे प्रतिष्ठानों के नाम लिखिए जो आतिथ्य सेवाएं प्रदान करते है ?

प्रश्न11. उपभोक्ता संरक्षण के लिए भारत सरकार के कानून का नाम लिखिए।

प्रश्न12. परिधान निर्माण कला का अन्य नाम बताइए।

प्रश्न13. रेड रिबन एक्सप्रेस अभियान किसके बारे में जागृति फैलाने के लिए था।

प्रश्न14. विकास संचार के साधन कौन–कौन से हैं ?

लघूतरात्मक प्रश्न–

प्रश्न15. कोडेक्स ऐलिमेन्टैरियस क्या है ?

प्रश्न 16. ई.सी.जी.ई. के मार्गदर्शी सिद्धान्त लिखिए।

प्रश्न 17. एक व्यावसायिक या औद्योगिक धुलाईघर में विभिन्न विभागों की व्यवस्था कैसे की जाती है ?

प्रश्न18. प्रतीक्षा कक्ष का उपयोग लिखिए।

प्रश्न19. संप्रेषण कितने प्रकार के होते है, उनके नाम लिखिए।

प्रश्न20. तकनीकी कौशल क्या है ?

निबंधात्मक प्रश्न–

प्रश्न21. देश में चल रहे पोषण कार्यक्रमों की सूची बनाइए।

अथवा

खाद्य पदार्थों के भौतिक संकटों को चार्ट के माध्यम से समझाइए।

प्रश्न22. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा को समझाइए।

अथवा

संस्थागत कार्यक्रम क्या है और ये बच्चों के लिए किस प्रकार कार्य कर रही है?

प्रश्न23. रंग कितने प्रकार के होते है वर्णन कीजिए।

अथवा

फैशन का विकास समझाइए।

विषय सूची

अध्याय	अध्याय का नाम
अध्याय–1	कार्य, आजीविका तथा जीविका
अध्याय–2	नैदानिक पोषण और आहरिका
अध्याय–3	जनपोषण तथा स्वास्थ्य
अध्याय–4	खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी
अध्याय–5	खाद्य गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा
अध्याय–6	प्रारम्भिक बाल्यावस्था–देखभाल और शिक्षा
अध्याय–7	बच्चों, युवाओं और वृद्धजनों के लिए सहायक सेवाओं, संस्थानों और कार्यक्रम का प्रबंधन।
अध्याय–8	वस्त्र एवं परिधान के लिए डिजाइन
अध्याय–9	फैशन डिजाइन और व्यापार
अध्याय–10	संस्थाओं में वस्त्रों की देखभाल और रख–रखाव
अध्याय–11	आतिथ्य प्रबंधन
अध्याय–12	उपभोक्ता शिक्षा और संरक्षण
अध्याय–13	विकास संचार तथा पत्रकारिता
अध्याय–14	नियमित संप्रेषण और जनसंपर्क

इकाई–I

अध्याय 1

कार्य आजीविका तथा जीविका

पाठ का सारः

व्यक्ति का सामाजिक दायित्व एवं उसकी स्वेच्छावृत्ति और उसके द्वारा किया गया श्रमदान सेवा। उसके जीविका उपार्जक के लिए भारत में कई परम्परागत व्यवसाय है। कार्य सभी संस्कृतियों का केन्द्र बिन्दु है। लोग कार्य के बदले धन प्राप्त करते हैं। 15 वर्श से कम उम्र के बच्चों से कार्य करवाना बाल श्रम अपराध है। एच.डी.आई. का पूरा नाम मानव विकास सूचकांक है, जो 1990 में विकसित था। नवाचार जीवन पर्यन्त काम में आते हैं और हर परिस्थितियों में जीवन को प्रोत्साहन और समर्थ बनाने का कार्य करते हैं। उत्पाद या सेवा का नवीनीकरण या बदलाव नवप्रवर्तन कहलाता है। उत्पादकता को बढ़ाना जोखिमों की कम करना और दक्षता को बढ़ाना आदि सुकार्यिकी के लाभ है। सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाना, महिला विकास कार्यक्रमों का संचालन तथा बालिकाओं के लिए कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, सर्व शिक्षा अभियान आदि कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. जब किए गए कार्य का परिणाम अर्थपूर्ण अथवा सफल होता है, तब प्रदान करता है–

   (अ) व्यक्तिगत विकास में योगदान (ब) कार्य को सम्पन्न करने की क्षमता

   (स) विश्वास (द) उपरोक्त सभी ( )

2. व्यापक रूप से कार्य का प्रचलित अर्थ है–

   (अ) एक नौकरी के रूप में कार्य (ब) जीविका के रूप में कार्य

   (ग)जीविका के रूप में मनपसन्द कार्य (स) उपरोक्त सभी ( )

3. वार्ली चित्रकला कठपुतली शिल्प किस राज्य से सम्बन्धित है–

   (अ) गुजरात (ब) राजस्थान

   (स) मध्यप्रदेश (द) महाराष्ट्र ( )

4. आय का वह न्यूनतम स्तर जो किसी देश में जीवन का उपयुक्त स्तर पाने के लिए आवश्यक होता है, कहलाता है–

   (अ) जीवन स्तर (ब) जीवन की गुणवत्ता

   (स) गरीबी रेखा (द) विकास ( )

5. भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्रियां रोजगार प्राप्त कर रही है–

(अ) कृषि क्षेत्र में (ब) पशुपालन में

(स) निर्माण कार्य में (द) उपरोक्त सभी में ( )

6. किसी उद्योग या फैक्ट्री में कितनी महिलाओं की नियुक्ति पर शिशु सदनों की व्यवस्था रखनी पड़ती है–

(अ) दस (ब) बीस

(स) तीस (द) तीस से अधिक ( )

7. के.जी.बी.वी. से अभिप्राय है–

(अ) सर्व शिक्षा अभियान (ब) समग्र शिक्षा योजना

(ब) कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

8. महिलाओं के किस उद्योग को सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण उद्योग का पुरस्कार मिला है–

(अ) खादी उद्योग (ब) मसाला उद्योग

(स) बेकरी उद्योग (द) लिज्जत पापड़ उद्योग ( )

9. कर्मचारियों को प्रोत्साहन देने के लिए उनकी किस तरह की आवश्यकताओं को पूरा करना आवश्यक होता है ?

(अ) सामाजिक (ब) मनोवैज्ञानिक

(स) आर्थिक (द) उपर्युक्त सभी ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

10 ..... वह व्यक्ति होता है जो एक नए विचार को वास्तविकता का रूप देने का जोखिम उठाता है। (उद्यमी/किसान)

11. स्वैच्छिक सेवा ऐसा आचरण है जिसमें व्यक्ति बिना किसी वित्तीय या भौतिक लाभ की प्राप्ति के उद्देश्य से ..... के लिए कार्य करता है। (दूसरों/स्वंय)

12. भारत में ..... जनसंख्या के एक बड़े भाग के मुख्य व्यवसायों में से एक व्यवसाय रहा है। (कृषि/व्यापार)

13. श्रम के महत्व का अर्थ है कि व्यक्ति जो कुछ कार्य करता है, उस पर उसे ..... होता है। (गर्व/शर्मिंदा)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

14. अधिकांश व्यक्ति कार्य क्यों करते है ?
15. आय किसे कहते हैं ?
16. भारत के किन्हीं चार परम्परागत व्यवसायों के नाम लिखिए।
17. आधुनिक काल में कलाओं को किनके द्वारा संरक्षण व प्रोत्साहन मिलता है ?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

18. महिला सशक्तिकरण के लिए आप क्या प्रयास करेंगे ? दो सुझाव दीजिए।
19. कार्य का महत्व बताइए।
20. उद्यमी कौन होता है ?

निबंधात्मक प्रश्न

21 महिलाओं के हित में सरकार के क्या प्रयास हैं ?

इकाई–II पोषण खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी

अध्याय– 2 नैदानिक पोषण और अहारिकी

20–21 वीं सदी में चिकित्सा और औषध विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति हुई। पोषण का विशिष्ट क्षेत्र जो बीमारी के समय पोषण से संबंधित है, उसे नैदानिक पोषण कहते है। आहार चिकित्सा के उद्देश्य मरीज की भोजन की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए आहार सूची बनाना, अल्पकालिक और दीर्घकालिक समस्याओं को रोकने में मदद करना। आहार विशेषज्ञ की भूमिका पोषण का मूल्यांकन और समस्याओं का निदान आदि करते है। अतः व्यक्ति को दलिया और खिचड़ी नरम आहार के रूप में दी जाती है। रोगों की श्रेणी में भारत देश विश्व की मधुमेह राजधानी बन सकता है। चिरकालिक रोग के अंतर्गत मोटापा, कोलन का कैंसर, मधुमेह, अति तनाव आदि है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. कम शारीरिक गतिविधियाँ और तनाव के खतरे को बढ़ने के लिए उत्तरदायी है

   (अ) उच्च रक्तचाप (ब) हृदय रोग

   (स) कैंसर रोग (द) मधुमेह रोग ()

2. नरम आहार में सम्मिलित भोजन कौन सा है–

   (अ) रोटी (ब) दलिया

   (स) खिचड़ी (द) ब और स दोनों ()

3. कौन सा देश विश्व की मधुमेह राजधानी बन सकता है–

   (अ) चीन (ब) भारत

   (स) अमेरिका (द) श्रीलंका ()

4. चिकित्सा और औषध विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति हुई–

   (अ) 20–21 वीं सदी (ब) 15–16 वीं सदी

   (स) 19–20 वीं सदी (द) 22–23 वीं सदी ()

5. तरल आहार का उदाहरण है–

   (अ)खिचड़ी (ब) दलिया

   (स) चपाती (द) फलों का रस ()

6. निम्न में से जो चिरकालिक रोग नहीं है, वह है–

(अ) मधुमेह (ब) हैजा

(स) उच्च रक्तचाप (द) हृदय रोग ()

7. जब पोषक पदार्थों की प्राप्ति अपर्याप्त होती है तो शरीर के लिए निम्न में से क्या करने में कठिनाई होती है ?

(अ) रोगों से रक्षा में (ब) धान भरने में

(स) अंगों के सुचारू रूप से कार्य करने में (द)उपरोक्त सभी में ()

8. पोषण का विशिष्ट क्षेत्र, जो बीमारी के समय के पोषण से संबंधित है, कहलाता है–

(अ)नैदानिक पोषण (ब) निम्न पोषण

(स) उच्च पोषण (द) संतुलित पोषण ()

9. हृदय रोग उत्पन्न होने का खतरा कम हो जाता है–

(अ) अधिक फल, सब्जियां, दालें खाने से (ब) कम फल, सब्जियां, दाले खाने से

(स) अधिक वसायुक्त भोजन करने से (द) कम कैल्शियम अन्तः ग्रहण से ()

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

10. ..... को चिकित्सकीय पोषण उपचार भी कहते हैं। (चिकित्सकीय आहार /तरल आहार)

11. पोषण औषध ..... के लिए लाभकारी है। (स्वास्थ्य/चिकित्सा)

12. पोषण का विशिष्ट क्षेत्र, जो बीमारी के समय पोषण से संबंधित है, ... पोषण कहलाता है। (नैदानिक/चिकित्सक)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

13. नैदानिक पोषण किसे कहते हैं?

4	**तुलनात्मक लोक प्रशासन एवं विकास प्रशासन** तुलनात्मक लोक प्रशासनः अर्थ, प्रकृति, क्षेत्र एवं महत्व, विकास प्रशासन एवं प्रशासनिक विकासः अर्थ, विशेषताएँ एवं अर्न्तसंबंध।	08
5.	**भारतीय प्रशासनः सामान्य परिचय** कौटिल्य के प्रशासनिक विचार, भारतीय प्रशासन का संवैधानिक परिप्रेक्ष्य एवं भारतीय प्रशासन की विशेषताएँ	08
6.	**नीति निरूपण एवं नियोजन** नीति आयोग एवं राष्ट्रीय विकास परिषदः संगठनात्मक स्वरूप एवं कार्य, राजस्थान में नियोजन विभाग एवं योजना मंडलः संगठन एवं भूमिका, जिला आोजना समिति	10
7.	**वित्तीय प्रशासन** बजट का अर्थ एवं प्रकार, भारत में बजट का निर्माण एवं अनुमोदन, प्रक्रिया,	06

वित्तीय नियंत्रण

8 **कार्मिक प्रशासन** 08

उच्च लोक सेवाओं में भर्ती–प्रक्रिया एवं प्रशिक्षण, संघ लोक सेवा, संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग, संगठनात्मक स्वरूप एवं भूमिका

9. **भारतीय प्रशासन : महत्वपूर्ण मुद्दे** 08

मंत्री–लोक सेवक संबंध, सामान्य, विशषज्ञ संबंध, प्रशासनिक नैतिकता, प्रशासन में पारदर्शिता (नागरिक अधिकार पत्र, सूचना का अधिकार)

10. **प्रशासनिक सुधार एवं नचाचार** 06

भारत में प्रशासनिक सुधारः स्वतंत्रता पश्चात् के विभिन्न आयोगों एवं समितियों की जानकारी, राजस्थान में प्रशासनिक सुधार एवं नवाचार विकासः अर्थ, विशेषताएँ एवं अर्न्तसंबंध।

निर्धारित पुस्तक– लोक प्रशासन – माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर।

मॉडल पेपर 2023–24

कक्षा–12

विषय – लोक प्रशासन

समय : 4:15 घंटे पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. प्रश्न संख्या 1 में (i) से (xv) तक कुल 15 प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
2. प्रश्न संख्या 2 में (i) से (v) तक कुल 5 प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
3. प्रश्न संख्या 3 से 12 तक कुल 10 प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
4. प्रश्न संख्या 13 से 19 तक कुल 7 प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
5. प्रश्न संख्या 20 से 25 तक कुल 6 प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।
7. प्रश्न संख्या 26 28 तक 3 प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

खण्ड–अ

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. लूथर ने संगठन के कितने सिद्धान्त बताए है ? (1x 15=15)

   (अ) 14 सिद्धान्त (ब) 7 सिद्धान्त

   (स) 10 सिद्धान्त (द) 6 सिद्धान्त

2. नौकरशाही के 'महाद्वीपीय कण्टक' किसने कहा है ? ( )

   (अ) वेबर (ब) थॉमस कार्लाइस

   (स) कार्ल मार्क्स (द) एम. क्रोजियर ( )

3. मानव संबंध विचारधारा की आधारशिला है–

   (अ) हार्थोन (ब) मिशिगन प्रयोग

   (स) ओहियो प्रयोग (द) इनमें से कोई नहीं ( )

4. संचार को प्रशासकीय संगठन की रक्तधारा किसने कहा?

   (अ) मिलेट (ब) पिफनर

   (स) एल.डी. व्हाइट (द) विलोबी ( )

5. फ्रेड रिग्ज ने तुलनात्मक लोक प्रशासन की कितनी प्रवृत्तियाँ बताई है ?

   (अ) एक (ब) दो

   (स) तीन (द) चार ( )

6. विकास प्रशासन की विशेषता है–

   (अ) परिवर्तनशील (ब) प्रजातांत्रिक

(स) आधुनिक (द) सभी ( )

7. राजस्थान में नियोजन विभाग की स्थापना कब हुई?

(अ) 1953 (ब) 1973

(स) 1950 (द) 1952 ( )

8. प्रशासनिक सुधार आयोग ने राज्य योजना मण्डलों की स्थापना का सुझाव दिया था?

(अ) 1963 (ब) 1967

(स) 1988 (द) 1997 ( )

9. नीति आयोग का अध्यक्ष कौन होता है?

(अ) मुख्यमंत्री (ब) राज्यपाल

(स) प्रधानमंत्री (द) राष्ट्रपति ( )

10. भविष्य में राष्ट्रीय विकास परिषद का विलय निम्नलिखित में से किस संस्था में किया जा सकता है?

(अ) वित्त आयोग (ब) मंत्रिमण्डल

(स) नीति आयोग (द) संसद ( )

11. प्रतिनियुक्ति होती है–

(अ) सामान्यतः एक से पांच वर्ष (ब) दो वर्ष

(स) आजीवन (द) 1 वर्ष ( )

12. प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज कहाँ पर स्थित है?

(अ) हैदराबाद (ब) नई दिल्ली

(स) मसूरी (द) शिमला ( )

13. राज्यों के लोकसेवा आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति कौन करता है?

(अ) राज्यपाल (ब) राष्ट्रपति

(स) प्रधानमंत्री (द) मुख्यमंत्री ( )

14. सूचना प्राप्त होने का समय निर्धारित है–

(अ) तीस दिन (ब) तीन माह

(स) चालीस दिन (द) बीस दिन ( )

15. निर्णय प्रक्रिया के कितने चरण होते है–

(अ) एक (ब) दो

(स) तीन (द) चार ( )

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** **(1 x 5 = 5)**

(i) विकास प्रशासन द्वारा..... में बढ़ोतरी संभव है। (विकास दर/प्रत्याशा)

(ii) नियोजन को 'पूर्व दृष्टि' ..... ने कहा है। (हेनरी फेयोल/हडसन)

(iii) समस्त कार्मिक ..... की आधारशिला है। (राजतंत्र/प्रशासन)

(iv) व्यावसायिक पाठ्यक्रम ..... सप्ताह का होता है। (सोलह/आठ)

(v) लोकपाल विधेयक ..... में (2014/2018)

अतिलघूतरात्मक प्रश्न–I **(1 x 10 = 10)**

3. नौकरशाही का सामान्य अर्थ बताइये।
4. मेयो के दो आलोचकों के नाम लिखिए।
5. वैराज्य से आप क्या समझते है?
6. सन्निधाता के अधीन कोई विभाग बताइये।
7. विजिगिषु राजा किसे कहा गया है?
8. वित्तीय नियंत्रण का अर्थ समझाइये।
9. पदोन्नति से आप क्या समझते है?
10. प्रत्यक्ष भर्ती के दो प्रकार कौनसे है?
11. विशेषज्ञ से आप क्या समझते है?
12. चुनाव सुधार क्यों जरूरी है?

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–II **(2 x 7 = 14)**

13. मैक ग्रेगर के अभिप्रेरणा के सिद्धान्तों के नाम बताइये।
14. कार्यक्रमित निर्णत किसे कहते है?
15. लघुस्तरीय अध्ययन को उदाहरण सहित समझाइये।
16. पोर्टफोलियो प्रणाली की शुरूआत कब की गई?
17. सूपर कैबिनेट से क्या अभिप्राय है?
18. वित्तीय प्रशासन का प्रमुख उपकरण कौनसा है?
19. राजनीतिक कार्यपालिका से आप क्या समझते है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न– **(3 x 6 = 18)**

20. हेनरी फेयोल ने प्रबन्धकों के कितने गुण बताए है?
21. अभिप्रेरणा के महत्व को बताने वाले दो बिन्दु लिखिए।
22. प्रशासनिक विकास की आवश्यकता समझाइये।
23. वर्तमान में कौन–कौनसी अखिल भारतीय सेवाएं है?
24. जिला नियोजन की प्रकृति की कोई तीन विशेषताएं बताइये।
25. भारत में बजट का इतिहास बताइये।

निबंधात्मक प्रश्न– **(6 x 3 = 18)**

26. एक विषय के रूप में भारत में लोक प्रशासन की विकास यात्रा का वर्णन कीजिए।

अथवा

नव लोक प्रबंध पर एक टिप्पणी लिखिए।

27. भारत में बजट निर्माण की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन कीजिए।

अथवा

भारत में बजट के अधिनियम (पारित) पर एक लेख लिखिए।

28. प्रशासनिक सुधार आयोग के प्रमुख सुझाव क्या थे ?

अथवा

प्रशासनिक सुधार आयोग पर संक्षिप्त लेख लिखिए।

अनुक्रमणिका

कक्षा–12

विषयः लोकप्रशासन

क्र.सं.	विवरण
	इकाई– I लोक प्रशासन : वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य
1..	लोक प्रशासनः अध्ययन विषय के रूप में विकास
	ईकाई– II प्रमुख सैद्धान्तिक विचारधाराएँ
2.	वैज्ञानिक प्रबन्ध विचारधारा
3.	शास्त्रीय विचारधारा
4.	अधिकारी तंत्र प्रतिमान
5.	मानव सम्बन्ध विचारधारा
	ईकाई– III प्रशासनिक व्यवहार
6.	सम्प्रेषण अथवा संचार
7.	अभिप्रेरणा
8.	निर्णय निर्माण
	ईकाई– IV तुलनात्मक लोक प्रशासन एवं विकास प्रशासन
9.	तुलनात्मक लोक प्रशासन
10.	विकास प्रशासन
11.	प्रशासनिक विकास
	ईकाई– V भारतीय प्रशासनः सामान्य परिचय
12.	कौटिल्य के प्रशासनिक विचार
13.	भारतीय संविधान एवं लोक प्रशासन
14.	भारतीय प्रशासन तंत्र की विशेषताएँ
	ईकाई– VI नीति निरूपण एवं नियोजन
15.	नीति आयोग
16.	राष्ट्रीय विकास परिषद

17.	नियोजन विभाग एवं योजना मण्डल
18.	जिला आयोजना समिति
	ईकाई– VII वित्तीय प्रशासन
19.	बजट की अवधारणा
20.	भारत में बजट
21.	वित्तीय नियंत्रण
	ईकाई– VIII कार्मिक प्रशासन
22.	लोक सेवाओं में भर्ती
23.	लोक सेवाओं में प्रशिक्षण
24.	संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग
	ईकाई– IX भारतीय प्रशासनः महत्वूपर्ण मुद्दे
25.	मंत्री लोक सेवक सम्बन्ध
26.	सामान्यज्ञ बनाम विशेषज्ञ
27.	प्रशासनिक नैतिकता
28.	प्रशासन में पारिदर्शिता
	ईकाई– X प्रशासनिक सुधार एवं नवाचार
29.	प्रशासनिक सुधार

इकाई–1 लोक प्रशासन : वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य

अध्याय 1

लोक प्रशासन : अध्ययन विषय के रूप में विकास

सारांश –

प्रस्तुत अध्याय में लोक प्रशासन के एक अध्ययन विषय के रूप में विकसित होने की प्रक्रिया का वर्णन है। सोलहवीं सदी से वर्तमान समय तक के विकास एवं विभिन्न सरकारों के प्रकार का संक्षिप्त परिचय के साथ ही भारतीय परिवेश में सिन्धुघाटी सभ्यता से वर्तमान युग तक लोक प्रशासन की विकास यात्रा का वर्णन है।

इस पाठ में (1) लोक प्रशासन एक क्रिया के रूप में (2) लोक प्रशासन एक विषय के रूप में अध्ययन किया जा सकता हैं इसके विभिन्न चरण जैसे प्रथम चरण– राजनीति प्रशासन द्विविभाजन काल (1887–1926) द्वितीय चरण – प्रशासन के सिद्धान्तों का स्वर्णकाल (1927–1937) तथा तृतीय चरण– चुनौतियों का काल (1938–1970) और पंचम चरण– अर्न्तविषयक काल (1971 से वर्तमान तक) का भी वर्णन किया है जिससे लोक प्रशासन जैसे विषय के विकासकाल को समझा जा सकता है। साथ ही नवीन लोक प्रशासन के चार प्रमुख लक्ष्यों का भी सविस्तार वर्णन है जो है।

1) प्रासंगिकता
2) मूल्य
3) सामाजिक समानता
4) परिवर्तन

इनके द्वारा नवीन लोक प्रशासन निष्कर्ष तौर पर तटस्थ कम और मूल्यपरक ज्यादा है। साथ ही भारत में लोक प्रशासन का अध्ययन विषय के रूप में विकास का भी वर्णन किया गया है। इसे सिन्धुघाटी सभ्यता से लेकर उपनिवेशकाल में ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी के शासन तक से परिभाषित करते हुए 1937 में मद्रास विश्वविद्यालय में सर्वप्रथम लोक प्रशासन विषय में डिप्लोमा शुरू किया गया। सन् 1945 में लखनऊ विश्वविद्यालय व 1949 में नागपुर विश्वविद्यालय में डिप्लोमा कोर्स शुरू किया गया।

सर्वप्रथम 1975 में राजस्थान विश्वविद्यालय में लोक प्रशासन विषय में स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया। सन् 1987 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रतियोगी परीक्षा में वैकल्पिक विषयों की सूची में स्वतंत्र विषय की सूची में शामिल किया गया।

1. **बहुचयनात्मक प्रश्न–**

1. 'फेडरलिस्ट' ग्रंथ का लेखक कौन है ?

(अ) विलोबी (ब) टेलर

(स) न्यूमैन (द) हैमिल्टन ( )

2. "The Study of Administration" किसकी कृति है ?

(अ) वुडरो विल्सन (ब) विलोबी

(स) एल.डी. व्हाइट (द) वाल्डो ( )

3. आधुनिक लोक प्रशासन का जनक किसे माना जाता है ?

(अ) मैक्स वेबर (ब) एल.डी. व्हाइट

(स) वुडरो विल्सन (द) फ्रेंक गुडनाऊ ( )

4. "Politics and Administration" नामक पुस्तक के लेखक है ?

(अ) एल.डी. व्हाइट (ब) वुडरो विल्सन

(स) फेंक जे. गुडनाऊ (द) गुलिक ( )

5. "Administration Behaviour" नामक पुस्तक के लेखक कौन है ?

(अ) गुलिक (ब) हर्बर्ट साइमन

(स) उर्विक (द) रार्बट डहल ( )

6. तृतीय मिन्नोब्रुक सम्मेलन का वर्ष है?

(अ) 2008 (ब) 1988

(स) 1968 (द) 1994 ( )

7. भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की स्थापना किस वर्ष की गई ?

(अ) 1953 (ब) 1935

(स) 1954 (द)1945 ( )

8. लोक प्रशासन के अध्ययन के विषय के रूप में विकास में स्वरूप की संकटावस्था किस काल को कहा जाता है ?

(अ) प्रथम (1887–1926) (ब) द्वितीय (1927–1937)

(स) तृतीय (1938–1947) (द) चतुर्थ (1948–1970) ( )

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रथम वित्त मंत्री ..... थे। (अलेक्जेन्डर हेमिल्टन/चार्ल्स जीन बेनिन)

2. नव लोक प्रबन्ध शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग.....ने किया। (वुडरोविल्सन/ क्रिस्टोफर हुड)
3. भारत में लोक प्रशासन के विकास के लिए 1949 में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की स्थापना ..... में हुई। (दिल्ली/कोलकाता)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. एक अध्ययन विषय के रूप में लोक प्रशासन का जन्मदाता किसे कहा जाता है ?
2. विकास प्रशासन शब्दका सर्वप्रथम प्रयोग किस भारतीय प्रशासक ने किया ?
3. हर्बर्ट साइमन की महत्वपूर्ण कृति का नाम लिखिए।
4. लोक प्रशसन की विकास यात्रा को कितने कालखण्डों में विभाजित किया गया है ?
5. सुशासन शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया ?
6. भारतीय लोक प्रशासन का जनक किसे माना जाता है ?

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. संयुक्त राज्य अमेरिका में लोक प्रशासन के उदय एवं विकास को प्रभावित करने वाले दो कारकों का उल्लेख कीजिए।
2. भारतीय लोकप्रशासन संस्थान की स्थापना कब हुई ?
3. राजस्थान में लोक प्रशासन विषय कब प्रारम्भ किया गया ?

5. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. एक विषय के रूप में भारत में लोक प्रशासन की विकास यात्रा का वर्णन कीजिए।
2. नव लोक प्रबन्ध पर एक टिप्पणी लिखिए।

इकाई–2

प्रमुख सैद्धान्तिक विचारधाराएँ

अध्याय–2

वैज्ञानिक प्रबन्ध विचारधारा

सारांश–

समाज को दिशा देने के लिए विभिन्न विचारधाराएं प्रचलित है, जिसमें 20वीं सदी में वैज्ञानिक स्वचालन एवं कम्प्यूटर तकनीक का विकास प्रमुख है। अतः यह विचारधारा वर्तमान समय में सर्वहितों के रूप में कार्य करने के कारण महत्वपूर्ण है।

वैज्ञानिक प्रबन्ध विचारधारा में सर्वप्रथम व्यवस्थित विचारधारा है। वैज्ञानिक प्रबन्ध शब्द का सबसे पहले आविष्कार सन् 1910 ई. में लुई.डी. ब्रेंडीज ने किया था। इस अवधारणा के क्षेत्र में सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान एफ.डब्ल्यू. टेलर एवं हेनरी फेयोल ने दिया जिसके कारण टेलर को वैज्ञानिक प्रबन्धन का पितामह कहा जाता है।

वैज्ञानिक प्रबन्ध का अर्थ– विज्ञान का अर्थ है विशिष्ट ज्ञान की वह शाखा जो तथ्यों को व्यवस्थित ढंग से चलाने से है।

इस पाठ में वैज्ञानिक प्रबन्ध की विशेषताएँ तथा वैज्ञानिक प्रबन्ध के उद्देश्य आदि का वर्णन है। साथ में एफ.डब्ल्यू. टेलर का योगदान, मान्यताएँ एवं सिद्धान्त तथा वैज्ञानिक प्रबन्धन की तकनीके, वैज्ञानिक प्रबन्ध के लाभ आदि का विस्तृत वर्णन है।

दूसरे स्थान पर हेनरी फेयाल का योगदान, प्रबन्धन के त्तव, सिद्धान्त आदि पर चर्चा की गई है। इसके अलावा प्रबन्धकों के गुण–आलोचना के साथ ही फेयोल का मूल्यांकन किया गया है।

निष्कर्षतः टेलर एवं हेनरी फेयोल का प्रबन्ध जगत में योगदान अविस्मरणीय है।

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

1. वैज्ञानिक प्रबन्ध की अवधारणा का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया ?

   (अ) टेलर (ब) लुई ब्रेंडिज

   (स) वेबर (द) विलोबी ( )

2. वैज्ञानिक प्रबन्ध की विचारधारा आधारित है ?

   (अ) प्रबन्ध परम्पराओं पर (ब) अनुमानों पर

   (स) भूल व सुधार पर (द) वैज्ञानिक प्रविधियों पर ( )

3. निम्न में से किसे ''वैज्ञानिक प्रबन्ध'' का जनक कहा जाता है ?

(अ) एल्टन मेयो (ब) लूथर गुलिक

(स) टेलर (द) फेयोल ( )

4. हेनरी फेयोल ने संगठन के कितने सिद्धान्त बताए है ?

(अ) 14 (ब) 10

(स) 6 (द) 5 ( )

5. गैंक प्लांक विधि किससे संबंधित है ?

(अ) कार्य विभाजन (ब) पर्यवेक्षण

(स) आदेश की एकता (द) पदसोपान ( )

6. गैंक प्लांक क्या है ?

(अ) उच्च स्तरीय अधिकारी से सीधे संपर्क करना।

(ब) सभी पदों का एकीकरण कर देना।

(स) समस्तरीय पदों में प्रत्यक्ष संचार हेतु पुल बनाना।

(द) उपर्युक्त सभी ( )

7. ''सामान्य और औद्योगिक प्रबन्ध'' पुस्तक के लेखक कौन है ?

(अ) टेलर (ब) उर्विक

(स) फेयोल (द) गुलिक ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. वैज्ञानिक प्रबंध शब्द का सबसे पहले प्रयोग सन ..... में किया गया। (1918/1910)
2. टेलर ने वैज्ञानिक प्रबंध के ..... सिद्धान्त बताए। (तीन/पाँच)
2. हेनरी फेयोल ..... के प्रबल समर्थक थे। (आदेश की एकता/आदेश की विभिन्नता)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. वैज्ञानिक प्रबन्ध की दो प्रमुख विशेषताएं बताइये।
2. हेनरी फेयोल द्वारा लिखित प्रमुख पुस्तक का नाम बताइये।
3. अपवाद का सिद्धान्त क्या है ?
4. वैज्ञानिक प्रबन्ध के दो लाभ बताइये।

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. वैज्ञानिक प्रबन्ध के प्रमुख उद्देश्य क्या थे ?
2. टेलर ने वैज्ञानिक प्रबन्ध के सिद्धान्तों की कितनी मान्यताएं बताई है?
3. हेनरी फेयोल ने औद्योगिक संस्थानों की कितनी गतिविधियां बताई है?
4. वैज्ञानिक प्रबन्ध आंदोलन के जन्मदाता कौन थे ?
5. टेलर के प्रमुख सहयोगी कौन–कौन थे ?
6. हेनरी फेयोल ने प्रबन्धकों के कितने गुण बताए है ?

5. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. हेनरी फेयोल के प्रबन्धकीय योगदान का संक्षेप में वर्णन कीजिए।
2. टेलर ने वैज्ञानिक प्रबन्ध के सिद्धान्तों की संक्षिप्त विवेचना कीजिए।

अध्याय 3

शास्त्रीय विचारधारा

सारांश–

शास्त्रीय विचारधारा संगठन की सबसे पुरानी एवं सबसे प्रचलित विचारधारा है। इसके प्रवर्तक लूथर गुलिक है। इस पाठ के तहत संगठन के विभिन्न सिद्धान्तों का परिचय दिया गया है। इसमें शास्त्रीय विचारधारा की मान्यताएँ, विशेषताएँ आदि का विस्तृत विवरण है। शास्त्रीय विचारधारा में लूथर गुलिक का योगदान, उनके शोधपत्र, पुस्तके, व उनके 10 सिद्धान्त, 4Ps तथा लोक प्रशासन के क्षेत्र जिसमें POSDCORB के कार्य जो एक प्रबन्धक द्वारा किये जाने वाले कार्यों का वर्णन है व अन्य विद्वान लिंडल एफ. उर्विक का योगदान, पुस्तके, उनके द्वारा उदत्त प्रबन्ध के सिद्धान्त Z (जेड) सिद्धान्त आदि का वर्णन किया गया है।

निष्कर्षतः– शास्त्रीय विचारधारा के विकास में लूथर गुलिक और उर्विक का योगदान सदैव अतुलनीय है। इस विचारधारा ने ही सर्वप्रथम प्रशासन को एक स्वतंत्र क्रिया के रूप में स्थापित किया है।

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

1. संगठन की परम्परागत या शास्त्रीय विचारधारा में सर्वाधिक उपेक्षित बिन्दु था ?
   (अ) कानून (ब) संरचना
   (स) मानव (द) संगठन ( )
2. लोक प्रशासन में पोस्डकोर्ब (POSDCORB) शब्द के प्रतिपादक है ?
   (अ) उर्विक (ब) फेयोल
   (स) लूथर गुलिक (द) टेलर ( )
3. ''पेपर्स ऑन द साइन्स ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन'' का सम्पादन किसने किया ?
   (अ) साइमन (ब) गुलिक
   (स) उर्विक (द) गुलिक उर्विक ( )
4. लूथर गुलिक ने संगठन के कितने सिद्धान्त बताये है ?
   (अ) 14 सिद्धान्त (ब) 7 सिद्धान्त
   (स) 10 सिद्धान्त (द) 6सिद्धान्त ( )
5. उर्विक ने नियंत्रण के क्षेत्र की क्या सीमा बतलायी है ?
   (अ) तीन अधीनस्थ (ब) चार अधीनस्थ
   (स) पांच या छह अधीनस्थ (द) दस या बारह अधीनस्थ ( )

6. POSDCORB के कार्य कितने बताये है ?

(अ) 5 (ब) 8

(स) 7 (द) 6 ( )

7. Z Theory (जेड सिद्धान्त) किसके आर्थिक विचारों पर आधारित है ?

(अ) टेलर (ब)गुलिक

(स) मैकग्रेगर (द) फेयोल ( )

8. "Elements of Administration" पुस्तक कब लिखी गई ?

(अ) 1943 (ब)1945

(स) 1944 (द) 1942 ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. शास्त्रीय विचारधारा संगठन की सबसे ..... विचारधारा है। (नवीन/प्राचीन)
2. All Fingers का अर्थ ..... है। (सभी अंगुलियां/छोटी अंगुलियां)
3. 'Alements of Administration' सन् ..... में प्रकाशित हुई। (1943/1948)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. लूथर गुलिक ने संगठन के कितने सिद्धान्त बताए है ?
2. उर्विक ने संगठन के कितने सिद्धान्त बताए है ?
3. चार पी (Four 'Ps') क्या है ?
4. लूथर गुलिक ने POSDCORB शब्द के माध्यम से किसके कार्यों की व्याख्या की है?
5. संगठन की सबसे पुरानी विचारधारा का नाम क्या रखा है?
6. फोर पी (Four 'P') प्रथम 'P' का क्या अर्थ है ?

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. संगठन की शास्त्रीय विचारधारा को अन्य और किस नाम से जाना जाता है ?
2. शास्त्रीय विचारधारा की प्रमुख तीन विशेषताएं बताइये?

5. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. गुलिक के संगठन के सिद्धान्तों पर लेख लिखिए।
2. शास्त्रीय विचारधारा में उर्विक के योगदान का मूल्यांकन कीजिए।

अध्याय 4

अधिकारी तंत्र प्रतिमान

सारांश –

अधिकारी तंत्र प्रतिमान अथवा नौकरशाही एक दूसरे के पर्याय है। इस पाठ में नौकरशाही शब्द का उद्‌भव, परिभाषाएं एवं प्रकार के साथ साथ विशेषताओं का वर्णन है। नौकरशाही के प्रकारों में (1) अभिभावक नौकरशाही, (2) जातीय नौकरशाही (3) संरक्षक नौकरशाही (4) योग्यता पर आधारित नौकरशाही आदि पर विस्तृत चर्चा की गई है।

मैक्स वेबर की प्रमुख पुस्तकें, उनके सिद्धान्त जैसे– प्राधिकार सम्बन्धित सिद्धान्त जिसमें (1) परम्परागत प्राधिकार (2) करिश्माई प्राधिकार (3) वैधानिक तार्किक या कानूनी प्राधिकार पर प्रकाश डाला गया है।

मैक्स वेबर की आदर्श नौकरशाही का प्रारूप, आदर्श नौकरशाही की विशेषताएँ, जिसमें (1) कार्य विभाजन एवं विशिष्टीकरण (2) पदसोपान (3) नियम (4) योग्यता के आधार पर भर्ती (5) पूर्वकालीन अधिकारी (6) आजीविका विकास (7) नियमित पारिश्रमिक व पेन्शन लाभ (8) निजी और लोकहित में अन्तर (9) निर्वैयक्तिक व्यवस्था (10) व्यवस्थित अनुशासन एवं नियंत्रण (11) लिखित दस्तावेज (12) कार्यकुशलता आदि की विवेचना की गई है।

वेबर के मूल्यांकन में यह पाया गया है कि नौकरशाही मानव जीवन की कमजोरी बन गई है। और इसका विकल्प खोज पाना, अत्यन्त कठिन है। डवाइट वाल्डों ने ठीक ही कहा है कि अगर लोक प्रशासन में कोई प्रतिमान है तो वह वेबर का अधिकारी तन्त्र का प्रतिमान है।

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

1. अंग्रेजी का 'ब्यूरोक्रेसी' शब्द किस भाषा के शब्द से उत्पन्न हुआ है ?

   (अ) जर्मन (ब) फ्रेंच

   (स) स्पेनिश (द) रूसी ( )

2. 'ब्यूरोक्रेसी' शब्द का प्रथम प्रयोग किसने किया था ?

   (अ) कार्ल मार्क्स (ब) एफ.एम. मार्क्स

   (स) मैक्स वैबर (द) विन्सेन्ट डी. गार्ने ( )

3. नौकरशाही के आदर्श रूप मॉडल की रचना किस प्राधिकार के आधार पर की गई है ?

   (अ) परम्परागत प्राधिकार (ब) कानूनी प्राधिकार

   (स) करिश्माई प्राधिकार (द) बिना किसी प्राधिकार के आधार पर( )

4. वेबर की नौकरशाही मॉडल की विशेषता है ?

   (अ) प्रशासनिक नियम (ब) पदसोपान

   (स) निवैयक्तिकरण (द) उपर्युक्त सभी ( )

5. नौकरशाही को ''नवीन निरंकुशता'' की सज्ञा दी गई है ?

(अ) वेबर ने (ब) मार्क्स ने

(स) लार्ड हीर्वट ने (द) टेलर ने (अ) ( )

6. नौकरशाही को ''महाद्वीपीय कण्टक'' किसने कहा है ?

(अ) वेबर (ब) थॉमस कार्लाइस

(स) कार्लमार्क्स (द) एम. क्रोंजियर ( )

7. नौकरशाही को ''ब्यूरोपैथॉलोजी'' की संज्ञा दी है ?

(अ) एम. क्रोजियर (ब) विक्टर थॉम्पसन

(स) थॉमस कार्लाइस (द) वेबर ( )

8. ''दी थ्यौरी ऑफ सोशल एण्ड इकॉनोमिक ऑर्गेनाइजेशन" किसकी रचना है ?

(अ) कार्लमार्क्स (ब) हेनरी फेयोल

(स) मैक्स वेबर (द) टेलर ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. मार्क्सटीन मार्क्स ने नौकरशाही के ..... प्रकार बताए है। (चार/तीन)
2. ब्यूरोक्रेसी शब्द ..... भाषा से लिया गया है। (फ्रांसीसी/यूनानी)
3. संरक्षक नौकरशाही को..... भी कहा जाता है। (जातीय प्रणाली/लूट प्रणाली)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. नौकरशाही का सामान्य अर्थ बताइए।
2. नौकरशाही के विकास के कोई दो कारण बताइए।
3. वेबर ने कितने प्रकार के प्राधिकार बताए है ?
4. नौकरशाही की पांच विशेषताएं बताइये।
5. मार्क्सटीन मार्क्स द्वारा बताये गये नौकरशाही के प्रकारों के नाम लिखिए।

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. नौकरशाही के दो सामान्य लक्षण बताइये।
2. नौकरशाही से आप क्या समझते है ?

5. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. मैक्स वेबर की आदर्श नौकरशाही की विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए।
2. नौकरशाही को परिभाषित कीजिए।

अध्याय 5

मानव सम्बन्ध विचारधारा

सारांश–

मानव संबंध विचारधारा कर्मचारियों अथवा मानव को अपने अध्ययन का केन्द्र बिन्दु मानती है। इस विचारधारा ने प्रबन्ध के श्रमिकों के प्रति अपने व्यवहार में सुधार व परिवर्तन लाने का प्रयास किया। परिणामस्वरूप कर्मचारियों व श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार आया है।

प्रस्तुत पाठ में मानव सम्बन्ध विचारधारा का अर्थ एवं परिभाषा को बताते हुए उसकी प्रमुख विशेषताएं बताई है। मानव सम्बन्ध विचारधारा और शास्त्रीय विचारधारा में अन्तर तथा मानव सम्बन्ध विचारधारा और शास्त्रीय विचारधारा में अन्तर तथा मानव सम्बन्ध विचारधारा के विकास के कारणों में 1) 1930 की आर्थिक मंदी 2) पूंजी आधिरित उद्योग 3) तकनीकी प्रगति 4) टेलरवाद की प्रतिक्रिया 5) वर्ग विरोध तथा 6) एल्टन मेयो के प्रयोग का वर्णन किया गया है।

मानव सम्बन्ध विचारधारा में एल्टन मेयो का योगदान, मेयो के प्रयोग जिनमें हॉथोर्न प्रयोग (1924–1934) 1) जांच कक्ष अध्ययन 2) साक्षात्कार अध्ययन 3) अवलोकन अध्ययन आदि का विस्तृत वर्णन किया गया है।

मूल्यांकनतः यह कहा जा सकता है कि उक्त प्रयोग प्रशासन व औद्योगिक संस्थानों में आए दिन होने वाले हड़ताल, घेराव प्रदर्शन और हिंसात्मक कार्यवाहियों के समाधान में मानव सम्बन्ध विचारधारा काफी हद तक सहायक सिद्ध हो सकती है।

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

1. मानव सम्बन्ध विचारधारा प्रमुखता देती है ?
   (अ) संगठन के सिद्धान्तों को (ब) संगठन की संरचना को
   (स) संगठन में मानव को (द) संगठन में कार्य के नियमों को ( )
2. ''मैनेजमेंट एण्ड वर्कर्स''पुस्तक के लेखक है ?
   (अ) रोथलिस बर्जर और डिक्सन (ब) एल्टन मेयो
   (स) रोथलिस बर्जर और मेयो (द) मेयो और व्हाइटहैड ( )
3. मानव सम्बन्ध विचारधारा निम्न में से किस पर ध्यान केन्द्रित करती है ?
   (अ) औपचारिक संगठन (ब) लालफीताशाही
   (स) विशेषीकरण (द) अनौपचारिक समूह ( )
4. ''मानव सम्बन्ध विचारधारा'' की आधारशिला है ?
   (अ) हॉर्थोन (ब) मिशिगन प्रयोग
   (स) ओहियो प्रयोग (द) कोई नहीं ( )

5. मानव सम्बन्ध विचारधारा के लाभ है ?

(अ) श्रमिक और प्रबन्ध में अच्छे सम्बन्ध। (ब) श्रमिकों की अनुशासनहीनता में कमी ।

(स) हड़तालों, श्रमिक असंतोष जैसी समस्याओं से छुटकारा।

(द) इनमें से कोई नहीं ( )

6. मानव सम्बन्ध विचारधारा के जन्मदाता है।

(अ) विलियम जे. डिक्सन (ब) एल्टन मेयो

(स) टी.एन. व्हाइटहैड (द) कोई नहीं ( )

7. हॉर्थोन प्रयोग कब किये गये ?

(अ) 1924 से 1932 के बीच (ब) 1934 से 1937 के बीच

(स) 1919 से 1928 के बीच (द)1902 से 1911 ( )

8. मेयो खण्डन करते है ?

(अ) हॉर्थोन प्रयोग का (ब) मानव सम्बन्ध विचारधारा का

(स) रैबल परिकल्पना का (द) उपरोक्त सभी का ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. मानव सम्बन्ध विचारधारा का जन्मदाता ..... है। (एल्टन मेयो/हॉर्थोन)
2. विश्वव्यापी आर्थिक मंदी ..... में उत्पन्न हुई। (1950/1930)
7. हॉथोर्न प्रयोग सन् ..... में किये गये। (1924–32/1938–1942)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. एल्टन मेयो की दो पुस्तकों के नाम लिखिए।
2. हॉथोर्न प्रयोगों में मेयो के दो सहयोगियों के नाम लिखिए।
3. मेयो के दो आलोचकों के नाम लिखिए।
4. मानव सम्बन्ध विचारधारा की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।
5. मानव सम्बन्ध विचारधारा के उदय के कारणों को संक्षेप में स्पष्ट करें।

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. अनौपचारिक संगठन किसे कहते है ?
2. मानव सम्बन्ध विचारधारा में व्यक्ति का क्या महत्व है ?
3. मानव सम्बन्ध विचारधारा के विकास के कोई तीन कारण बताइये ?

अध्याय 6

सम्प्रेषण अथवा संचार

सारांश–

सम्प्रेषण या संचार एक सत्त् प्रक्रिया है, जिसमें दो या दो से अधिक व्यक्ति अपने संदेशों, विचारों, तर्कों, भावनाओं आदि का परस्पर आदान–प्रदान करते है। इसके लिए शब्दों, पत्रों, हाव–भाव, मौन, चिन्हों अथवा अन्य उपलब्ध साधनों का प्रयोग किया जाता है। इस पाठ में सम्प्रेषण का अर्थ विशेषतॉए उसके उद्देश्य तथा महत्त्व का वर्णन है।

साथ ही सम्प्रेषण की प्रक्रिया– संवाददाता, सूचना माध्यम, संवाद प्राप्तकर्ता और प्रतिक्रिया का वर्णन है। सम्प्रेषण के प्रकार– 1) औपचारिक सम्प्रेषण 2) अनौपचारिक सम्प्रेषण 3) मौखिक सम्प्रेषण 4) लिखित सम्प्रेषण 5) सांकेतिक सम्प्रेषण 6) अधोगामी सम्प्रेषण 7) उर्ध्वगामी सम्प्रेषण 8) समतलीय सम्प्रेषण 9) आन्तरिक सम्प्रेषण 10) बाह्य सम्प्रेषण की विस्तृत व्याख्या की गई है। और अंत में अच्छे सम्प्रेष्ण की आवश्यक शर्तें (8) का भी होना आवश्यक है।

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

1. संचार को ''प्रशासकीय संगठन की रक्तधारा'' किसने कहा है ?

   (अ) मिलेट (ब) पिफनर

   (स) एल.डी. व्हाइट (द) विलोबी ( )

2. ''सम्प्रेषण समान विषयों पर मस्तिष्कों का मेल है'' उक्त कथन किसने कहा है ?

   (अ) हर्बर्ट साइमन (ब) पीटर ड्रकर

   (स) कीथ डेविस (द) ऑडवे टीड ( )

3. निम्न में से सम्प्रेषण प्रक्रिया का सही क्रम कौनसा है ?

   (अ) सम्प्रेषण, सूचना, संवाद प्राप्तकर्ता, प्रतिक्रिया माध्यम।

   (ब) सम्प्रेषक, सूचना, माध्यम, संवाद प्राप्तकर्ता, प्रतिक्रिया।

   (स) संवाद प्राप्तकर्ता, सम्प्रेषक सूचना प्रतिक्रिया ,माध्यम।

   (द) सूचना सम्प्रेषक, प्रतिक्रिया माध्यम, संवाद प्राप्तकर्ता। ( )

4. लिखित सम्प्रेषण के सम्बन्ध में कौनसा कथन सही नहीं है ?

   (अ) लिखित सम्प्रेषण से संदेश में स्पष्टता रहती है ।

   (ब) इसका साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं कर सकते है।

   (स) लिखित सम्प्रेषण में दोनों पक्षों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है।

   (द) लिखित सम्प्रेषण विस्तृत एवं जटिल सूचनाओं के लिए उपयुक्त है। ( )

5. सम्प्रेषण प्रक्रिया के चरण है ?

(अ) तीन (ब) चार

(स) पांच (द) दो ( )

6. सम्प्रेषण के प्रकार है?

(अ) दो (ब) चार

(स) एक (द) तीन ( )

7. ''ग्रेपवाइन''कहा जाता है ?

(अ) औपचारिक सम्प्रेषण को (ब) अनौपचारिक सम्प्रेक्षण को

(स) विस्तृत सम्प्रेक्षण को (द) उक्त में से कोई नहीं ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. सूचना या संदेश भेजने की व्यवस्था ..... कहलाती है। (सम्प्रेषण/संचार)
2. संगठन या विभाग के भीतर का संचार प्रवाह ..... कहलाता है। (बाह्य सम्प्रेषण/आन्तरिक सम्प्रेषण)
8. संवाद अथवा सूचना मुख से उच्चारण करना ..... संप्रेषण कहलाता है। (लिखित/मौखिक)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. सम्प्रेषण को परिभाषित कीजिए।
2. ''ग्रेपवाइन'' से आप क्या समझते है ?
3. औपचारिक सम्प्रेषण क्या है ?
4. सम्प्रेषण में ''माध्यम''से आप क्या समझते है ?
5. मौखिक सम्प्रेषण के क्या लाभ है ?
6. किसने सम्प्रेषण को ''प्रबन्ध का हृदय''कहा है?

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. लिखित सम्प्रेषण के क्या लाभ है ?
2. अच्छे संचार की शर्तें बताइये।
3. सम्प्रेषण के उद्देश्य बताइये।

5. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. सम्प्रेषण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को बताइये।
2. सम्प्रेषण के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।

अध्याय 7

अभिप्रेरणा

सारांश –

प्रस्तुत अध्याय में निजी क्षेत्र या लोक क्षेत्र में कर्मचारियों में कार्य की इच्छा और शक्ति को बनाये रखने के लिए अभिप्रेरणा के महत्व को बताया गया है। अभिप्रेरणा के प्रकार, सिद्धान्त व तकनीकों का वर्णन किया गया है।

प्रस्तुत पाठ में अभिप्रेरणा का अर्थ एवं परिभाषाएं बताई गई है। अभिप्रेरणा की विशेषताएँ, उद्देश्यों तथा महत्व पर भी चर्चा की गई है। अभिप्रेरणा के प्रकार 1) धनात्मक एवं ऋणात्मक अभिप्रेरणाएँ 2) मौद्रिक एवं अमौद्रिक अभिप्रेरणाएं 3) व्यक्तिगत एवं सामुहिक अभिप्रेरणाएं बताई गई है।

अभिप्रेरणाएँ की विधियां या तकनीके– 1) उद्देश्यों को स्पष्ट होना 2) कुशल नेवतृत्व 3) सहयोग एवं भागीदारी 4) प्रतिस्पर्धा या चुनौती 5) अभिप्रेरणा के अन्य साधन

अभिप्रेरणा की विभिन्न विचारधाराएँ–

I. परम्परागत विचारधाराएँ – 1) भय एवं दण्ड की विचारधारा 2) पुरस्कार का सिद्धान्त 3) कैरट व स्टिक विचारधारा

II. आधुनिक विचार धाराएं– 1) अब्राहम मैस्लो की आवश्यकता की क्रमबद्धता का सिद्धान्त 2) डगलस मैकग्रेगर का 'एक्स' तथा 'वाई' सिद्धान्त पर विस्तृत चर्चा की गई है। साथ ही दोनों पृथक–पृथक मूल्यांकन करते हुए इनका महत्व भी बताया गया है।

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

1. निम्न में से किसने अभिप्रेरणा को ''प्रबन्ध का हृदय''कहा है

   (अ) रेन्सिस लिकर्ट (ब) एल.डी. व्हाइट

   (स) विलोबी (द) ऑडवे टीड ( )

2. अमौद्रिक अभिप्रेरणाओं में कौनसा सम्मिलित नहीं है ?

   (अ) प्रशंसा (ब) आदर

   (स) निर्णय में सहभागिता (द) बोनस ( )

3. निम्न में से कौनसा ऋणात्मक अभिप्रेरणा का उदाहरण नहीं है?

   (अ) पदावनति (ब) निलम्बन

   (स) पुरस्कार (द) पदमुक्ति ( )

4. निम्न में से कौनसी आवश्यकता को मैस्लो ने उच्चतम स्तर की आवश्यकता बतलाया है ?

(अ) शारीरिक आवश्यकता (ब) आत्म विकास सम्बन्धी आवश्यकता

(स) सामाजिक आवश्यकता (द) स्वाभिमान/सम्मान संबंधी आवश्यकता ( )

5. मैकग्रेगर का 'वाई' सिद्धान्त व्यक्ति के सम्बन्ध में किस प्रकार की मान्यताएं रखता है ?

(अ) सकारात्मक (ब) नकारात्मक

(स) तटस्थ (द) मानकीय ( )

6. मैकग्रेगर की पुस्तक का क्या नाम था ?

(अ) TheHuman's (ब) The State

(स) Human Side of Enterpriese (द) उपरोक्त में से कोई नहीं ( )

7. मुख्यतः अभिप्रेरणा कितने प्रकार की होती है ?

(अ) दो (ब) तीन

(स) चार (द) छह ( )

8. अब्राहम मैस्लो का लेख A Theory of Human Motivation कब लिखा ?

(अ) 1940 (ब) 1942

(स) 1943 (द)1950 ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. एक्स एवं वाई सिद्धान्त के जन्मदाता ..... है। (मैस्लो/मैकग्रेगर)
2. आवश्यकताओं की क्रमबद्धता का सिद्धान्त का प्रतिपादन ..... द्वारा किया गया। (मैक्फरलैण्ड/ए. मैस्लो)
3. अभिप्रेरणा की परम्परागत विचारधाराओं में ..... प्रमुख है। (दण्डकी विचारधारा/आत्म विकास की विचारधारा)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. अंग्रेजी का 'Motivation' शब्द किस भाषा से उत्पन्न हुआ है ?
2. अभिप्रेरणा की कोई दो विशेषताएं बताइये।
3. अमौद्रिक अभिप्रेरणाएं कौन–कौनसी है ?
4. मैस्लो द्वारा बतलाये गये आवश्यकताओं के पांच समूहों के नाम लिखिए।
5. मैकग्रेगर के अभिप्रेरणा के सिद्धान्तों के नाम बताइये।

4. **लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

1. अभिप्रेरणा को परिभाषित कीजिए।
2. अभिप्रेरणा के महत्व को बताने वाले दो बिन्दु लिखिए।

5. **निबन्धात्मक प्रश्न–**

1. अब्राहम मैस्लो के आवश्यकता की क्रमबद्धता के सिद्धान्त को समझाइये।
2. मैकग्रेगर के 'एक्स' और 'वाई' सिद्धान्त की प्रमुख मान्यताओं को बताइये।

अध्याय 8

निर्णय निर्माण

सारांश –

संगठन को जीवित रखने के लिए निर्णय की महती भूमिका है। निर्णय से आशय है निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उपलब्ध विकल्पों में से सर्वश्रेष्ठ विकल्प का चयन करना। यह समस्याओं का समाधान करने वाला है।

निर्णय के अर्थ, निर्णय निरूपण में 'तथ्यात्मक' एवं मूल्यात्मक त्तव व निर्णयन में तार्किकता या विवेकशीलता के विभिन्न प्रकारों में 1) वस्तुनिष्ठ विवेकशीलता 2) व्यक्तिनिष्ठ विवेकशीलता 3) संचेतन विवेकशीलता 4) संकल्पित या जानबूझकर की गई विवेकशीलता 5) संगठनात्मक विवेकशीलता तथा 6) व्यक्तिगत विवेकशीलता की व्याख्या की गई है।

निर्णय प्रक्रिया के प्रतिमान में 1. तार्किक/शास्त्रीय/आर्थिक मानव मॉडल 2. सीमित विवेकता मॉडल अथवा प्रशासनिक मानव मॉडल का वर्णन है।

निर्णय प्रक्रिया के चरण– 1. अन्वेषण गतिविधि 2. अभिकल्पना अथवा डिजाइन गतिविधि 3. चयन गतिविधि का वर्णन है।

वर्तमान में कम्प्यूटर एवं सूचना पद्धति के प्रयोग ने इस हेतु सुगमता प्रदान की है।

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

1. ''एडमिनिस्ट्रेटिव बिहेवियर'' पुस्तक के लेखक कौन है ?

   (अ) बारेन बैनिस (ब) हर्बर्ट साइमन

   (स) चेस्टर बर्नार्ड (द) पीटर ड्रकर ( )

2. ''एडमिनिस्ट्रेटिव बिहेवियर'' पुस्तक सर्वप्रथम कब प्रकाशित हुई थी?

   (अ) 1947 (ब) 1950

   (स) 1946 (द) 1952 ( )

3. साइमन ने निम्न में से किसे निर्णय प्रक्रिया का चरण नहीं बतलाया है ?

   (अ) अन्वेषण गतिविधि (ब) डिजाईन गतिविधि

   (स) चयन गतिविधि (द) क्रियात्मक गतिविधि ( )

4. निर्णय का सीमित विवेकता सिद्धान्त किसके द्वारा दिया गया था ?

   (अ) हर्बर्ट साइमन (ब) डगलस मैकग्रेगर

   (स) लुण्डबर्ग (द) चेस्टर बर्नार्ड ( )

5. साइमन ने निर्णय के कितने प्रकार बताए है ?

(अ) दो (ब) एक

(स) तीन (द) चार ( )

6. निर्णय प्रक्रिया के कितने चरण होते है ?

(अ) एक (ब) दो

(स) तीन (द) चार ( )

7. आदत है –

(अ) कार्यक्रमित निर्णय (ब) अकार्यक्रमित निर्णय

(स) अभिकल्पित निर्णय (द) उपरोक्त में से कोई नहीं ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. आदत ..... निर्णय का एक प्रकार है। (कार्यक्रमित/अकार्यक्रमित)
2. मनुष्य अपने व्यवहार में निरन्तर ..... लेता रहता है। (विवेक/निर्णय)
3. डिजाइन (अभिकल्प) गतिविधि.....निर्णय का रूप है। (अकार्यक्रमित/कार्यक्रमित)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. निर्णय की परिभाषा दीजिए।
2. कार्यक्रमित निर्णय किसे कहते है ?
3. साइमन द्वारा बताए गए निर्णय प्रक्रिया के चरणों के नाम लिखिए।
4. अकार्यक्रमित निर्णय किसे कहते है ?
5. निर्णय से सम्बन्धित आर्थिक मानव प्रतिमान के बारे में बताइये।

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. निर्णय के विभिन्न प्रकार बताइये।
2. निर्णय की विशेषताओं को बताइये।
3. मानवीय विवेक को सीमित करने वाले कोई तीन त्तव बताइये।

5. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. निर्णय प्रक्रिया से सम्बन्धित प्रतिमानों को बताइये।
2. प्रशासनिक व्यवहार के अध्ययन में हर्बट साइमन के योगदान पर लेख लिखिए।

इकाई–4

तुलनात्मक लोकप्रशासन एवं विकास प्रशासन

अध्याय 9

सारांश–

प्रस्तुत पाठ में लोक प्रशासन का तुलनात्मक ढंग से अध्ययन करने का प्रयास किया गया है। यह एक नवीन अवधारणा है। इस प्रकार के अध्ययन से लोक प्रशासन की अधिक वैज्ञानिक प्रकृति का विकास होगा।

तुलनात्मक लोक प्रशासन के उदय के कारणों में– 1. परम्परागत दृष्टिकोण की अपर्याप्ता 2. शोध हेतु नवीन साधनों की शुरूआत 3. अर्न्तराष्ट्रीय निर्भरता 4. विश्व युद्ध 5. नव स्वतंत्र राष्ट्रों का उदय बताये है। पाठ में तुलनात्मक लोक प्रशासन का अर्थ, परिभाषाएं, उद्देश्य, प्रकृति आदि का वर्णन है।

तुलनात्मक लोक प्रशासन का क्षेत्र 1. वृहदस्तरीय अध्ययन 2. मध्यस्तरीय अध्ययन तथा 3. लघुस्तरीय अध्ययन के बारे में बताया है। तुलनात्मक लोक प्रशासन के महत्व पर भी प्रकाश डाला है।

निष्कर्षतः आज तुलनात्मक लोक प्रशासन का अध्ययन लोक प्रशासन के साथ सफलतापूर्वक सभी देशों में हो रहा है। इसके द्वारा नये उपागमों का भी विकास किया गया है।

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

1. तुलनात्मक लोकप्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका किसने निभाई ?
   (अ) मेरी पार्कर फोलेट (ब) एल.डी. व्हाइट
   (स) वुडरो विल्सन (द) फ्रेड रिग्ज ( )
2. फैरल हैडी ने तुलनात्मक लोकप्रशासन की प्रकृति को कितने भागों में विभक्त किया है ?
   (अ) एक (ब) दो
   (स) तीन (द) चार ( )
3. तुलनात्मक लोक प्रशासन के उदय का कारण है ?
   (अ) द्वितीय विश्वयुद्ध (ब) अंतर्राष्ट्रीय निर्भरता
   (स) नव स्वतंत्रत (द)उपर्युक्त सभी ( )
4. ''तुलनात्मक लोकप्रशासन तुलनात्मक आधार पर लोक प्रशासन का अध्ययन है।'' यह किसने कहा है ?
   (अ) निमरोद रैफली (ब) फ्रेड रिग्ज
   (स) फैरल हैडी (द) लूथर गुलिक ( )
5. तुलनात्मक लोक प्रशासन का सिद्धान्त निर्माण की प्रक्रिया के समान किसने माना है ?
   (अ) साइमन (अ) चेस्टर बर्नाड
   (स) फैरल हैडी (द) विलोबी ( )
6. फ्रेक रिग्ज ने तुलनात्मक लोकप्रशासन की कितनी प्रवृत्तियां बताई है ?
   (अ) एक (ब) दो
   (स) तीन (द) चार ( )

7. निम्नलिखित में से कौनसी तुलनात्मक लोक प्रशासन की आलोचना है ?
   (अ) स्पष्ट विधि का अभाव
   (ब) अनुभव मूलक सिद्धान्तों का विकास नहीं होना
   (स) तुलना के स्पष्ट आधारों का अभाव
   (द) उपर्युक्त सभी ( )
8. तुलनात्मक लोकप्रशासन पर संकट कब आया ?
   (अ)1950 के दशक में (ब) 1960 के दशक में
   (स)1970 के दशक में (द) 1980 के दशक में ( )
9. तुलनात्मक लोकप्रशासन हेतु पुनरोत्थान आंदोलन किसके मार्गदर्शन में चलाया गया ?
   (अ) फ्रेड रिग्ज (ब) हेनरी फेयोल
   (स) फैरल हैडी (द) विलोबी ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. मानव सभ्यता के प्रारम्भ से ही .....का प्रचलन रहा है। (समानता/तुलना)
2. बीसवीं सदी के मध्य में अनेक देश में अनेक देश विदेशी दासता से मुक्त हुए, ये ..... राष्ट्र कहलाते है। (नव स्वतन्त्र/परतन्त्र)
3. भारत में ..... में विमुद्रीकरण हुआ। (नवम्बर 2016/नवम्बर 2020)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. तुलनात्मक लोक प्रशासन में अग्रणी भूमिका किसकी रही?
2. तुलनात्मक लोक प्रशासन का उदय कब हुआ ?
3. इडियोग्राफिक से नोमोथेटिक का अर्थ बताइये।
4. लघुस्तरीय अध्ययन को उदाहरण सहित समझाइये।
5. तुलनात्मक लोकप्रशासन पर आए संकट के कारण स्पष्ट कीजिए।

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. फ्रेड रिग्ज द्वारा बतलाई गई तीन प्रवृत्तियां समझाइये?
2. फैरल हैडी की चार प्रवृत्तियों को स्पष्ट कीजिए।

5. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. तुलनात्मक लोकप्रशासन के क्षेत्र का वर्णन कीजिए।
2. तुलनात्मक लोक प्रशासन के उदय तथा इसका पुनरोत्थानवादी आंदोलन पर लेख लिखिए।

अध्याय 10

विकास प्रशासन

सारांश–

प्रस्तुत पाठ में विकास प्रशासन का उदभव, विकास, विशेषताएं आदि को समझाया गया है। विकास प्रशासन का अर्थ विकास से सम्बन्धित प्रशासन से लिया जाता है। विकास प्रशासन का उद्भव 1950–60 के दशक में हुआ जिसके विभिन्न कारण रहे है। विकास प्रशासन एडवर्ड डब्ल्यू. वीडनर की देन है। इसकी विभिन्न परिभाषाएं दी गई है। विकास प्रशासन की विभिन्न विशेषताएं निम्न हैः–

1. परिवर्तनशील 2. विकासात्मक प्रकृति 3. प्रजातान्त्रिक मूल्यों से सम्बन्धित 4. आधुनिकीकरण 5. प्रशासनिक कुशलता 6. आर्थिक विकास 7. परिणामोन्मुखी 8. प्रतिबद्धता 9. तात्कालिकता, 10. जनसहभागिता आदि का वर्णन किया गया है।

निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि आधुनिक युग में विकास प्रशासन का अत्यधिक महत्व है। इसके कारण माध्यम बनाया एंव विकास करने हेतु अनेक नई संस्थाओं विभागों एवं नये प्रकार के अधिकारियों–कर्मचारियों को देश में बढ़ाया दिया है।

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

1. विकास प्रशासन शब्द का प्रथम बार प्रयोग किसने किया ?

   (अ) यू.एल. गोस्वामी (ब) विलियम वुड

   (स)फैरल हैडी (द) महात्मा गांधी ( )

2. विकास प्रशासन का जनक किसे कहते है ?

   (अ) फैरल हैडी (ब) वीडनर

   (स) जॉर्ज गैन्ट (द) फ्रेड रिग्ज ( )

3. विकास प्रशासन की विस्तृत व्याख्या किसने की है ?

   (अ) यू.एल. गोस्वामी (ब) फेयोल

   (स) फ्रेड रिग्ज (द) वीडनर ( )

4. विकास प्रशासन की विशेषता है ?

   (अ) परिवर्तनशील (ब) प्रजातांत्रिक

   (स) आधुनिक (द) सभी ( )

5. निम्नलिखित में से कौनसी विकास प्रशासन की विशेषता नहीं है ?

   (अ) जन सहभागिता (ब) रचनात्मकता

   (स) अर्न्तमुखी (द) प्रतिबद्धता ( )

6. विकास प्रशासन किन–किन देशों में अपनाया जाता है ?

(अ) विकसित (ब) विकासशील

(स) अल्प विकसित (द) सभी ( )

7. पारम्परिक प्रशासन के लक्षण है ?

(अ) यथास्थिति निर्देशित (ब) कठोर

(स) केन्द्रीकृत (द) सभी ( )

8. ब्रिक्स (BRICS) संगठन में कौनसा देश शामिल नहीं है ?

(अ) इण्डोनेशिया (ब) रूस

(स) चीन (द) भारत ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. विकास प्रशासन द्वारा ..... में बढ़ोतरी संभव है। (विकास दर/प्रत्याशा)
2. विकास प्रशासन ..... के दशक में लोक प्रशासन के उप क्षेत्र के रूप में उभरा। (1950–1960/1940–1950)
3. BRICS ने ..... के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति की है। (विकास प्रशासन/लोक प्रशासन)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. भारत में विकास प्रशासन शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया?
2. विकास प्रशासन की कोई दो विशेषताएं बताइये।
3. विकास प्रशासन का प्रमुख लक्ष्य बताइये।
4. विकास प्रशासन की उपादेयता समझाइये।
5. विकास का अर्थ समझाइये।

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. विकास प्रशासन के उदभव के कारण बताइये।
2. पारम्परिक प्रशासन किसे कहते है ?

5. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. विकास प्रशासन की अवधारणा स्पष्ट करते हुए इसकी विशेषता का वर्णन कीजिए।
2. विकास प्रशासन का महत्व (उपादेयता) समझाइये।

अध्याय 11

प्रशासनिक विकास

सारांश –

इस अध्याय में सुदृढ़ एवं सक्षम प्रशासन हेतु प्रशासनिक विकास का महत्व बताया गया है। विकास प्रशासन व प्रशासनिक विकास में अंतर बताते हुए अर्न्तसम्बन्धों पर भी प्रकाश डाला है। प्रशासनिक विकास की अवधारणा में दो परस्पर सम्बन्धित अर्थ में प्रशासनिक विकास की आवश्यकता, अर्थ एवं परिभाषा दी है। विकास प्रशासन व प्रशासनिक विकास दोनों में समयानुकूल अन्तर लाना है तथा प्रशासनिक विकास स्वयं विकास प्रशासन का ही एक भाग है।

विकास प्रशासन तथा प्रशासनिक विकास दोनों में घनिष्ठ सम्बन्ध भी है। चूंकि ये दोनों अण्डे और मुर्गी की तरह कार्य और कारण के भाव से जुड़े हैं। यह सिद्धान्त फेड रिग्ज़ ने दिया है। प्रशासनिक विकास के साधनः– 1. प्रशासनिक सुधार, 2. नवाचार 3. पारिस्थितिकी 4. प्रशासनिक विकास की समस्याएँः– (अ) ऐतिहासिक समस्याए (ब) संरचनात्मक एवं संगठनात्मक समस्याएँ, (स) भ्रष्टाचार की समस्याएँ, (द) अनावश्यक राजनीतिक दखलंदाजी।

निष्कर्षतः– विकास प्रशासन व प्रशासनिक विकास एक दूसरे से जुड़े हैं।

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

1. प्रशासनिक विकास की तुलना मुख्यतः किससे की जाती है ?
   (अ) परम्परागत प्रशासन से (ब) विकास प्रशासन से
   (स) राज्य प्रशासन से (द) राष्ट्रीय प्रशासन से ( )
2. प्रशासनिक विकास का मुख्य उद्देश्य है ?
   (अ) सामर्थ्य व दक्षता बढ़ाना (ब) प्रशासनिक तंत्र का विस्तार
   (स) कार्य क्षेत्र बढ़ाना (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )
3. प्रशासनिक विकास तथा प्रशासन में मुर्गी व अण्डे का सम्बन्ध किसने बनाया है ?
   (अ) फेयोल (ब) रिग्ज
   (स) फैरल हैडी (द) साइमन ( )
4. प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन कब हुआ था ?
   (अ) 1960 (ब) 1966
   (स) 1970 (द) 1976 ( )
5. निम्नलिखित में कौनसे प्रशासनिक विकास के साधन है ?
   (अ) प्रशासनिक सुधार (ब) नवाचार
   (स) वेबसाइट (द) उपर्युक्त सभी ( )

6. सरकार के जनता से जुड़ाव के नवीन साधन है ?

(अ) फेसबुक (ब) ट्विटर

(स) वेबसाईट (द) उपर्युक्त सभी ( )

7. संपर्क समाधान पोर्टल माध्यम है ?

(अ) विवाह पंजीकरण (ब) स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े

(स) नागरिक शिकायत निवारण (स) विदेशी पर्यटकों की समस्या का ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. विकास प्रशासन व प्रशासनिक विकास दोनों ..... है। (अनावश्यक/अनिवार्य)
2. प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्यक्ष ..... श्री थे। (श्री वीरप्पा मोइली/श्री मोरारजी देसाई)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. प्रशासनिक विकास का अर्थ समझाइये
2. प्रशासनिक विकास के प्रमुख साधन क्या है ?
3. संपर्क समाधान पोर्टल क्या है ?
4. भीम एप्लीकेशन क्या है ?
5. प्रशासनिक विकास का अर्थ समझाइये।

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. प्रशासनिक विकास की आवश्यकता समझाइये।
2. फ्रेड रिग्ज का अण्डा व मुर्गी सम्बन्ध क्या है ?
3. प्रशासनिक विकास की दो समस्याएं लिखिए।

5. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. प्रशासनिक विकास की प्रमुख समस्याओं को समझाइये।
2. विकास प्रशासन एवं प्रशासनिक विकास के पारम्परिक सम्बन्धों को समझाइये।

इकाई 5

भारतीय प्रशासन : सामान्य परिचय

अध्याय 12

कौटिल्य के प्रशासनिक विचार

सारांश–

प्रस्तुत अध्याय में आचार्य कौटिल्य के व्यक्तिव, जीवन परिचय, रचनाए तथा उनके द्वारा प्रदत्त राज्य की उत्पति के सिद्धान्त, प्रशासनिक व्यवस्था, राजा, मंत्रिपरिषद व अन्य महत्वपूर्ण विचारों पर दृष्टिपात किया है। कौटिल्य अर्थशास्त्र के रचनाकार है, अर्थशास्त्र में 15 अधिकरण, 180 प्रकरण, 150 अध्याय एवं 6000 श्लोक है।

कौटिल्य ने राज्य की उत्पत्ति का सिद्धान्त दिया है जिसमें 'ताकतवर का शासन' तथा राजा के लिए दैवीय सिद्धान्त का समर्थन किया है। राजतंत्र शासन की प्रणाली 'द्विराज्य तथा वैराज्य' भी दी है।

राज्य के सप्तांग सिद्धान्त में – राजा या स्वामी 2. आमात्य या मंत्री, 3. जनपद या प्रादेशिक क्षेत्र, 4. दुर्ग या किला, 5. राजकोष, 6. दण्ड या सेना, 7. मित्र है।

केन्द्रीय प्रशासन की आवश्यकता– मंत्री परिषद का संगठन, मंत्रिगण, आमात्य, अध्यक्ष, अन्य राज्य कर्मचारी

कार्मिक प्रशासन– भर्ती प्रणाली, पदसोपान, पदोन्नति, स्थानान्तरण व अवकाश

वित्त विभाग के संगठन में– समाहर्ता, सन्निधाता, अक्षयपटलाध्यक्ष, कार्णिक का वर्णन है।

भ्रष्टाचार की समस्या व रोकथाम की व्यवस्था की थीं

न्याय व्यवस्था में कानून के चार स्रोत 1. धर्म 2. व्यवहार 3. चरित्र 4. राजशासन बताए हैं।

दण्डनीति व परराष्ट्र नीति एवं सिद्धान्त में मण्डल सिद्धान्त महत्वपूर्ण है।

षड्गुण सिद्धान्त (शाड्गुण सिद्धान्त) 1. सन्धि, 2. विग्रह, 3. आसन 4. यान, 5. संश्रय 6. द्वैधीभाव

कौटिल्य ने राजा को राज्य का सेवक कहा है–

1. बहुचयनात्मक–

1. कौटिल्यकृत अर्थशास्त्र में कुल कितने अधिकरण है ?
   (अ) 22 (ब) 15
   (स) 10 (द) 8 ( )
2. राज्य के सप्तांग सिद्धान्त में कौनसी प्रकृति सम्मिलित नहीं है ?
   (अ) दण्ड (ब) जनपद
   (स) मित्र (द) आसन ( )

3. कौटिल्य अर्थशास्त्र में कानून के चार स्रोतों में सर्वाधिक महत्व किसे दिया गया है?
(अ) राजशासन (ब) चरित्र
(स) व्यवहार (द) धर्म ( )

4. निम्न में से कौनसी स्थानीय प्रशासन की इकाई नहीं है ?
(अ) द्रोणमुख (ब) खार्वटक
(स) संग्रहण (द) कार्णिक ( )

5. कौटिल्य के षड़गुण सिद्धान्त में निम्न में से क्या सम्मिलित है ?
(अ) संधि (ब) विग्रह
(स) यान (द) उपरोक्त सभी ( )

6. अर्थशास्त्र में कुल अध्याय है ?
(अ) 140 (ब) 160
(स) 150 (द) 100 ( )

7. सप्तांग सिद्धान्त दिया गया है ?
(अ) कौटिल्य द्वारा (ब) वाल्मीकि द्वारा
(स) द्रोण द्वारा (द) विभीषण द्वारा ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. कौटिल्य को ..... के नाम से भी जाना जाता है। (चणक/विष्णुगुप्त)
2. कौटिल्य के अर्थशास्त्र में आधे भाग में वैदेशिक नीति एवं ..... की ही चर्चा की गई है। (सन्धिनीति/युद्धनीति)
3. कौटिल्य के अर्थशास्त्र में कुल ..... श्लोक है। (6000/4000)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. वैराज्य से आप क्या समझते है ?
2. कौटिल्य अर्थशास्त्र में वर्णित कानून के चार स्रोत बताइये ?
3. षाड्गुण्य सिद्धान्त के कोई दो त्तव बताइये।
4. विजीगीषु राजा किसे कहा गया है ?
5. सन्निधाता के अधीन कोई विभाग बताइये।

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. कौटिल्य के सप्तांग सिद्धान्त के चार अंग बताइये।
2. कौटिल्यकालीन व्यवस्था में भर्ती के लिए कौनसी विधाऐ काम में ली जाती थी ?
3. कौटिल्यकृत अर्थशास्त्र में सुशासन सम्बन्धित कोई तीन निर्धारक त्तव बताइये।

5. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. कौटिल्यकृत अर्थशास्त्र में वर्णित परराष्ट्र नीति से संबंधित सिद्धान्तों की व्याख्या करें।
2. कौटिल्यकालीन केन्द्रीय प्रशासनिक तंत्र व्यवस्था को समझाइये।

अध्याय 13

भारतीय संविधान एवं लोकप्रशासन

सारांश–

भारतीय संविधान ने भारतीय प्रशासन तंत्र को व्यापक रूप से प्रभावित किया है। संविधान से ही प्रशासन तंत्र के विभिन्न लक्ष्य निर्धारित है। संविधान द्वारा ही लोकसेवकों की भर्ती, आरक्षण, विधि का शासन, संरक्षण, नियंत्रण आदि की व्यवस्था की जाती है। प्रस्तुत अध्याय इसी विषय पर है। इसमें प्रशासन के 1. लक्ष्यों का निर्धारण 2. प्रशासन का नीति निर्धारण में मार्गदर्शन 3. लोक सेवाओं का संघीय स्वरूप 4. अखिल भारतीय सेवाओं का प्रावधान, 5. प्रशासन का संसदीय व्यवस्था के अनुरूप होना 6. योग्यतानुसार भर्ती 7. आरक्षण प्रावधान 8. विधि का शासन, प्रशासनिक संस्थाओं का संवैधानिक अस्त्तिव 10. लोक सेवाओं से संम्बन्धित प्रावधान 11. लोक सेवकों का संवैधानिक आरक्षण 12. लोकसेवकों की सेवा शर्तों का निर्धारण 13. प्रशासनिक अधिकरण 14. प्रशासनिक नियंत्रण की विस्तृत व्याख्या की गई है।

प्रश्न

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

1. निम्न में से कौनसी अखिल भारतीय सेवा नहीं है ?

   (अ) भारतीय प्रशासनिक सेवा (ब) भारतीय पुलिस सेवा

   (स) भारतीय वन सेवा (द) भारतीय विदेश सेवा ( )

2. संविधान के किस अनुच्छेद में लोक नियोजन में अवसर की समानता का प्रावधान किया गया है ?

   (अ) अनुच्छेद 16 (ब) अनुच्छेद 18

   (स) अनुच्छेद 17 (द) अनुच्छेद 21 ( )

3. संघ लोकसेवा आयोग एवं राज्यों के लोक सेवा आयोगों का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है ?

   (अ) अनुच्छेद 323 अ एवं ब (ब) अनुच्छेद 324

   (स) अनुच्छेद 309–311 (द) अनुच्छेद 315–323 ( )

4. प्रशासकीय अधिकरण की स्थापना का प्रावधान किस संविधान संशोधन द्वारा किया गया है?

   (अ) 42वां संविधान संशोधन (ब) 48वां संविधान संशोधन

   (स) 44वां संविधान संशोधन (द) 52वां संविधान संशोधन ( )

5. संविधान के किस अनुच्छेद के तहत उच्चतम न्यायालय को रिट जारी करने का अधिकार प्रदान किया है ?

   (अ) अनुच्छेद 16 (4) (ब) अनुच्देद 226

(स) अनुच्छेद 32 (द) अनुच्छेद 325 ( )

6. लोक सेवकों को संवैधानिक संरक्षण किस अनुच्छेद द्वारा प्रदान किया गया है ?

(अ) अनुच्छेद 311 (ब) अनुच्छेद 280

(स) अनुच्छेद 323 (द) अनुच्छेद 325 ( )

7. आरक्षण प्रावधान है, अनुच्छेद–

(अ) 21 में (ब) 22 में

(स) 16(4) (अ) कोई नहीं ( )

8. लोक सेवाओं से सम्बन्धित प्रावधान है ?

(अ) अनुच्छेद 315 (ब) अनुच्छेद 309

(स) अनुच्छेद 280 (द) अनुच्छेद 324 ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. अखिल भारतीय सेवाए ..... है। (5/3)
2. ..... ने विधि का शासन प्रणाली दी है। (डायसी/पोलक)
3. अनुच्छेद के अन्तर्गत संवैधानिक उपचारों का अधिकार प्रदत्त है। (32/36)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. प्रशासन के लक्ष्यों का उल्लेख संविधान में कहाँ किया गया है ?
2. चुनाव आयोग का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है ?
3. लोक नियोजन में आरक्षण का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद के तहत किया जाता है ?
4. प्रसाद का सिद्धान्त क्या है ?
5. संसदीय प्रणाली का प्रमुख लक्षण क्या है ?

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. कोई दो नीति निर्देशक त्तव बताइये।
2. वर्तमान में कौन–कौनसी अखिल भारतीय सेवाएं है।

5. निबन्धात्मक प्रश्न–

1. भारतीय संविधान प्रशासन तंत्र के संगठन, लक्ष्य एवं स्वरूप का निर्धारण करता है। उक्त कथन का विवेचन कीजिए।
2. लोक सेवाओं की स्थापना तथा लोक सेवाओं के संरक्षण, नियमन एवं नियंत्रण से सम्बन्धित संवैधानिक प्रावधानों को बताइये।

अध्याय 14

भारतीय संविधान तंत्र की विशेषताएं

सारांश–

प्रस्तुत अध्याय में भारतीय प्रशासन तंत्र की विशेषताओं को समझाया गया है। ब्रिटिश शासन से प्राप्त भारतीय प्रशासन संबंधी प्रावधान, संवैधानिक परिप्रेक्ष्य, संसदीय शासन प्रणाली भर्ती, आजीवक प्रणाली इत्यादि का वर्णन इस अध्याय में किया गया है।

इसमें वर्तमान भारतीय प्रशासन तंत्र की विशेषताओं के बिन्दुओं का वर्णन निम्नानुसार हैः–

1. वर्तमान भारतीय प्रशासन ब्रिटिश विरासत का परिणाम है।
2. प्रशासन का संवैधानिक परिप्रेक्ष्य
3. प्रशासन तंत्र का संघात्मक स्वरूप
4. संसदीय शासन प्रणाली से प्रभावित
5. स्वतंत्र न्यायपालिका द्वारा नियंत्रित
6. स्टील फ्रेम (कठोरता) से एल्युमिनियम फ्रेम (लोचशीलता) की ओर उन्मुखता
7. सामान्यज्ञ प्रधान प्रशासन तंत्र
8. लोक सेवकों की योग्यतानुसार भर्ती
9. लोक सेवाओं में आरक्षण सम्बन्धी प्रावधान
10. लोक सेवाएं लोक सेवकों हेतु आजीवक प्रणाली
11. लोक सेवकों की राजनीति गतिविधियों पर रोक
12. पारदर्शिता एवं जवाबदेयता की ओर बढ़ता प्रशासन
13. नियामकीय संस्थाओं की बढ़ती संख्या।
14. प्रशासनिक न्यायाधिकरणों का गठन।
15. प्रशासन का कल्याणकारी स्वरूप।
16. भारतीय प्रशासन की ई–गवर्नेंस की ओर उन्मुखता।

1. बहुचयनात्मक प्रश्न–

1. टेन्योर प्रणाली की शुरूआत कब की गई ?

   (अ) 1905 (ब) 1909

   (स) 1915 (द) 1907 ( )

2. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना किस अधिनियम द्वारा की गई ?

   (अ) भारत शासन अधिनियम, 1919 (ब) भारत परिषद् अधिनियम, 1909

   (स) भारत शासन अधिनियम, 1935 (द) भारत स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 ( )

3. संविधान के किस अनुच्छेद में वित्त आयोग की स्थापना का प्रावधान किया गया है ?

(अ) अनुच्छेद 148 (ब) अनुच्छेद 280

(स) अनुच्छेद 315 (द) अनुच्छेद 324 ( )

4. संविधान के किस अनुच्छेद में प्रशासकीय न्यायाधीकरण की स्थापना का प्रावधान किया गया है ?

(अ) अनुच्छेद 320 (ब) अनुच्छेद 323 (A)

(स) अनुच्छेद 324 (द) अनुच्छेद 345 ( )

5. भारत में लोकसेवकों को कौनसा राजनीतिक अधिकार प्राप्त है ?

(अ) वे पद पर रहते हुए चुनाव लड़ सकते है।

(ब) राजनीतिक दलों के लिए चन्दा एकत्रित कर सकते है।

(स) स्वतंत्र रूप से मतदान कर सकते है।

(द) राजनीतिक दलों की सदस्यता ग्रहण कर सकते है। ( )

6. भारतीय प्रशासन की वर्तमान प्रशासन इकाईयां एवं महत्वपूर्ण पद किसके परिणाम है ?

(अ) मुगल विरासत (ब) सल्तनत काल

(स) ब्रिटिश काल (द) उपरोक्त में से कोई नहीं ( )

7. भारत में लोकसेवकों के लिए योग्यता आधारित भर्ती प्रणाली किसकी देन है ?

(अ) मैकाले समिति (ब) इरविन समिति

(स) वायसराय समिति (द) कोई नहीं ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. लार्ड कैनिंग ने ..... प्रणाली की शुरूआत की। (पोर्टफोलियो / टेन्योर)
2. भारत की सम्पूर्ण विधिक एवं संवैधानिक इतिहास वस्तुतः ..... काल की ही विरासत है। (मुगल / ब्रिटिश)
3. रेग्यूलेटिंग एक्ट ..... में बना। (1750 / 1773)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. पोर्टफोलियो प्रणाली की शुरूआत कब की गई ?
2. सामान्यज्ञ लोकसेवक से आप क्या समझते है ?
3. किन्हीं दो नियामकीय संस्थाओं के नाम लिखिए।

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. प्रशासन के 'संघात्मक स्वरूप'से आप क्या समझते है ?
2. भारतीय प्रशासन की 'स्टील फ्रेम संरचना' से आप क्या समझते है?
3. अखिल भारतीय सेवाएं कौन–कौनसी है?
4. प्रशासकीय न्यायाधिकरण का कार्य बताइये।

5. निबन्धात्मक प्रश्न–

अध्याय–10	संविधान एवं सामाजिक परिवर्तन	06
अध्याय–11	ग्रामीण समाज में विकास एवं परिवर्तन	06
अध्याय–12	औद्योगिक समाज में परिवर्तन और विकास	06
अध्याय–13	भूमण्डलीकरण और सामाजिक परिवर्तन	06
अध्याय–14	जनसम्पर्क साधन और जनसंचार	06
अध्याय–15	सामाजिक आन्दोलन	06
योग		**80**

भाग–I भारतीय समाज

अध्याय–1 भारतीय समाज :एक परिचय(मूल्याँकन में सम्मिलित नहीं)
पाठ्यपुस्तक का पूर्व दर्शन

अध्याय–2 भारतीय समाज की जनसांख्यिकीय संरचना 06

जनसांख्यिकी सम्बंधी कुछ सिद्धांत और संकल्पनाएंः माल्थस का जनसंख्या वृद्धि सिद्धांत, जनसांख्यिकीय संक्रमण का सिद्धान्त ,सामान्य संकल्पनाएँ एवं संकेतक, भारत की जनसंख्या का आकार और संवृद्धि दर, जन्म दर, मृत्यु दर, भारतीय जनसंख्या की आयु संरचना, भारत में गिरता हुआ स्त्री–पुरुष अनुपात,साक्षरता, ग्रामीण–नगरीय विभिन्नताएं, भारत की जनसंख्या नीति।

अध्याय–3 सामाजिक संस्थाएँ निरंतरता और परिवर्तन 06

जाति और जाति व्यवस्था, उपनिवेशवाद और जाति, जाति का समकालीन रूप, जनजातीय समुदाय, परिवार और नातेदारी।

अध्याय–4. बाजार एक सामाजिक संस्था के रूप में 06

बाजार और अर्थव्यवस्था का समाजशास्त्रीय परिपेक्ष्य, छतीसगढ़ के जिला बस्तर के धोराई गांव का एक साप्ताहिक आदिवासी बाजार, पूर्व उपनिवेशक और उपनिवेशिक भारत में जाति आधारित बाजार एवं व्यापारिक तंत्र बाजारों का सामाजिक संगठन पारंपरिक व्यापारिक समुदाय, उपनिवेशवाद और नए बाजारों का अभिर्भाव पूंजीवाद को एक सामाजिक व्यवस्था के रूप में समझना भूमण्डलीकरण –स्थानीय, क्षेत्रीय,राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों का गठजोड़, उदारवादिता पर बहस बाजार बनाम राज्य।

अध्याय–5. सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार के स्वरूप 06

सामाजिक विषमता और सामाजिक बहिष्कार ,जाति एवं जनजाति, जातियों और जन जातियों के प्रति भेदभाव मिटाने के लिए राज्य और संगठनों द्वारा उठाए गए कदम, अस्पृश्यता, अन्य पिछड़ा वर्ग, आदिवासी संघर्ष, स्त्रियों की समानता और अधिकारों के लिए संघर्ष, अन्यथा सक्षम व्यक्तियों का संघर्ष।

अध्याय–6. सांस्कृतिक विविधता की चुनौतियाँ 08

सामुदायिक पहचान का महत्व,समुदाय, राष्ट्र एवं राष्ट्र राज्य ,सांस्कृतिक विविधताऔर भारत राष्ट्र –राज्य के रुप में, भारतीय संदर्भ में क्षेत्रवाद, राष्ट्र, धर्म संबंधी मुद्दे और पहचाने, अल्पसंख्यकों के अधिकार और राष्ट्र निर्माण, सांप्रदायिकता, धर्मनिरपेक्षता एवं राष्ट्र राज्य,राज्य और नागरिक समाज।

अध्याय–7 परियोजना कार्य के लिए सुझाव (मूल्याँकन में सम्मिलित नहीं)

शोध पद्धतियों की बहुलता , छोटी शोध परियोजनाओं के लिए संभावित प्रकरण एवं विषय।

भाग–II भारतीय समाज में परिवर्तन एवं विकास

अध्याय–8. संरचनात्मक परिवर्तन 06

उपनिवेशवाद की समझ, नगरीकरण और औद्योगीकरण, स्वतन्त्र भारत में औद्योगीकरण, स्वतन्त्र भारत में नगरीकरण।

अध्याय–9. सांस्कृतिक परिवर्तन 06

उन्नीसवीं व बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में हुए सामाजिक सुधार आंदोलन,विभिन्न प्रकार केसामाजिक परिवर्तन,सामाजिक परिवर्तन के विभिन्न प्रकारसंस्कृतीकरण,पश्चिमीकरण आधुनिकीकरण,पंथनिरपेक्षीकरण ।

अध्याय–10. संविधान एवं सामाजिक परिवर्तन 06

संवैधानिक मानदंड और सामाजिक न्याय : सामाजिक न्याय सशक्तता की व्याख्या, पंचायती राज और ग्रामीण सामाजिक रुपातंरण की चुनौतियाँ, पंचायतों की शक्तियाँ और उत्तरदायित्व, जनजाति क्षेत्रों में पंचायती राज, लोकतंत्रीकरण और असमानता, लोकतांत्रिक राजनीति में राजनीतिक दल , दबाव एवं हित समूह।

अध्याय–11. ग्रामीण समाज में विकास एवं परिवर्तन 06

कृषि संरचनाः ग्रामीण भारत में जाति और वर्ग, भूमि सुधार के परिणाम, हरित क्रांति और इसके सामाजिक परिणाम, स्वतन्त्रता के बाद ग्रामीण समाज में परिवर्तन, मजदूरों का संचार(सरकुलेशन), भूमण्डलीकरण, उदारीकरण तथा ग्रामीण समाज।

अध्याय–12. औद्योगिक समाज में परिवर्तन और विकास 06

औद्योगिक समाज की कल्पना,भारत में औद्योगीकरण,लोग काम किस तरह कर पाते है, काम को किस तरह किया जाता है, कार्यावस्थाएं, घरों में होने वाला काम,हड़तालें एवं मजदूर संघ।

अध्याय–13. भूमण्डलीकरण और सामाजिक परिवर्तन 06

क्या भूमण्डलीकरण के अतः संबंध विश्व और भारत के नए है? भूमण्डलीकरण की समझ, भूमण्डलीकरण के विभिन्न आयामः आर्थिक आयाम, भूमण्डीलय संचार, भूमण्डलीकरण और श्रम,भूमण्डलीकरण और राजनीतिक परिवर्तन ,भूमण्डलीकरण और संस्कृति ,भूमण्डलीकरण और रोजगार, अनेक स्वदेशी शिल्प, साहित्यिक परम्पराओं और ज्ञान व्यवस्थाओं को खतरा।

अध्याय–14. जन संपर्क साधन और जनसंचार 06

आधुनिक मास मीडिया का प्रारंभ, स्वतंत्र भारत में मास मीडिया,भूमण्डलीकरण और मीडिया–प्रिंट मीडिया,टेलीविजन,रेडियो ।

अध्याय–15. सामाजिक आंदोलन 06

सामाजिक आंदोलनों के लक्षण, समाजशास्त्र तथा सामाजिक आन्दोलन, सामाजिक आंदोलनों के प्रकार ,पारिस्थितिकीय आंदोलन,वर्ग–आधारित आंदोलन,जाति आधारित आन्दोलन, जनजातीय आंदोलन ,महिलाओं का आन्दोलन।

विशेष निर्देश–

1. सत्रांक के 20 अंकों में से 5 अंक प्रोजेक्ट कार्य हेतु निर्धारित है।
2. प्रोजेक्ट समाजशास्त्र विषय में सम्मिलित इकाईयों के आधार पर स्थानीय परिस्थिति के अनुसार तैयार कराया जाये।
3. प्रोजेक्ट प्रतिवेदन के मुख्य बिन्दु निम्नानुसार बनाये जा सकते हैं– शीर्षक,प्रोजेक्ट चयन का उद्देश्य, प्रोजेक्ट की रूपरेखा व परिसीमाएँ , आवश्यक सामग्री,कार्य विधि, तथ्यों का संकलन,वर्गीकरण, सारणीयन व विश्लेषण, निष्कर्ष/मूल्यांकन ,उपयोगिता ,संदर्भ सूची ।
4. प्रोजेक्ट के मूल्यांकन के निम्नांकित आधार बिन्दु हो सकते हैं –शीर्षक का चयन एवं आवश्यकता,रूपरेखा एव क्रियान्वयन ;प्रयोग, सर्वेक्षण, केस स्टडी, चार्ट, मानचित्र, मॉडल, भ्रमण प्रतिवेदन, संकलन, साक्षात्कार आदि। प्रोजेक्ट निष्कर्ष एवं भाषा की उपयुक्तता। प्रोजेक्ट का मूल्यांकन समाजशास्त्र शिक्षक से ही करायें जिसने स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विषय में किया हुआ हो।

निर्धारित पुस्तकें–

1. भारतीय समाज एन.सी.ई.आर.टी. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित ।
2. भारत में सामाजिक परिवर्तन एवं विकास एन.सी.ई.आर.टी. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित ।

अनुक्रमणिका

अध्याय संख्या	अध्याय का नाम
अध्याय–1	भारतीय समाज : एक परिचय (मूल्यांकन में सम्मिलित नहीं है)
अध्याय–2	भारतीय समाज की जनसांख्यिकीय संरचना
अध्याय–3	सामाजिक संस्थाएँ : निरन्तरता एवं परिवर्तन
अध्याय–4	बाजार एक सामाजिक संस्था के रुप में
अध्याय–5	सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार के स्वरुप
अध्याय–6	सांस्कृतिक विविधता की चुनौतियाँ
अध्याय–7	परियोजना कार्य के लिए सुझाव (मूल्यांकन में सम्मिलित नहीं है)
अध्याय–8	संरचनात्मक परिवर्तन
अध्याय–9	सांस्कृतिक परिवर्तन
अध्याय–10	संविधान एवं सामाजिक परिवर्तन
अध्याय–11	ग्रामीण समाज में विकास एवं परिवर्तन
अध्याय–12	औद्योगिक समाज में परिवर्तन और विकास
अध्याय–13	भूमण्डलीकरण और सामाजिक परिवर्तन
अध्याय–14	जनसम्पर्क साधन और जनसंचार
अध्याय–15	सामाजिक आन्दोलन

मॉडल प्रश्न पत्र
कक्षा–12
विषय–समाजशास्त्र

समय :– 4:15 घंटे पूर्णांकः–80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांकन अनिवार्यतः लिखे।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखे।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड(विकल्पात्मक)है,उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखे।

खण्ड	प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न	उत्तर की शब्द सीमा
अ	(1) I-XV (2) I - V	1 1	बहुचयनात्मक प्रश्न रिक्त स्थानों की पूर्ति
ब	(3) I-XII	1	10 शब्द
स	4 – 17	2	20शब्द
द	18 – 21	3	30शब्द
य	22– 23	4	50शब्द

खण्ड(अ)

बहुचयनात्मक प्रश्नः–1X15=15अंक

(1) निम्नलिखित प्रश्नों में सही विकल्प का चयन करे–

{ i} देश के किस राज्य में लिंगानुपात सबसे कम है –
(अ) पंजाब (ब) हरियाणा
(स) उत्तर–प्रदेश (द) राजस्थान ( )

{ ii } नातेदारी या स्वजनता में परिहास रीति से संबंधित है –
(अ) हंसी मजाक (ब) घृणा
(स) अपमान (द)क्रोध ( )

{ iii } जाति व्यवस्था का मूल आधार है –
(अ) कर्म (ब) जन्म
(स) सामाजिक स्वीकृति (द) इनमें से कोई नहीं ( )

{ iv } भारतीय संविधान का शिल्पकार कहा जाता है –
(अ) पं. जवाहर लाल नेहरू (ब) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
(स) डा. राजेन्द्र प्रसाद (द) के.एम. मुन्शी ( )

{ v } भारतीय नागरिको को सूचना का अधिकार दिया गया था –
(अ) सन् 2003 (ब) सन् 2004
(द) सन् 2005 (द) सन् 2006 ( )

{ vi }औपनिवेशिक भारत कौन–कौन सी सामाजिक कुरीतियों से ग्रस्त था ?
(अ) सती प्रथा (ब) बाल–विवाह
(स) जाति प्रथा (द) उपर्युक्त सभी ( )

{ vii } पंचायती राज संस्था में कितने स्तरीय व्यवस्था है –
(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) पॉच ( )

{ viii } भारतीय कृषि मुख्य रूप से निर्भर करती है –
(अ) कृषि मजदूर पर (ब) मानसून पर
(स) जमीन के मालिक पर (द) उपर्युक्त सभी ( )

{ ix } भारत में कितने प्रतिशत मजदूर अनियमित है –
(अ) 30 प्रतिशत (ब) 40 प्रतिशत
(स) 50 प्रतिशत (द) 60 प्रतिशत ( )

{ x } विनिवेश से सरकारी कर्मचारियों को क्या भय है –
(अ) ज्यादा कार्य करने का (ब) कार्य कम होने पर
(स) नौकरी खोने का (द) वेतन में कटौती होने का ( )

{ xi} भूमण्डलीकरण प्रभावित करता है –
(अ) सबको (ब) कुछ लोगों को
(स) केवल व्यापारियों को (द) केवल उद्योगपतियों को ( )

{ xii} स्वतन्त्रता के समय भारत में कितने रेडियो स्टेशन थे –
(अ) छः (ब) सात
(स) आठ (द) नौ ( )

{ xiii} केसरी समाचार पत्र किस भाषा से सम्बन्धित था –
(अ) मराठी (ब) तमिल
(स) गुजराती (द) बंगाली ( )

{ xiv } निम्न में से सामाजिक आन्दोलनों के विरोध का साधन कौन सा है –
(अ) मोमबती जलाना (ब) काले कपड़े पहनना
(स) नुक्कड़ नाटक (द) उपर्युक्त सभी ( )

{ xv} सूचना के अधिकार का अभियान किस सामाजिक आन्दोलन का उदाहरण है–
(अ) प्रतिदानात्मक (ब) सुधारवादी
(स) क्रान्तिकारी (द) अन्य ( )

(2) निम्न रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द चुनकर कीजिए –1X5=5 अंक

{ i }समाजशास्त्र के जनक ..... है– ऑगस्ट कॉम्टे / मैक्सवेबर
{ ii } जाति का निर्धारण ..... के आधार पर होता है – जन्म / कर्म

{ iii } राजा राम मोहन राय ने ..... का विरोध किया। सती प्रथा/बाल विवाह

{ iv} सन् 1990 के दशक में सरकार ने ..... की नीति को अपनाया था – उदारीकरण/पूँजीवाद

{ v} गुजरात में ..... के पेड़ो से गोंद इक्ट्ठा किया जाता है – बावल/नीम

खण्ड(ब)

(3) अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–1X12=12अंक

प्रश्न(i)जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन सा स्थान है ?
प्रश्न(ii) भारत में नियमित रूप से जनगणना के कार्य की शुरूआत कब से हुई ?
प्रश्न(iii) सामाजिक विषमता क्या है ?
प्रश्न(iv) धर्म की दृष्टि से भारत कैसा राज्य है ?
प्रश्न (v) संस्कृतिकरण की अवधारणा किसने प्रस्तुत की थी ?
प्रश्न (vi) गांधी जी की आदर्श अवधारणा क्या है ?
प्रश्न (vii) रैयतवाड़ी व्यवस्था में रैयत का क्या अर्थ है ?
प्रश्न (viii) दक्षिण गुजरात में प्रवसन करने वाले मजदूर क्यों आते हैं ?
प्रश्न (ix) भारत में रेडियो का प्रसारण कब शुरू हुआ ?
प्रश्न (x) किसी एक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का उदाहरण दीजिए।
प्रश्न (xi) बारदोली सत्याग्रह अभियान किस जिले में शुरू हुआ ?
प्रश्न (xii) झारखण्ड में सामाजिक आन्दोलन के आदिवासी नेता का नाम क्या था ?

खण्ड(स)

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)14X2=28अंक

प्रश्न 4. बाजार का अर्थ लिखिए।
प्रश्न 5. सामाजिक स्तरीकरण की दो विशेषताएँ लिखिए।
प्रश्न 6. अस्पृश्यता से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 7. क्षेत्रवाद क्या है ?
प्रश्न 8. औद्योगीकरण से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 9. प्रत्यक्ष लोकतंत्र क्या है ?
प्रश्न 10. संविधान का मूल उद्देश्य क्या है ?
प्रश्न 11. हरित क्रान्ति से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 12. जमींदारी व्यवस्था के दो परिणाम लिखिए।
प्रश्न 13. उदारीकरण से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 14. आर्थिक सुधार किसे कहते है ?
प्रश्न 15. वित्त के भूमण्डलीकरण से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 16. सोप ओपेरा किसे कहते है ?
प्रश्न 17. कृषक आन्दोलन का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

खण्ड(द)

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)4X3=12अंक

प्रश्न 18. जनसांख्यिकी से आप क्या समझते हो ?
प्रश्न 19. जाति व्यवस्था के सामान्य लक्षणों पर प्रकाश डालिये।
प्रश्न 20. सांस्कृतिक विविधता से उत्पन्न चुनौतियों को दूर करने के कोई तीन सुझाव दीजिए।
प्रश्न 21. 19वीं सदी में महिलाओ की स्थिति पर प्रकाश डालिए।

खण्ड(य)

निबन्धात्मक प्रश्न–4X2=08अंक

प्रश्न 22. भूमण्डलीकरण के प्रभावों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

उदारीकरण का अर्थ और नीतियॉ बताते हुए इससे होने वाले आर्थिक परिवर्तन बताइये।

प्रश्न 23.नगरीकरण का भारतीय समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

अथवा

ब्रिटिश राज के चाय बागानों में बागान मालिको और श्रमिको के जीवन की तुलना कीजिए।

भाग–I भारतीय समाज

अध्याय–1 भारतीय समाज : एक परिचय

(यह अध्याय मूल्यांकन में सम्मिलित नही है)

अध्याय–2 भारतीय समाज की जनसांख्यिकीय संरचना

जनसांख्यिकीय जनसंख्या का सुव्यवस्थित अध्ययन है। आंग्ल भाषा में इसे डेमोग्राफी कहा जाता है,जो यूनानी भाषा के डेमोस और ग्राफीन शब्दों के मेल से बना है। इसमें जनसंख्या के आकार में परिवर्तन,जन्म,मृत्यु प्रवसन के स्वरुप तथा जनसंख्या संरचना का अध्ययन किया जाता है। 1790 ई. में अमेरिका में प्रथम आधुनिक जनगणना आरम्भ हुई थी।1818 ई. से हर दस वर्ष के बाद जनगणना होने लगी। सबसे नवीन जनगणना सन् 2011ई. में हुई । जनसंख्यात्मक आँकड़े राज्य की नीतियों को बनाने,आर्थिक विकास तथा लोककल्याणकारी नीतियों को बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण होते है। माल्थस के अनुसार मानव जनसंख्या उस दर की तुलना में तीव्र गति से बढ़ती है,जिस दर पर मनुष्य के भरण–पोषण के साधन बढ़ नहीं सकते है।आयु संरचना विकास के स्तरों और औसत आयु संरचना में होने वाले परिवर्तनों के अनुसार बदलती रहती है। सन 2001 में भारत की जनसंख्या 103 करोड़ थी। भारत विश्व का प्रथम का देश था जिसके द्वारा सन् 1952 में अपनी जनसंख्या नीति की घोषणा की गई थी।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. जनसंख्या संवृद्धि का अर्थ है–
   (अ) जन्म और मृत्यु के मध्य सामन्जस्य
   (ब) जन्म और मृत्यु के बीच अन्तर
   (स) जन्म की अपेक्षा मृत्यु की अधिक दर
   (द) मृत्यु की अपेक्षा जन्म की अधिक दर ( )
2. 'एस्से ऑन पापुलेशन' किसकी रचना है–
   (अ) राबर्ट–बीरस्टीड (ब) मैकाईवर–पेज
   (स) इलियट–मैरिल (द) माल्थस ( )
3. देश के किस राज्य में लिंगानुपात सबसे कम है–
   (अ) पंजाब (ब)हरियाणा
   (स) उत्तर प्रदेश (द) राजस्थान ( )
4. भारत में किस राज्य में साक्षरता दर सर्वाधिक पाई जाती है–
   (अ) महाराष्ट्र (ब) राजस्थान
   (स) उड़ीसा (द) केरल ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. समाजशास्त्र के जनक .....है। ऑगस्ट कॉम्टे / मैक्सबेबर

2. प्रति एक हजार जनसंख्या के पीछे जीवित उत्पन्न हुए बच्चो की संख्या को .... कहा जाता है। जन्मदर / मृत्युदर

3. जनसांख्यिकीय सिद्धान्त के प्रतिपादक ..... है। माल्थस / दुर्खीम

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

प्रश्न 1. डेमोग्राफी को हिन्दी में क्या कहते है ?
प्रश्न 2. शिशु मृत्यु दर किसे कहते है ?
प्रश्न 3. स्त्री–पुरुष अनुपात से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 4. भारत में साक्षरता की कमी के दो कारण बताइये।
प्रश्न 5. जनसांख्यिकी लाभांश कब उत्पन्न होता है ?
प्रश्न 6. जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौनसा स्थान है ?
प्रश्न 7. जनगणना संविधान की कौनसा अनुसूची में उल्लेखित है ?
प्रश्न 8. भारत में जनसंख्या वृद्धि के दो कोई दो कारण बताइये।

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 9. जनसांख्यियकी शब्द की उत्पत्ति कैसे हुई तथा इसका क्या अर्थ है ?
प्रश्न 10. भारत में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति के दो उद्देश्य बताइये।
प्रश्न 11. जन्मदर और मृत्यु दर से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 12. प्रजनन दर का क्या अर्थ है ?
प्रश्न 13. आयु–संभाविता की गणना किस आधार पर की जाती है ?
प्रश्न 14. जनसांख्यिकी लाभांश कब उत्पन्न होता है ?
प्रश्न 15. आयु संभाविता से क्या आशय है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 16. माल्थस के जनसंख्या वृद्धि के सिद्धान्त पर प्रकाश डालिए।
प्रश्न 17. जनसांख्यिकीय संक्रमण का सिद्धान्त क्या है ?
प्रश्न 18. भारत में बाल–स्त्री अनुपात में गिरावट के लिए कौन–कौन सें कारण उत्तरदायी रहे है ?
प्रश्न 19. जनसंख्या के प्राकृतिक निरोध से क्या आशय है ?
प्रश्न 20. जनसांख्यिकी से आप क्या समझते है ?

निबन्धात्मक प्रश्न–

प्रश्न 21. भारत में जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख कारणों की विवेचना कीजिए।

अध्याय–3 सामाजिक संस्थाएँः निरन्तरता एवं परिवर्तन

जाति एक प्राचीन संस्था है जो कि हजारो वर्षो से भारतीय इतिहास एवं संस्कृति का एक हिस्सा है। जाति केवल अतित ही नही बल्कि आज भी हमारे समाज का एक अभिन्न अंग है।चार वर्णो के अतिरिक्त जनसंख्या का भाग जाति बहिष्कृत विदेशियो, दासो तथा युद्धो में पराजित लोगो का भी था जिसे पंचम वर्ण या पाँचवी श्रेणी भी कहा जाता है।

1901 की जनसंख्या में जाति के सामाजिक अधिक्रम के बारे में जानकारी इकट्ठा करने का प्रयत्न किया । ज्योतिबा फुले नारायण गुरु, पेरियार,बी.आर.अम्बेडकर तथा गांधीजी ने इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगरीकरण ,औधेगिकीकरण तथा आधुनिक शिक्षा प्रणाली ने इस कार्य में शिथिलता उत्पन्न की। राजनीतिक व्यवस्था में जाति की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही।परिवार पारस्परिक प्रेम ,सहयोग,समाजीकरण आवश्यकताओं तथा बच्चों के जन्म तथा उचित देखभाल करने वाली मौलिक संस्था है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. "कास्ट एण्ड रेस इन इण्डिया" नामक पुस्तक के लेखक है–
   (अ) नरसिहाचार (ब) गोविन्द सहाय घुरिये
   (स) ए.आर.देसाई (द) डी.पी.मुखर्जी ( )
2. सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी–
   (अ) सावित्री बाई फुले ने (ब) ज्योतिराव गोविन्द राव फुले ने
   (स) अयन्कल्ली ने (द) नारायण गुरु ने ( )
3. नातेदारी या स्वजनता में परिहास रीति से संबंधित है–
   (अ) हँसी मजाक (ब) घृणा
   (स) अपमान (द) क्रोध ( )
4. निम्नलिखित में से जाति की विशेषता नही है–
   (अ) समाज का खण्डात्मक विभाजन (ब) खानपान और सहवास पर प्रतिबन्ध
   (स) अर्जित प्रस्थिति (द) सामाजिक और धार्मिक निर्योग्यताएँ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. सत्यशोधक समाज की स्थापना ..... में हुई। 1910 / 1873

2. जाति का निर्धारण ..... के आधार पर होता है। जन्म / कर्म

3. जिस परिवार में माता–पिता एवं उनके बच्चे रहते है ..... परिवार कहलाता है।

एकल / संयुक्त

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

प्रश्न 1. भारत में नियमित रुप से जनगणना के कार्य की शुरुआत कब से हुई ?
प्रश्न 2. जाति के निर्धारण का आधार क्या है?
प्रश्न 3. मूल परिवार में कौन शामिल होते है ?
प्रश्न 4. सन् 1920 के दशक में अस्पृश्यता के विरुद्ध आन्दोलन की शुरुआत किसने की थी?
प्रश्न 5. आंध्र प्रदेश की दो प्रबल जातियों के नाम लिखो।

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 6. सामाजिक संरचना सेआप क्या समझते है ?
प्रश्न 7. वर्ण और जाति में दो अन्तर बताइये।
प्रश्न 8. संस्कृतिकरण की अवधारणा से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 9. संयुक्त परिवार की दो विशेषताएँ बताइये।
प्रश्न 10.सावित्री बाई फूले के बारे में आप क्या जानते है ?
प्रश्न 11. एक विवाह प्रथा से क्या आशय है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 12. जाति व्यवस्था के सामान्य लक्षणों पर प्रकाश डालिए।
प्रश्न 13. जनजातीय विकास में शिक्षित वर्ग के उदय का क्या प्रभाव पड़ा है ?
प्रश्न 14. सांस्कृतिक विविधता से क्या आशय है ?
प्रश्न 15. एम.एन.श्रीनिवास की प्रभु जाति की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।
प्रश्न 16. संयुक्त परिवार के कोई तीन लाभ (गुण) बताइये।
प्रश्न 17. जाति एवं जनजाति के मध्य अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

निबन्धात्मक प्रश्न–

प्रश्न 18. उपनिवेशवाद के कारण जाति व्यवस्था में क्या–क्या परिवर्तन आये ?

अध्याय–4 बाजार एक सामाजिक संस्था के रुप में

सामान्य रुप से बाजार को एक आर्थिक संस्था के रुप माना जाता है परन्तु बाजार एक आर्थिक संस्था ही नही अपितु एक सामाजिक संस्था भी है । सर्वप्रथम 18 वीं सदी में राजनीतिक अर्थशास्त्रियों में एडम स्थिम ने अपनी पुस्तक "द वैल्थ ऑफ नेशन्स" में बाजार की अर्थव्यवस्था को समझने का प्रयास किया गया था स्थानीय लोग बाजार में अपनी कृषि उपज तथा जंगल से लाये गये उत्पादों को व्यापारीयों को बेचते है। औपनिवेशिक काल से पूर्व भारत में विस्तृत और परिष्कृत व्यापारिक तंत्र विद्यमान था। कार्ल मार्क्स पूंजीवादी के आलोचक थे। भारतीय अर्थव्यवस्था में भूमण्डलीकरण का आरम्भ उदारीकरण की देन रहा है। उदारवाद के परिणामस्वरुप आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिला और साथ में ही भारतीय बाजार विदेशी कम्पनीयों के लिए खुल गये।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. "द वैल्थ ऑफ नेशन्स" नामक पुस्तक के लेखक है –
   (अ) एडम स्मिथ (ब) प्रो मार्शल
   (स)प्रो. पीगू (द) रावर्स्टन ( )
2. पुष्कर का पशु मेला लगता है–
   (अ) महाराष्ट्र (ब)उड़ीसा
   (स) राजस्थान (द) उत्तर प्रदेश ( )
3. मारवाड़ी परिवार का प्रतिनिधित्व प्रमुख रुप से किस घराने के द्वारा किया गया है–
   (अ) टाटा परिवार (ब) डालमिया परिवार
   (स) मोदी परिवार (द) बिड़ला परिवार ( )
4. सप्ताह में एक दिन लगने वाले बाजार को कहते है–
   (अ) दैनिक बाजार (ब) हॉट बाजार
   (स) वार्षिक बाजार (द) मासिक बाजार ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. बाजार एक ..... संस्था है। आर्थिक / सामाजिक

2. सप्ताह में एक बार लगने वाले बाजार को .....बाजार कहते है। हॉट / मॉल

3. ..... एक राजनीतिक अर्थशास्त्री थे। एडम स्मिथ / धुर्ये

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

प्रश्न 1. बाजार की अर्थव्यवस्था को सर्वप्रथम किसने समझने का प्रयास किया ?
प्रश्न 2. खुले बाजार से क्या तात्पर्य है?
प्रश्न 3. लेस–ए–फेयर से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 4. प्राचीन काल में विनिमय का प्रमुख साधन कौनसा था ?
प्रश्न 5. धोराई समाज का अध्ययन कब व किसके द्वारा किया गया ?
प्रश्न 6. अदृश्य हाथ का सिद्धान्त किसने दिया ?
प्रश्न 7. वर्तमान समय में पण्यीकरण के दो उदाहरण दीजिए।

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 8. बाजार का अर्थ लिखिए।
प्रश्न 9. साप्ताहिक बाजार से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 10. मैक्सवेबर के द्वारा "प्रतिष्ठा का हाथ" किसे कहा गया है ?
प्रश्न 11. हुण्डी क्या है ?
प्रश्न 12. पूँजीवादी की दो मूल विशेषताएँ लिखिए।
प्रश्न 13. भूमण्डलीकरण के कौन–कौन से रुझान है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 14. उदारीकरण से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 15. पूँजीवाद को एक सामाजिक व्यवस्था के रुप में समझाइये।
प्रश्न 16. भूमण्डलीकरण से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 17. पण्यीकरण से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 18. औपनिवेशिक नियत्रंण के बाद जनजातीय बाजारोंमें कौन–कौन से परिवर्तन आये ?

निबन्धात्मक प्रश्न–

प्रश्न 19. भूमण्डलीकरण के प्रभावों पर प्रकाश डालिए।
प्रश्न 20. उदारीकरण का अर्थ और नीतिया बताते हुए इससे होने वाले आर्थिक परिवर्तन बताइये।

अध्याय–5 सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार के स्वरुप

सामाजिक विषमता और बहिष्कार हमारे जीवन की वास्तविकता है जो कि हमे समाज में सर्वत्र दिखाई देती है। सफाईकर्मी घरेलू नौकर अथवा विद्यालयों के छात्र हो हमें यह विषमता और बहिष्कार देखने को मिल जाते है। प्रत्येक समाज में कुछ लोगों के पास धन–संपदा,शिक्षा,स्वास्थ्य एवं शक्ति जैसे–मूल्यवान संसाधन का दूसरो की अपेक्षा ज्यादा हिस्सा होता है।अधिकाशः लोग अपने लिंग वर्ण नृजातीयता भाषा, जाति और विकलांगता के कारण ही भेदभाव और बहिष्कार के शिकार होते है। जाति के अनुरुप ही लोगो की प्रस्थितियों का समाज में निर्धारण होता था। 19 वी सदी में जाति और व्यवसाय के बीच सम्बन्ध काफी ढीले हुए है। अस्पृश्यता अथवा छुआछूत जाति व्यवस्था का एक दूषित और घृणित पक्ष है। अन्य पिछड़े वर्ग के लोग न तो उच्च कही जाने वाली जातियों के हिस्से है। अन्यथा सक्षम व्यक्ति केवल इसलिए अक्षम नही होता है कि वह शारीरिक और मानसिक रुप से अक्षम है अपितु इसलिए भी अक्षम होता है कि समाज कुछ इस रीति से बना है कि वह उसकी जरुरतों को पूरा नही करता है। अन्यथा सक्षम व्यक्तियों का समाज में सर्वथा अनादर होता है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अस्पृश्यता का उन्मूलन किया गया है–
   (अ)अनुच्छेद 15 (ब) अनुच्छेद 16
   (स) अनुच्छेद 17 (द) अनुच्छेद 18 ( )
2. जाति व्यवस्था का मूल आधार है–
   (अ) कर्म (ब) जन्म
   (स) सामाजिक स्वीकृति (द) इनमें से कोई भी नही ( )
3. अस्पृश्यो को हरिजन शब्द दिया था–
   (अ) भीमराव अम्बेडकर ने (ब) महात्मा गांधी ने
   (स) विनोबा भावे ने (द) ज्योतिबा फुले ने ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. राजा राममोहन रॉय ने ..... की स्थापना की। ब्रह्म समाज/आर्य समाज

2. सामाजिक संसाधनों तक असमान पहुँच को सामाजिक ..... कहते है। विषमता/समता

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

प्रश्न 1. सामाजिक विषमता क्या है ?
प्रश्न 2. पूर्वाग्रहो का क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 3. "आदिवासी" शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या है ?
प्रश्न 4. अन्य पिछड़ा वर्ग की पहचान के लिए बनाये गये कोई दो आयोग बताइये।
प्रश्न 5. भारतीय भाषाओ में दलित शब्द का आरक्षित अर्थ क्या है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 6. सामाजिक बहिष्कार से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 7. पूर्वाग्रहो की दो विशेषताएँ बताइये।
प्रश्न 8. अस्पृश्यता से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 9. सामाजिक स्तरीकरण की दो विशेषताएँ लिखिए।
प्रश्न 10. निर्योग्यता अथवा अक्षमता के दो लक्षण बताइये।

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 11. "अन्यथा सक्षम व्यक्तियो "से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 12. भारत में महिलाओ की दशा सुधारने में समाज–सुधारको की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।
प्रश्न 13. सामाजिक अपवर्जन (बहिष्कार) की तीन विशेषताएँ लिखिए।
प्रश्न 14. अन्य पिछड़ा वर्ग से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 15. सामाजिक बहिष्कार (अपवर्जन) को रोकने हेतु कोई तीन उपाय बताइये।

निबन्धात्मक प्रश्न–

प्रश्न 16. भारत में विकलांग व्यक्तियो के प्रति किये जाने वाले भेदभावों को स्पष्ट कीजिए।

अध्याय–6 सांस्कृतिक विविधता की चुनौतियॉ

भारत में कई समूहों और समुदायों के लोग निवास करते हैं। जो कि सांस्कृतिक चिह्नों के रूप में धर्म, जाति, भाषा, पंथ, प्रजाति अथवा सांस्कृतिक मूल्यों के आधार पर पहचाने जाते हैं। सांस्कृतिक विविधता कई चुनौतियॉ प्रस्तुत करती है। राष्ट्र ऐसे समुदाय होते हैं जिनका अपना राज्य होता है। भारत राष्ट्र राज्य सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विभिन्न प्रकार की विविधताओं से परिपूर्ण है। भारत के संविधान में भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित किय गया है। भारत मे क्षेत्रवाद का आरम्भ ब्रिटिश शासन की देन है। भारत में संघ और राज्यों के मध्य शक्तियों को विभाजित किया गया है। नागरिक समाज सार्वजनिक अधिकार का गैर–राजकीय तथा गैर बाजारी भाग होता है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. भारतीय संविधान का 'शिल्पकार' कहा जाता है –
(अ) पं. जवाहरलाल नेहरू (ब) डॉ. बी. आर अम्बेडकर
(स) डा. राजेन्द्र प्रसाद (द) के. एम. मुन्शी ( )
2. भारतीय नागरिको को सूचना का अधिकार दिया गया था –
(अ) सन् 2003 मे (ब) सन् 2004 में
(स) सन् 2005 में (द) सन् 2006 में ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. भारतीय संविधान के शिल्पकार ..... है। डॉ.बी.आर अम्बेडकर/राजेन्द्र प्रसाद

2. भारतीय संस्कृति में विविधता में ..... पाई जाती है। एकता/भ्रष्टाचार

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न :–

प्रश्न 1 सामुदायिक पहचान किस पर आधारित होती है ?

प्रश्न 2 धर्म की दृष्टि से भारत कैसा राज्य है ?

प्रश्न 3 किस सूची के विषयों पर केन्द्र और राज्य दोनो की सरकारें कानून बना सकती है ?

प्रश्न 4 अल्पसंख्यक शब्द का समाजशास्त्रीय भाव क्या है ?

प्रश्न 5 राष्ट्र के निर्माण में सहायक तत्वों के नाम लिखिए।

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 6 सांस्कृतिक विविधता से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 7 भारत सांस्कृतिक विविधता वाला देश क्यों कहलाता है ?

प्रश्न 8 पंथनिरपेक्षता से क्या आशय है ?

प्रश्न 9 साम्प्रदायिकता के दो दुष्प्रभाव बताइये।

प्रश्न 10 भारत में भाषायी विविधता को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 11 क्षेत्रवाद क्या है

लघूत्तरात्मक (SA-II)

प्रश्न 12 सांस्कृतिक विविधता से उत्पन्न चुनौतियों को दूर करने के कोई तीन सुझाव दीजिए।

प्रश्न 13 भारत में राष्ट्रीय एकता के सम्मुख किन्ही 6 समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 14 नागरिक समाज से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 15 भारतीय संविधान में अल्पसंख्यकों के संरक्षण हेतु कौन–कौन से प्रावधान किए गये हैं ?

निबन्धात्मक प्रश्न :–

प्रश्न 16 सांस्कृतिक विविधता से क्या तात्पर्य है और इससे कौन–कौन सी चुनौतियाँ उत्पन्न
होती है ?

प्रश्न 17 क्षेत्रवाद क्या होता है ? आमतौर पर यह किन कारणों पर आधारित होता है ?

अध्याय–7 परियोजना कार्य के लिए सुझाव
(यह अध्याय मूल्यांकन में सम्मिलित नही है)

अध्याय–8 संरचनात्मक परिवर्तन

भारत में आधुनिक विचार एवं संस्थाओं की शुरूआत औपनिवेशिकता की देन है। औपनिवेशिकवाद के प्रभाव के कारण भारत में आधुनिक विचारों की नीवं पड़ी। भारत में सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय आन्दोलन, हमारी विधि व्यवस्था, हमारा राजनीतिक जीवन और संविधान हमारे उधोग एवं कृषि, हमारे नगर और हमारे गॉव इन सब पर उपनिवेशवाद के विरोधाभासी अनुभवों का गहरा प्रभाव पड़ा। पूँजीवाद में ज्यादा मुनाफा कमाने पर जोर दिया जाता है। सन् 1851 में चाय उद्योगों की भारत में शुरूआत हुई। स्वाधीन भारत के शासक उपनिवेशवाद के द्वारा प्रभावित हुए विकास को संजोए रखना चाहते थे।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. परम्परागत ढंग से होने वाले रेशम व कपास के व्यापार के उत्पादन एवं निर्यात के पतन का मुख्य कारण क्या था ?
   (अ) प्रतियोगिता (ब) मेनेचस्टर प्रतियोगिता
   (स) औद्योगिकरण (द) नगरीकरण ( )
2. औद्योगिक क्षरण क्या था ?
   (अ) परम्परागत उद्योग धन्धों का पतन
   (ब) उत्पादन एवं निर्यात में गिरावट आना
   (स) ग्रामीण संगठनों और कारोबारों का विघटन
   (द) उपर्युक्त सभी ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. ब्रितानी उपनिवेशवाद ..... व्यवस्था पर आधारित था।
   पूँजीवादी / साम्यवादी
2. औद्योगीकरण सबसे पहले ..... में प्रारम्भ हुआ।
   ब्रिटेन / रूस

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1. आधुनिक भारत को समझने के लिए क्या जानना जरूरी है ?
प्रश्न 2. भारत में उपनिवेशवाद का प्रमुख कारण क्या है ?
प्रश्न 3. स्वतन्त्र भारत का पहला विशाल / ऊँचा बाँध कौन सा है ?
प्रश्न 4. नेशनल प्लानिंग कमेटी का गठन किसने किया ?
प्रश्न 5. भारत में चाय उद्योगों की शुरूआत किस सन् में हुई ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 6. उपनिवेशवाद क्या है ?
प्रश्न 7. औद्योगिकरण से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 8. पूँजीवाद क्या है ?
प्रश्न 9. संरचनात्मक परिवर्तन से आप क्या समझते है ?
प्रश्न10. भारतीय समाज पर औद्योगीकरण व औपनिवेशिकरण का क्या प्रभाव पड़ा।
प्रश्न11. औपनिवेशिक काल में चाय बागानों के मालिक कैसे रहते थे ?
प्रश्न12. नगरीकरण क्या है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 13 औपनिवेशिक साम्राज्य के लिए तटीय शहर क्यों महत्वपूर्ण थे?
प्रश्न 14 पश्चिमी और भारतीय औद्योगीकरण की कोई एक भिन्नता बताइये।
प्रश्न 15 पूँजीवाद की संरचना को समझाइये।
प्रश्न 16 उपनिवेशवाद से आए किन्ही दो संरचनात्मक परिवर्तनो का उल्लेख कीजिए।

निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न 17 नगरीकरण का भारतीय समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है ?
प्रश्न 18 ब्रिटिश राज के चाय बागानों में बागान मालिको और श्रमिकों के जीवन की तुलना कीजिए।

अध्याय–9 सांस्कृतिक परिवर्तन

संरचनात्मक परिवर्तन सांस्कृतिक परिवर्तनो को समझने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उपनिवेशिक शासन के प्रभाव के कारण भारतीय समाज में 19 वीं सदी में अनेक सुधार कार्यक्रम शुरू हुए तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के भरसक प्रयास हुए। संस्कृतिकरण एक सामाजिक गतिशीलता की प्रक्रिया है, जो उपनिवेशवाद के प्रादुर्भाव के पहले से है, और ये बाद में भी भिन्न रूपों में जारी रही है। पश्चिमीकरण के कारण प्रौद्योगिकी संस्था, विचारधारा और मूल्यों में परिवर्तन आए। पंथ निरपेक्षीकरण के कारण धर्म के प्रभाव में कमी आई है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. औपनिवेशिक भारत कौन–कौन सी सामाजिक कुरीतियों से ग्रस्त था ?
   (अ) सती प्रथा (ब) बाल–विवाह
   (स) जाति प्रथा (द) उपर्युक्त सभी ( )
2. रानाडे ने किस प्रथा का समर्थन किया था ?
   (अ) विधवा पुनर्विवाह (ब) सती प्रथा
   (स) बाल विवाह (द) जाति प्रथा ( )
3. पंथनिरपेक्षीकरण का अर्थ है –
   (अ) धर्म के प्रभाव में कमी आना (ब) धर्म के प्रभाव में वृद्धि होना
   (स) आधुनिकता में वृद्धि होना (द) इनमें से कोई नहीं ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. समाज सुधारक ..... ने पुणे में महिलाओं के लिए पहला विद्यालय खोला। ज्योतिबा फुले/पेरियार
2. राजाराममोहन राय ने ..... का विरोध किया। सती प्रथा/बाल विवाह

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1. संस्कृतिकरण की अवधारणा किसने प्रस्तुत की ?
प्रश्न 2. आर्य समाज की स्थापना किस राज्य में हुई ?
प्रश्न3. पूणे में महिलाओं के लिए पहला विद्यालय किस समाज सुधारक ने खोला।
प्रश्न4. संस्कृतिकरण सामान्य रूप से किस धर्म से सम्बन्धित है ?
प्रश्न5. किस समाज सुधारक ने आर्यो के युग को गरिमामय माना ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न6 संस्कृतिकरण से क्या अभिप्राय है ?
प्रश्न 7 पंथ निरपेक्षीकरण क्या है ?
प्रश्न 8 आधुनिकीकरण और पश्चिमीकरण में एक अन्तर स्पष्ट कीजिए ?
प्रश्न 9 विसंस्कृतिकरण क्या है ?
प्रश्न10 पश्चिमीकरण तथा आधुनिकीकरण ने जाति पर क्या प्रभाव डाला ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 11 आधुनिकता की तीन विशेषताएँ बताइये।

प्रश्न12 एम.एन. श्रीनिवास के अनुसार पश्चिमीकरण का क्या आशय है ?

प्रश्न 13 19वी सदी में महिलाओं की स्थिति पर एक टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न14 आधुनिकीकरण व पश्चिमीकरण में अन्तर स्पष्ट करो।

प्रश्न 15 औपनिवेशिक भारत में आधुनिक परिवर्तन से जुड़े संचार माध्यम के प्रमुख साधन कौन–कौन से थे ?

निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न 16 संस्कृतिकरण पर एक आलोचनात्मक लेख लिखें।

अध्याय–10 संविधान एवं सामाजिक परिवर्तन

लोकतन्त्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन है। लोकतंत्र के दो रूप है – प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष । भारतीय संविधान के अन्तर्गत भारतीय लोकतंत्र के केन्द्रीय मूल्य और मान्यताओं को दर्शित किया गया है। भारतीय लोकतंत्र में समानता के आधुनिक विचार और न्याय के पारस्परिक विचार दोनों का उपयोग है। कानून सामाजिक नियंत्रण का औपचारिक साधन है। न्याय का सार निष्पक्षता है। 1992 में 73 वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राज व्यवस्था की शुरूआत हुई। जिसमें त्रिस्तरीय व्यवस्था को अपनाया गया। विभिन्न हित समूह राजनीतिक दलों को प्रभावित करते हैं।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. पंचायती राज संस्था में कितने स्तरीय व्यवस्था है–
   (अ) दो (ब) तीन
   (स) चार (द) पाँच ( )
2. पंचायतों की आय का प्रमुख साधन है–
   (अ) सम्पत्ति,व्यवसाय तथा पशु पर लगाए गए कर
   (ब) चंगी ( )
   (स) भू–राजस्व
   (द) उपर्युक्त सभी
3. निम्न में से कौनसा कृषि मजदूर संगठन है ?
   (अ) शेतकारी संगठन (ब) राम कृषि संगठन
   (स) हरित संगठन (द) मानव संगठन ( )
4. भारत में बहुलता है, क्योकि यहाँ–
   (अ) विभिन्न धर्मो के लोग रहते है
   (ब) अलग–अलग संस्कृतियों वाले आदिवासी लोग रहते हैं
   (स) विभिन्न जाति के लोग रहते हैं
   (द) उपर्युक्त सभी ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. गांधी जी ने 1939 में ..... नामक पत्र लिखा। हरिजन / स्वराज
2. न्याय का सार ..... है निष्पक्षता / पक्षपातपूर्ण

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 संविधान सभा के किन्हीं दो सदस्यों के नाम लिखों।
प्रश्न 2 लोकतंत्र की दो श्रेणियाँ कौन सी हैं?
प्रश्न 3 राजनीतिक दलो के दो प्रमुख कार्य लिखिए।
प्रश्न 4 भारत का मूल मानदण्ड क्या है ?
प्रश्न 5 न्याय का सार क्या है ?

प्रश्न 6 गांधीजी की आदर्श अवधारणा क्या है ?
प्रश्न 7 हित समूह क्यों बनाए जाते हैं ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 8 राजनीतिक दल को परिभाषित कीजिए।
प्रश्न 9 पंचायती राज से आप क्या समझते है ?
प्रश्न 10 प्रत्यक्ष लोकतंत्र क्या है ?
प्रश्न 11 संविधान का मूल उद्देश्य क्या है ?
प्रश्न 12 प्रतिभागी (सहभागी) लोकतंत्र क्या है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 13 सामाजिक परिवर्तन में पंचायती राज की भूमिका की विवेचना कीजिए।
प्रश्न 14 हित समूह के निर्माण के कोई तीन कारण लिखिए।
प्रश्न 15 संविधान के 73 वें संशोधन से क्या तात्पर्य है ?
प्रश्न 16 निरक्षर महिलाओं में जागरूकता फैलाने के लिए पंचायती राज ने कौनसा नवाचारी उपाय अपनाया ?
प्रश्न 17 पंचायतो की शक्तियाँ व उत्तरदायित्व क्या है ?

निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न 18 हित समूह प्रकार्यशील लोकतंत्र के अभिन्न अंग हैं। चर्चा कीजिए।

अध्याय–11 ग्रामीण समाज में विकास एवं परिवर्तन

भारत एक कृषि प्रधान देश है। 2001 की जनगणना के अनुसार 67 प्रतिशत जनता गांवों में रहती है। कृषि के साथ–साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के जीविका के अन्य अन्य स्रोत कारीगर ,दस्तकार, कुम्हार, खाती पुजारी, धोबी, सुनार इत्यादि भी है। ग्रामीण समाज में भूमि का असमान वितरण है, जिसके फलस्वरूप गरीबी को बढ़ावा मिलता है। औपनिवेशिक काल में कृषक जाति प्रत्यक्ष रूप से जमीन की मालिक नहीं थे। स्थानीय राजा या जमीदार भूमि पर नियंत्रण रखतें थे। 1960–70 के दशक में हुई हरित क्रान्ति के फलस्वरूप कृषि उत्पादकता में वृद्धि हुई। 1980 के दशक की उदारीकरण की नीति ने अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा दिया।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. भारतीयों के लिए उत्पादन का महत्वपूर्ण साधन कौन सा है –
   (अ) भूमि (ब) कारखाना
   (स) उद्योग–धन्धे (द) कटीर उद्योग–धन्धे ( )
2. भारतीय कृषि मुख्य रूप से निर्भर करती है ?
   (अ) कृषि मजदूर पर (ब) मानसून पर
   (स) जमीन के मालिक पर (द) उपर्युक्त सभी पर ( )
3. आसाम में नववर्ष में कौन सा त्यौहार मनाया जाता है ?
   (अ) बीहू (ब) बेसाखी
   (स) उगाडी (द) पोंगल ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. ग्रामीण जनसंख्या के लिए ..... जीविका का एक मात्र स्रोत है।
   कृषि/उद्योग
2. आसाम में नववर्ष में ..... त्यौहार मनाया।
   बीहू/पोंगल

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 कृषि संरचना शब्द का प्रयोग किस संदर्भ में किया जाता है ?
प्रश्न 2 रैयतवाड़ी व्यवस्था में रैयत का क्या अर्थ है ?
प्रश्न 3 गुजरात में बंधुआ मजदूर प्रथा को क्या कहते है?
प्रश्न 4 हरित क्रान्ति के प्रथम चरण को किन क्षेत्रों में लागू किया गया ?
प्रश्न 5 घुमक्कड़ मजदूर किसे कहते है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 6 हरित क्रान्ति से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 7 काश्तकार किसान किसे कहते है ?

प्रश्न 8 जमींदारी व्यवस्था के दो परिणाम लिखिए ।

प्रश्न 9 फसल काटते समय देश में कौन–कौन से त्यौहार मनाए जाते है और ये किसकी घोषणा करते है ?

प्रश्न 10 विश्व व्यापार संगठन का मुख्य उद्देश्य बताइये ।

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 11 बेगार या मुफ्त मजदूरी का अर्थ समझाइये।

प्रश्न 12 रैयतवाड़ी व्यवस्था को समझाइये।

प्रश्न 13 हरित क्रान्ति के दो सकरात्मक प्रभाव बताइये।

प्रश्न 14 पूँजीवादी उत्पादन व्यवस्था किस पर आधारित होती है?

प्रश्न 15 स्वतंत्रता के बाद ग्रामीण समाज में हुए किन्ही चार परिवर्तनों को लिखिए।

निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न 16 स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद प्रारम्भ किये गये प्रमुख भूमि सुधार क्या थे ?

अध्याय–12 औद्योगिक समाज में परिवर्तन और विकास

भारत में आधुनिक उद्योगों की शुरूआत रूई, जूट, कोयला, खानें एवं रेलवे इत्यादि उद्योगों से हुई। स्वतन्त्रता के पश्चात आर्थिकी में सुरक्षा परिवहन, एवं संचार ऊर्जा खनन एवं अन्य परियोजनाओं को शामिल किया गया। भारत में आर्थिक मिश्रित नीति को अपनाया गया। उदारीकरण से विनिवेश की प्रक्रिया शुरु हो गई है।भारत में अब सेवा क्षेत्र में अधिक लोग काम कर रहे है। मध्यम वर्ग की संख्या बढ़ रही है। घरो में किया जाने वाला काम आर्थिकी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ये कार्य मुख्य रुप से महिलाओं व बच्चो द्वारा किया जाता है। भारत में मजदूर संघ होते है। यह संघ हड़तालो के माध्यम से अपनी माँगों को मनवाने का प्रयास करते है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. भारत में कितने प्रतिशत मजदूर अनियमित है?
   (अ) 30 प्रतिशत (ब) 40 प्रतिशत
   (स) 50 प्रतिशत (द) 60 प्रतिशत ( )
2. विनिवेश से सरकारी कर्मचारियों को क्या भय है?
   (अ) ज्यादा कार्य करने का (ब) कार्य कम होने का
   (स) नौकरी खोने का (द) वेतन में कटौती होने का ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. सन् 1990 के दशक में सरकार ने ..... की नीति को अपनाया।
   उदारीकरण / पूँजी
2. भारत का सबसे पुराना उधोग ..... उधोग है
   कपड़ा / इलेक्ट्रॉनिक

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 द्वितीयक क्षेत्र में कौन से कार्य आते है ?
प्रश्न 2 विकसित और विकासशील देशों में सबसे बड़ा अन्तर क्या है ?
प्रश्न 3 कानपुर कपड़ा मिल में रोजगार दिलाने वाले को क्या कहा जाता है ?
प्रश्न 4 दक्षिण गुजरात में प्रवसन करने वाले मजदूर क्यों आते है ?

प्रश्न 5 किस नीति के कारण अब भारतीय दुकानों पर विदेशी वस्तुएँ आसानी से उपलब्ध हो जाती है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 6 कोयला की खानों में सुरक्षा के कोई दो उपाय लिखिए।
प्रश्न 7 हड़ताल और तालाबंदी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
प्रश्न 8 फिल्म उद्योग के उत्पादो का प्रचार कैसे होता है ?

प्रश्न 9 उदारीकरण से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 10 निजी उद्योगो के फलने–फूलने के लिए किन परियोजनाओं की आवश्यकता है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 11 संगठित क्षेत्र की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 12 समर्थन मूल्यों से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 13 वर्तमान औद्योगिक समाजों के प्रमुख लक्षण क्या है ?

प्रश्न 14 औपचारिक संगठन पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न 15 उदारीकरण ने रोजगार के प्रतिमानों को किस प्रकार प्रभावित किया है ?

अध्याय–13 भूमण्डलीकरण और सामाजिक परिवर्तन

भूमण्डलीकरण के द्वारा सरकार सार्वजनिक हित में विभिन्न नीतियाँ अपनाती है, जिसके कारण दुनिया के विभिन्न भागों में उत्पादित वस्तुएँ बाजारो में मिलने लगी है। भारत के लिए भूमण्डलीय अन्तः क्रियाएँ उपयोगी साबित हुई है। विश्व भर में चल रहे उदारता संघर्षो के लिए प्रतिबद्धता, विश्व के विभिन्न भागों में रहने वाले लोगो के साथ एकता दर्शाना इसी दृष्टिकोण का अभिन्न अंग है।पारराष्ट्रीय निगम ऐसी कम्पनियाँ होती है जो एक से अधिक देशो में अपने माल का उत्पादन करती है।भूमण्डलीकरण ने सूचना और प्रौधोगिकी में क्रांति ला दी है।भूमण्डलीकरण ने संस्कृति को भी प्रभावित किया है, जिसके कारण उपभोग संस्कृति व निगम संस्कृति का जन्म हुआ।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. भूमण्डलीकरण के आयाम कौन–कौन से है –
   (अ) आर्थिक (ब) राजनीतिक
   (स) सांस्कृतिक (द) उपर्युक्त सभी ( )
2. गुजरात में गोंद इकट्ठा करने वाली औरतों का धंधा चौपट होने का मुख्य कारण है ?
   (अ) गोंद का निर्यात (ब) सूडान से सस्ते गोंद का आयात
   (स) गोंद का अत्यधिक सस्ता होना (द) उपर्युक्त सभी ( )
3. भूमण्डलीकरण का प्रभाव व्यक्ति/समाज व देश पर होता है–
   (अ) कम (ब) व्यापक
   (स) बहुत कम (द) बहुत व्यापक ( )
4. भूमण्डलीकरण प्रभावित करता है–
   (अ) सबको (ब) कुछ लोगों को
   (स) केवल व्यापारियों को (द) केवल उधोगपतियों को ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. गुजरात में ..... के पेड़ो से गोंद इक्ट्ठा किया।
   बावल/नीम
2. नाइके कम्पनी ..... का उत्पादन करती है।
   जूते/चूडियाँ

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 भूमण्डलीकरण का अर्थ समझाइये।
प्रश्न 2 भारत की वित्तीय राजधानी किसे कहते है ?
प्रश्न 3 संस्कृति के दो रुप लिखिए।
प्रश्न 4 गुजरात में गोंद किस पेड़ से इकट्ठा किया जाता है ?
प्रश्न 5 सबसे गरीब लोग कहाँ रहते है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 6 वित के भूमण्डलीकरण से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 7 आर्थिक सुधार किसे कहते है ?

प्रश्न 8 पारराष्ट्रीय निगम कम्पनियाँ क्या है ?

प्रश्न 9 घरों या कार्यालयों में बाहरी दुनिया के साथ सम्बन्ध बनाये रखने के कौन–कौन से साधन है ?

प्रश्न 10 समाजशास्त्र भूमण्डलीकरण के किन परिणामों का अध्ययन करता है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 11 भूमण्डलीकरण ने किस प्रकार राजनीति को प्रभावित किया है ?

प्रश्न 12 अन्तः सरकारी संगठन क्या है ?

प्रश्न 13 थिन एयर बिजनेस (विरलवात) से आप क्या समझते है?

प्रश्न 14 भूमण्डलीकरण रोजगार पर असमान प्रभाव कैसे डालता है ?

प्रश्न 15 भारत ने उदारीकरण से पूर्व किस प्रकार की आर्थिक नीति अपना रखी थीं और क्यों ?

निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न 16 एक भूमण्डलीकृत अर्थव्यवस्था के विशिष्ट लक्षण क्या है ? लिखिए।

अध्याय–14 जनसम्पर्क साधन और जनसंचार

जनसम्पर्क के साधन अनेक प्रकार के होते है जैसे–टेलीविज़न, समाचार–पत्र, फिल्में, पत्रिकाएँ, रेडियो, विज्ञापन, विडियो, खेल और सीडी आदि। ये एक साथ बहुत बड़ी संख्या में दर्शको, श्रोताओ एवं पाठको तक पहुँचते है। इसलिए इन्हें मास मीडिया कहा जाता है। मास मीडिया हमारे दैनिक जीवन का एक अंग है।औधोगिक क्रांति के साथ ही मुद्रण उद्योग का विकास हुआ। 1920 में रेडियों का प्रसारण शुरू हुआ था। आकाशवाणी के कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाचार, सामाजिक विषय और विकास पर चर्चाएँहोती थी। स्वतन्त्रता के बाद प्रिंट मीडिया ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत में कितने रेडियो स्टेशन थे –
   (अ) छः (ब) सात
   (स) आठ (द) नौ ( )
2. निम्न में से कौन सा तमिल समाचार – पत्र है ?
   (अ) दिनतंती (ब) मलयाली मनोरमा
   (स) ईनाडु (द) हिन्दुस्तान ( )
3. प्रारम्भ में छपाई का काम किस तरह की पुस्तक तक सीमित था –(अ) सामाजिक (ब) राजनीतिक
   (स) धार्मिक (द) आर्थिक ( )
4. केसरी समाचार पत्र किस भाषा से सम्बन्धित था –
   (अ) मराठी (ब) तमिल
   (स) गुजराती (द) बंगाली ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. मिशत–उल–अखबार नामक समाचार पत्र .....भाषा में प्रकाशित होता था। रोमन / फारसी

2. पुस्तक छापने का सर्वप्रथम कार्य ..... में शुरू हुआ। चीन / यूरोप

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 भारत में रेडियों का प्रसारण कब शुरू हुआ ?
प्रश्न 2 प्रिंट मीडिया के अन्तर्गत क्या आते है ?
प्रश्न 3 भारत में गैर–सरकारी उपग्रह चैनल का आगमन कब हुआ ?
प्रश्न 4 औद्योगिक क्रान्ति के साथ किस उद्योग का विकास हुआ ?
प्रश्न 5 किसी एक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का उदाहरण दीजिए।
प्रश्न 6 राजा राममोहनराय द्वारा बंगला भाषा में कौन सा समाचार पत्र प्रकाशित किया गया ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 7 जनसम्पर्क के साधन कौन–कौन से है ?

प्रश्न 8 भारत में टी.वी. प्रसारण के तेजी से वाणिज्यकरण का क्या कारण है ?

प्रश्न 9 सोप ओपेरा किसे कहते है ?

प्रश्न 10 राष्ट्रीय प्रेस को कैसी सूचनाएँ देने का साहस करना चाहिए ?

प्रश्न 11 पिछले तीन दशको में मीडिया उद्योग में कौन से रूपान्तरण हुए ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 12 इलेक्ट्रॉनिक अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते है ?

प्रश्न 13 प्रिंट मीडिया की कठिनाई क्या है ?

प्रश्न 14 'जनसंचार माध्यम (मास मीडिया) हमारे दैनिक जीवन का एक अंग है।' उपर्युक्त उदाहरण सहित टिप्पणी कीजिए ।

प्रश्न 15 मोबाइल फोन विविध प्रकार के सामाजिक समूहो की आवश्यकता को कैसे पूरा करते है ?

निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न 16 जनसंचार किसे कहते है ? इसके प्रमुख माध्यम कौन से है ?

अध्याय–15 सामाजिक आन्दोलन

सामाजिक आन्दोलन ने उस विश्व को एक आकार दिया है, जिसमें हम रहते है और सामाजिक आन्दोलनों ने हमें बहुत से अधिकार दिलाये है। जैसे सप्ताहांत में एक दिन के विश्राम का अधिकार, कार्यदिवस का आठ घण्टे का होना, समान कार्य के लिए समान मजदूरी, मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा और पेंशन के अधिकार, वयस्क मताधिकार आदि। सामाजिक आन्दोलन न केवल समाजों को बदलते है बल्कि अन्य सामाजिक आन्दोलनों को प्रेरणा भी देते हैं। सामाजिक आन्दोलनो के कई रूप होते है, लेकिन उनका उद्देश्य सिर्फ न्याय की माँग होता है। सुधारवादी आन्दोलन क्रान्तिकारी, प्रतिदानात्मक आदि आन्दोलनों ने समाज की दिशा एवं दशा दोनों को बदला है एवं समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1 20वीं सदी के अधिकांश भाग में सामाजिक आन्दोलन निम्न में से किस पर आधारित थे ?
(अ) जाति (ब) वर्ग
(स) धर्म (द) व्यवसाय ( )

2 पुराने सामाजिक आन्दोलनों में किसकी केन्द्रीय भूमिका होती थी ?
(अ) सामाजिक दल (ब) धार्मिक नेता
(स) जातिय नेता (द) अन्य ( )

3 निम्न में से सामाजिक आन्दोलन के विरोध का साधन कौनसा है ?
(अ) मोमबती जलाना (ब) काले कपड़े का प्रयोग
(स) नुक्कड़ नाटक (द) उपर्युक्त सभी ( )

4 सूचना के अधिकार का अभियान किस सामाजिक आन्दोलन का उदाहरण है ?
(अ) प्रतिदानात्मक (ब) सुधारवादी
(स) क्रांतिकारी (द) अन्य ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. ..... आन्दोलन हिमालय की तलहटी पारिस्थितिकीय आन्दोलन है। चिपको / खेजड़ली

2. 1859–62 का विद्रोह ..... की खेती के विरूद्ध था। नील / गेहूँ

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 1859–62 के किसान आन्दोलन का मुख्य कारण क्या था ?
प्रश्न 2 बरदोली सत्याग्रह अभियान किस जिले में शुरु हुआ ?
प्रश्न 3 सामाजिक आन्दोलन समाज में क्या भूमिका निभाते है ?

प्रश्न 4 नक्सली आन्दोलन किस क्षेत्र में शुरु हुआ ?
प्रश्न 5 प्रति आन्दोलन का एक उदाहरण दीजिए।
प्रश्न 6 झारखण्ड के लिए सामाजिक आन्दोलन के आदिवासी नेता का नाम क्या था ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)

प्रश्न 7 सामाजिक परिवर्तन और सामाजिक आन्दोलन में अन्तर बताइये।
प्रश्न 8 कृषक आन्दोलन का मुख्य उद्देश्य क्या था ?
प्रश्न 9 महिला आन्दोलन के क्या कारण थे ?
प्रश्न 10 सामाजिक आन्दोलन क्या है ?
प्रश्न 11 गांधीजी ने स्वतंत्रता आन्दोलन में किन साधनों को अपनाया था ?
प्रश्न 12 प्रतिदानात्मक सामाजिक आन्दोलन का लक्ष्य क्या होता है ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)

प्रश्न 13 चिपको आन्दोलन के बारे में आप क्या जानते है ?
प्रश्न 14 सामाजिक आन्दोलन की तीन विशेषताएँ
प्रश्न 15 दलितो के सामाजिक आन्दोलन के क्या कारण है ?
प्रश्न 16 सामाजिक आन्दोलन के प्रकारों का वर्णन कीजिए।
प्रश्न 17 नव सामाजिक आन्दोलन से आप क्या समझते है ?

निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न 18 चिपको आन्दोलन क्या है? पर्यावरण के विकास में यह किस प्रकार सहायक है? स्पष्ट कीजिए।